


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 150 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद शु.2 2082 सोमवार, 25 अगस्त-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये

## जर्मनी से 70 हजार करोड़ में 6 पनडुब्बियां खरीदेगा भारत

नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसियां)। भारत सरकार वायुसेना और नौसेना की ताकत बढ़ाने के लिए दो बड़ी डील करने के लिए तैयार हो गई है। पहली डील रक्षा मंत्रालय और मझगांव डॉकयार्ड्स लिमिटेड (एमडीएल) जर्मनी से 6 सबमरीन खरीदने वाली है। सरकार ने 'प्रोजेक्ट 75 इंडिया' के तहत भारत में बनने वाली इन पनडुब्बियों की खरीद को लेकर बातचीत शुरू करने की मंजूरी दे दी है। यह डील 70 हजार करोड़ में हो सकती है।

वहीं, भारत सरकार इजराइली रैम्पेज एयर-टू-ग्राउंड मिसाइलों की बड़ी खेप खरीदने वाली है। सूत्रों के अनुसार, यह ऑर्डर जल्द ही फास्ट-ट्रैक प्रक्रिया के तहत दिया जाएगा।

# भारत में एक बूंद खून बहाए बिना सत्ता परिवर्तन होता रहा है : गृहमंत्री

## अमित शाह ने स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया

नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसियां)। गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को दिल्ली विधानसभा में ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। यह कॉन्फ्रेंस दो दिन चलेगी। इसमें 29 राज्यों की विधानसभाओं के स्पीकर और छह राज्यों की विधान परिषदों के सभापति और उपसभापति शामिल हुए हैं।

कॉन्फ्रेंस में अलावा राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार और कई केंद्रीय कैबिनेट मंत्री भी शामिल होंगे। दिल्ली विधानसभा स्पीकर विजेंदर गुप्ता ने बताया कि 24 अगस्त, 1925 को विट्ठलभाई पटेल सेंट्रल असेंबली के पहले भारतीय स्पीकर चुने गए थे। इसके 100 साल पूरे होने पर यह कॉन्फ्रेंस हो रही है।

अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा- जब हमारा देश आजाद हुआ तो चर्चा होती थी। लोग मखौल उड़ाते थे कि देश कैसे चलाएंगे। मगर आज मैं गौरव के साथ इस ऐतिहासिक सदन में कह रहा हूं कि हमने 80 साल में लोकतंत्र की नींव को पाताल से गहरा डालने का काम किया है। और हमने सिद्ध किया है कि भारतीय जनता की रग-रग में, भारतीय जनता के स्वभाव में लोकतंत्र है। क्योंकि, कई देश हमने देखें हैं, जिनकी शुरूआत तो लोकतांत्रिक तरीके से हुई। मगर एक दशक, दो दशक, तीन दशक,



चार दशक होते होते लोकतंत्र की जगह अलग-अलग प्रकार का काम होने लगा।

कई सारे देशों में परिवर्तन के लिए खून बहा, युद्ध और विद्रोह हुए। खून बहा। लेकिन भारत एकमात्र ऐसा देश हैं, जहां आजादी के 80 साल बाद भी संवैधानिक तरीके और बिना खून की एक बूंद बहाए बिना सत्ता परिवर्तन होते रहे हैं।

**जब भी सभाओं ने अपनी गरिमा खोई, बुरे परिणाम भुगतने पड़े :**

अपने राजनीतक हितों के लिए संसद में वाद-विवाद न होने देना गलत है। पूरे-पूरे दिन सत्र को न चलने देने पर हमें विचार करना होगा। जब-जब भी सभाओं ने अपनी गरिमा खोई है तो बहुत बुरे परिणाम हमें भुगतने पड़ें हैं। इस मौके पर मैं आपको महाभारत की हस्तिनापुर की सभा का उदाहरण देना चाहता हूं। जब सभा में स्त्री का सम्मान नहीं हुआ, तब ही महाभारत हुई थी।

सभाओं की गरिमा देश के हित में जनता की आवाज बनने का माध्यम होना चाहिए। इसलिए सभापति को हमारे यहां इंस्टीट्यूशन का स्टेटस दिया गया है। सभापति अपने आपमें एक संस्था होता है। सभापति चुनकर तो आते हैं एक राजनीतिक दल से। वे आते तो हैं एक राजनीतिक विचारधारा से संबंध होकर। लेकिन सभापति की शपथ लेते ही उनको अंपायर के नाते काम करना होता है। इसलिए सबसे कठिन भूमिका पूरी असेंबली में किसी को होती है तो वो सभापति की होती है।

मैं आज गौरव के साथ कह सकता हूं भारतीय आजादी के इस 80 साल में और हमारे संविधान के 75 साल में हमारे देश भर की असेंबलीज, विधानसभाएं और लोकसभा में हमेशा सभापतियों ने विधानसभा और लोकसभा में भारत के गौरव को आगे बढ़ाने का काम किया है। और हमारे लोकतंत्र को हमने मजबूत किया है।

**दिल्ली विधानसभा में कॉन्फ्रेंस होने की खास वजह :**

इस मौके पर भारत के पहले चुने गए स्पीकर विट्ठलभाई पटेल की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में डाक टिकट भी जारी किया। कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन लोकसभा स्पीकर ओम बिरला कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे। ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस दिल्ली विधानसभा में आयोजित किए जाने की भी एक खास वजह है। जिस सफेद इमारत में दिल्ली की मौजूद विधानसभा है, अंग्रेजी शासन के दौरान वह सेंट्रल असेंबली हुआ करती थी।

इसी जगह भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने 8 अप्रैल, 1929 को दो बम फेंके थे। इस घटना का मकसद किसी को मारना या नुकसान पहुंचाना नहीं था। बम में विस्फोटक के साथ धुआं पैदा करने वाले पदार्थ ही थे। इसका मकसद ब्रिटिश सरकार तक अपनी बात पहुंचाना था। यही वजह थी कि बम फेंकने के बाद दोनों क्रांतिकारियों वहां से भागे नहीं बल्कि इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाते हुए गिरफ्तारी दी थी।

बम कांड में दोषी पाए जाने पर दोनों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी।

## गगनयान मिशन की तैयारी- क्रू मॉड्यूल का एयर ड्रॉप टेस्ट

नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसियां)। इसरो ने रविवार को श्रीहरिकोटा में गगनयान मिशन के लिए पहला पैराशूट की मदद से एयर ड्रॉप टेस्ट (आईएडीटी-01) किया। इस दौरान भारतीय वायुसेना के चिनूक हेलिकॉप्टर के जरिए 4 किमी की ऊंचाई से क्रू मॉड्यूल ड्रॉप किया गया।

इस टेस्ट का मकसद गगनयान मिशन से पहले पैराशूट की विश्वसनीयता जांचना था। इस परीक्षण से यह जानना था कि अंतरिक्ष से क्रू मॉड्यूल को लाने वाले पैराशूट समय पर खुल रहे हैं या नहीं, सेफ लैंडिंग होती है या नहीं। एयर ड्रॉप टेस्ट इसरो, भारतीय वायुसेना, डीआरडीओ, भारतीय नौसेना और इंडियन कोस्ट गार्ड का जॉइंट ऑपरेशन था।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को इंडियन एयरफोर्स स्पेस कॉन्फ्रेंस में भाग लिया। उन्होंने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनके अन्य सहयोगियों, ग्रुप कैप्टन पी वी नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन और ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप को सम्मानित किया।

# भाजपा का पार्टनर बन चुका है चुनाव आयोग

## बिहार में वोट चोरी नहीं होने देंगे : राहुल गांधी



अररिया, 24 अगस्त (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इन दिनों बिहार में अपनी वोटर अधिकार यात्रा में हैं। इस क्रम में उन्होंने रविवार को दावा करते हुए कहा कि वे किसी हाल में बिहार में वोटों की चोरी नहीं होने देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा की पार्टनर बन चुका है।

अररिया में आज इंडिया गठबंधन की संयुक्त प्रेस वार्ता में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कहा कि इस यात्रा की सफलता यह साबित करती है कि बिहार के करोड़ों लोग वोट चोरी की बात को सच मान रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इस यात्रा में लोग खुद जुड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का काम सही वोटर लिस्ट देने का होता है, लेकिन हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक में उन्होंने ऐसा नहीं किया। चुनाव आयोग का व्यवहार बिहार में भी वोट की चोरी करने का है।

उन्होंने कहा कि बिहार में वे वोट चोरी नहीं होने देंगे। चुनाव आयोग खुद अपनी छवि खराब कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कर्नाटक के एक विधानसभा में वोटर को लेकर उन्होंने डाटा रखा था, लेकिन चुनाव आयोग ने हमसे ही एफिडेविट की मांग कर दी, जबकि करीब वही बात भाजपा के अनुराग ठाकुर ने रखी, लेकिन उनसे एफिडेविट की मांग नहीं की गई। उन्होंने कहा कि मीडिया को भी मालूम है कि चुनाव आयोग किसके साथ खड़ा है।

उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा 17 अगस्त को बिहार के सासाराम से शुरू हुई है। इस यात्रा में इंडिया ब्लॉक में शामिल राजद के नेता तेजस्वी यादव सहित घटक दलों के सभी नेता भी शामिल हैं। 16 दिन की यह यात्रा लगभग 20 जिलों से होकर गुजरेगी और 1,300 किलोमीटर का सफर पूरा करेगी। एक सितंबर को पटना में बड़ी रैली के साथ यात्रा का समापन होगा।

# यूरोपीय देशों ने अमेरिका के लिए डाकसेवा रोकी

**भारत के बाद ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, इटली ने सर्विस सस्पेंड की, ट्रम्प का टैरिफ वजह बना**

नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के बाद कई यूरोपीय देशों ने भी अमेरिका के लिए डाक सेवाएं सस्पेंड कर दी हैं। इनमें भारत, इटली, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, ऑस्ट्रिया समेत कई देश शामिल हैं। सर्विस सस्पेंड होने की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नए टैरिफ नियम हैं।

दरअसल, ट्रम्प प्रशासन ने इसी साल 30 जुलाई को आदेश जारी किया था, जिसमें 800 डॉलर (70 हजार रुपये) तक के सामान पर मिलने वाली टैरिफ छूट को खत्म कर दिया गया है। यह छूट 29 अगस्त से खत्म हो जाएगी। यूरोपियन डाक संगठन पोस्ट यूरोप और दूसरे डाक विभागों के मुताबिक नए नियमों पर अब तक साफ जानकारी नहीं दी गई है। इसलिए फिलहाल डाक से सामान भेजने की सेवाएं रोकी जा रही हैं।

भारत के संचार मंत्रालय के मुताबिक अमेरिका की टैरिफ लागू करने और वसूलने की प्रक्रिया साफ नहीं है। इसलिए भारत में अमेरिका के लिए डाक सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित रहेगी। भारतीय डाक विभाग 25 अगस्त से अमेरिका के लिए ज्यादातर डाक सामानों की बुकिंग सस्पेंड कर देगा। फिलहाल ये फैसला अस्थायी रूप से लागू होगा। 23 अगस्त को डाक विभाग ने एक प्रेस नोट जारी करके इसकी जानकारी दी थी।

वहीं जर्मनी की डॉयचे पोस्ट ने कहा कि है निजी और व्यवसायी ग्राहकों के लिए पार्सल भेजने पर अस्थायी रोक लगाई गई है। इटली के पोस्ट ने 23 अगस्त से इस सेवा पर रोक लगा दी है। हालांकि यहां से सामान्य पत्र भेजे जा सकते हैं। दूसरी तरफ ब्रिटेन की रॉयल मेल सर्विस ने अमेरिका भेजे जाने वाले सभी पैकेज रोक दिए हैं।

# मल्लिकार्जुन खड़गे का केंद्र सरकार पर हमला

## वोट चोरी के बाद सत्ता चोरी में जुटी भाजपा

नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को पीएम, सीएम और मंत्रियों को हटाने वाले विधेयक को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट चोरी के बाद भाजपा अब सत्ता चोरी में लगी हुई है। भाजपा 30 दिनों के भीतर विपक्षी सरकारों को गिराने और गिरफ्तारी को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर लोकतंत्र को अस्थिर करने के लिए विधेयक ला रही है।

इंदिरा भवन में हरियाणा और मध्य प्रदेश के जिला कांग्रेस समितियों के जिलाध्यक्षों की बैठक में खरगे ने दावा किया कि ये विधेयक नागरिकों से उनकी चुनी हुई सरकार बनाने या हटाने का अधिकार छीन लेते हैं और यह शक्ति ईडी-सीबीआई जैसी संस्थाओं को दे देते हैं। यह लोकतंत्र पर बुलडोजर चलाने जैसा है।

खरगे ने जिला कांग्रेस प्रमुखों को बूथ और मंडल समितियों के गठन में विशेष सावधानी बरतने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इन समितियों के लोग पार्टी के प्रति वफादार हों और कांग्रेस की विचारधारा से विचलित न हों।



जिला अध्यक्ष अपने अधीन ब्लॉक समिति बनाता है। वह मंडल और बूथ समितियां बनाता है। जब आप ये समितियां बनाते हैं, तो इस बात का विशेष ध्यान रखें कि ये सभी लोग पार्टी के प्रति वफादार और मेहनती हों। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे कांग्रेस की विचारधारा से विमुख न हों।

उन्होंने कहा कि हमें ऐसे लोगों की जरूरत है कि अगर कोई उन्हें प्रलोभन भी दे तो भी उनकी निष्ठा कांग्रेस के प्रति बनी रहनी चाहिए। कांग्रेस ने अपने मजबूत संगठन के कारण लंबे समय तक देश पर शासन किया और मंत्रियों के लिए यह जरूरी है कि वे जब भी किसी जिले में जाएं तो सबसे पहले जिला अध्यक्ष से संपर्क करें।

उन्होंने हरियाणा और मध्य प्रदेश के जिलाध्यक्षों से कहा कि वे कांग्रेस संगठन की सबसे मजबूत कड़ी हैं। अगर राज्य में सरकार बनानी है तो विधानसभा में उम्मीदवार को जिताने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अगर देश में सरकार बनानी है तो लोकसभा जीतने के लिए आपके समर्थन की जरूरत है। बीच में इस परंपरा में थोड़ा बदलाव आया। मंत्री अपने पसंदीदा लोगों को जिला अध्यक्ष बनाने लगे। योग्यता और विचारधारा को नजरअंदाज किया जाने लगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और मुझे यह अहसास हुआ कि संगठन को मजबूत किए बिना, जिला अध्यक्षों को महत्व दिए बिना हम मजबूती से सत्ता में वापसी नहीं कर सकते।

# 'पैसों के लिए खड़ा किया विवाद'

## धर्मस्थल केस में आया नया मोड़, शिकायतकर्ता की पूर्व पत्नी ने किया बड़ा दावा

बेंगलुरू, 24 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक में धर्मस्थल में कई शवों को दफनाने के मामले में एक नया मोड़ आ गया है. राज्य सरकार की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने इस मामले के शिकायतकर्ता को ही गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता सीएन चिन्नेया ने दावा किया था कि उस पर दवाब डालकर धर्मस्थल में कई लाशों को दफनाने के लिए कहा गया। अब शिकायतकर्ता की तलाकशुदा पत्नी उस पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चिन्नेया आदतन झूठ बोलते हैं और उन्होंने कुछ पैसों के लोभ में ये कहानी झूठी कहानी गढ़ी है।

**पैसों के लिए खड़ा किया विवाद**

नागमंगला में नागरिक कार्यकर्ता के रूप में काम करने वाली रत्नम्मा ने बताया कि उनकी शादी 1999 में चिन्नेया से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं और 2006 में उनका तलाक हो गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि चिन्नेया अक्सर उनके साथ मारपीट करता था। उन्होंने बताया कि तलाक की कार्यवाही के दौरान भी चिन्नेया ने कोर्ट में झूठ बोला था कि वह बेरोजगार है ताकि गुजारा भत्ता देने से बच सके।

उन्होंने कहा, मुझे कभी न्याय नहीं मिला। मेरी मां ने ही मेरा पालन-पोषण किया और बाद में मेरे बच्चों ने भी मेरा साथ दिया। रत्नम्मा के अनुसार चिन्नेया ने कभी भी बलात्कार, हत्या की किसी घटना या सामूहिक रूप से दफनाने के बारे कोई बात नहीं की थी। उन्होंने दावा किया कि चिन्नेया ने विवाद पैदा करने के उद्देश्य से ऐसा किया है ताकि वह इससे कुछ पैसे कमा सके।

**पैसों के लिए कुछ भी करने को तैयार था चिन्नेया**

चिन्नेया के बचपन के साथी ने बताया कि साल 1994 में पिता की मृत्यु के बाद चिन्नेया के बड़े भाई उसे धर्मस्थल ले गए और वे वहीं बस गए थे। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने वहां सफाईकर्मी के रूप में काम करना शुरू कर दिया। 2014 में वह एक महिला के साथ वहां से वापस लौट आया। उसके गांव वालों के अनुसार धर्मस्थल में रहते हुए उसने तीन शादियां की थी, लेकिन कोई भी शादी टिक नहीं पाई। बालू नाम के एक और ग्रामीण ने आरोप लगाया कि चिन्नेया पैसों के लिए कुछ भी करने को तैयार था।

# आंध्र प्रदेश की दंपति की फांसी की सजा बदली

## अब 40 साल तक बिना किसी राहत के काटनी पड़ेगी उम्रकैद

कोलकाता, 24 अगस्त (एजेंसियां)। कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक सनसनीखेज मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। आंध्र प्रदेश के रहने वाले एक दंपति को (जिन पर एक साल के मासूम बच्चे की हत्या का दोष साबित हुआ था) मिली फांसी की सजा को घटाकर उम्रकैद कर दिया गया है। अदालत ने साफ कहा कि यह मामला सबसे दुर्लभ मामलों में से दुर्लभ की श्रेणी में नहीं आता, इसलिए मृत्युदंड की बजाय आजीवन कारावास उपयुक्त होगा।

**कोलकाता हाईकोर्ट ने क्या कहा :**

हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच (न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बार रशीदी) ने कहा कि दोनों अभियुक्तों, शेख हसीना सुल्ताना और शेख वन्नूर शा, की उम्र और परिस्थितियों को देखते हुए उन्हें सुधरने का मौका दिया जा सकता है। अदालत ने आदेश दिया कि उनकी उम्रकैद का मतलब होगा कम से कम 40 साल की जेल, जिसमें किसी तरह की छूट या रियायत नहीं मिलेगी। कोर्ट ने यह भी माना कि मौत की सजा केवल उन्हीं मामलों में दी जानी चाहिए जहां सुधार की संभावना बिल्कुल खत्म हो गई हो।

**क्या है पूरा मामला?**

मामला जनवरी 2016 का है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, दंपति ने हैदराबाद में अपने किराए के मकान पर एक साल के बच्चे की हत्या कर दी। इसके बाद शव को बैग में पैक करके हावड़ा जाने वाली फलकनुमा एक्सप्रेस ट्रेन में छोड़ दिया गया। 24 जनवरी 2016 को जब ट्रेन हावड़ा स्टेशन पहुंची तो बैग से दुर्गंध आने पर जांच हुई और बच्चे का शव बरामद हुआ। इसके बाद हत्या का केस दर्ज हुआ और जांच शुरू हुई।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी :

जानकारी के मुताबिक हसीना सुल्ताना अपने पहले रिश्ते से हुए बच्चे के साथ लापता हो गई थी, जिसके बाद आंध्र प्रदेश पुलिस ने मामले में लुकआउट नोटिस जारी किया।

इसके बाद में हसीना को उसकी मां के घर से गिरफ्तार किया गया। इस दौरान पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह वन्नूर शा के साथ रह रही थी और बच्चे के रोने-चिल्लाने से मकान मालिक परेशान हो जाता था। इसलिए वे अक्सर बच्चे को मारते-पीटते थे। एक दिन बच्चे को बुखार था, मारपीट और दवा देने के बाद उसकी मौत हो गई। जिसके बाद उन लोगों ने बच्चे के शव को ट्रेन में फेंक दिया।

निचली अदालत का फैसला :

हावड़ा की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 27 फरवरी 2024 को दोनों अभियुक्तों को धारा 302 (हत्या), धारा 201 (सबूत मिटाना) और धारा 34 (साझा मंशा) के तहत दोषी करार दिया था। उस समय अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी।

कलकत्ता हाईकोर्ट का विचार :

मामले में हाईकोर्ट ने कहा कि हावड़ा अदालत के पास क्षेत्राधिकार था, क्योंकि अपराध का सबूत (शव) वहीं से बरामद हुआ। कोर्ट ने दोषसिद्धि को बरकरार रखा लेकिन सजा को फांसी से बदलकर उम्रकैद कर दिया। दोनों पर पहले कोई भी अपराधिक केस नहीं था और उनकी उम्र भी अपेक्षाकृत कम है।

## आर्द्रभूमि को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**राज्यों को दो महीने के भीतर सीमा तय करने का दिया आदेश**

नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों में आर्द्रभूमियों की सीमा तय करने और उसकी जमीनी हकीकत की प्रक्रिया पर गंभीर नाराजगी जताई है। अदालत ने साफ कहा कि राज्य आर्द्रभूमियों प्राधिकरण कछुए की चाल से काम कर रहे हैं। इसलिए सभी राज्यों को आदेश दिया गया है कि दो महीने के भीतर सभी आर्द्रभूमियों की सीमा चिन्हित कर इसे सार्वजनिक करें। अदालत ने यह भी कहा कि यदि निर्देश का पालन नहीं हुआ तो संबंधित राज्यों के पर्यावरण विभाग के सचिवों को व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होना होगा।

न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने कहा कि अब तक राज्यों द्वारा की गई कवायद बेहद निराशाजनक रही है। कोर्ट ने कहा कि पहले भी दिशा-निर्देश दिए गए थे, लेकिन नतीजे सकारात्मक नहीं निकले। अदालत ने साफ चेतावनी दी कि अगर राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण ने इस आदेश को गंभीरता से नहीं लिया तो कोर्ट मजबूरन कठोर आदेश पारित करेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चूंकि आर्द्रभूमि की पहचान की जा चुकी है, इसलिए अब राज्यों की जिम्मेदारी है कि वे इन्हें अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करें। अदालत ने आदेश दिया कि यह काम तुरंत पूरा किया जाए और अनुपालन का शपथपत्र दायर किया जाए। साथ ही यह भी कहा गया कि अगली सुनवाई से पहले यह प्रक्रिया पूरी हो जानी चाहिए। कोर्ट ने 19 अगस्त को दिए अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार को भी राज्यों के आर्द्रभूमि प्राधिकरणों के साथ समन्वय स्थापित करना होगा और लंबित अधिसूचनाओं को जल्द जारी करना होगा।

# अनीश दयाल सिंह बने डिप्टी एनएसए

नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसियां)। सरकार ने रिटायर्ड आईपीएस अनीश दयाल सिंह को डिप्टी एनएसए नियुक्त किया है। अनीश दयाल सिंह मणिपुर कैडर के 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से इसकी जानकारी दी गई। केंद्र सरकार ने उन्हें पिछले साल राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के महानिदेशक पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा था। अनीश दयाल सिंह सीआरपीएफ के डीजी रह चुके हैं। इससे पहले वह आईटीबीपी के भी महानिदेशक पर भी रह चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक (अतिरिक्त प्रभार) के रूप में कार्य किया है। सिंह दिसंबर 2024 में



रिटायर्ड हुए थे।

**क्या होगी नई जिम्मेदारी :**

उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की नई भूमिका संभालने के बाद, सिंह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीतियों के निर्माण, कार्यान्वयन और सुधार में एनएसए अजीत डोभाल की सहायता करेंगे। इसमें आतंकवाद, डेटा उल्लंघन और चोरी, साइबर खतरों, संबंधित एजेंसियों की तत्परता और सुरक्षा मुद्दों और मामलों से निपटने वाले प्रमुख संगठनों के बीच सहयोग से उत्पन्न खतरों का आकलन करना शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार सिंह के पास जम्मू-कश्मीर, नक्सलवाद, पूर्वोत्तर में उग्रवाद समेत देश के आंतरिक मामलों की जिम्मेदारी होगी।

**यूपी के प्रयागराज के रहने वाले हैं सिंह :**

सिंह का जन्म 1964 में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुआ था। 1988 में भारतीय पुलिस सेवा में चयनित होने के बाद, उन्होंने हैदराबाद स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में पुलिस अधिकारी के रूप में ट्रेनिंग पूरी की थी। उनके भाई सौमित्र दयाल सिंह इलाहाबाद हाई कोर्ट में जज रहे हैं। सिंह ने अपने करियर में पहले भी कई महत्वपूर्ण पद संभाल चुके हैं।

# भारतीय एयर डिफेंस वेपन सिस्टम का पहला टेस्ट सफल

## यह सुदर्शन चक्र मिशन का एक हिस्सा, ड्रोन अटैक के खिलाफ रक्षा कवच बनेगा




चांदीपुर, 24 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय रक्षा अनुसंधान संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा के तट पर इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम (आईएडीडब्ल्यूएस) का पहला टेस्ट किया है। यह एक मल्टीलेयर एयर डिफेंस सिस्टम है, जिसमें सभी स्वदेशी क्विक एक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल (क्यूआरएसएएम), एडवांस्ड वैरी शॉर्ट एयर डिफेंस सिस्टम मिसाइलें (वीएसहोराड्स) और हाई पावर लेजर बेस्ड डायरेक्टेड एनर्जी वेपन (डीईडब्ल्यू) शामिल हैं।

यह परीक्षण शनिवार (23 अगस्त) को किया गया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा- इस परीक्षण ने हमारे देश की मल्टी लेयर एयर डिफेंस कैपेबिलिटी बढ़ाई है। यह सिस्टम दुश्मन के हवाई खतरों के खिलाफ रीजनल डिफेंस को मजबूती देगा।

आईएडीडब्ल्यूएस सुदर्शन चक्र मिशन का एक हिस्सा माना जा रहा है। यह स्वॉर्म (एकसाथ छोड़े गए कई ड्रोन्स) ड्रोन अटैक के खिलाफ रक्षा कवच बनेगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से दिए अपने भाषण में सुदर्शन चक्र मिशन की घोषणा की थी।

परीक्षण के दौरान इस सिस्टम ने 2 हाई स्पीड फिक्स विंग अनमैन्ड ड्रोन, मल्टी कॉप्टर ड्रोन समेत तीन अलग-अलग टारगेट पर अटैक किया। ये तीनों टारगेट अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर थे। आईएडीडब्ल्यूएस ने इन तीनों को एक साथ निशाना बनाकर पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया।



|| श्री गणेशाय नमः || || श्री रामदेवाय नमः || || श्री राणी सती दादी प्रसन्नः ||
श्री रामदेव कीर्तन संगम मंदिर ट्रस्ट
श्री रामदेवरा दरबार मंदिर शिवरामपल्ली, हैदराबाद
Endowment Department, Govt. of Telangana - A. RAMA DEVI (Executive Officer)
भादवा सुदी दूज-श्री रामदेव बाबा अवतार दिवस के उपलक्ष्य में
आज सोमवार दि.25 अगस्त 2025
श्री रामदेव बाबा अवतारोत्सव
अलौकिक दरबार
लंगर प्रसाद
छप्पन भोग
पूर्ण दिवस एवं पूर्ण रात्रि दर्शन
श्रृंगारिक आरती
प्रातः 5:00 बजे
लंगर प्रसाद
प्रातः 5 से रात्रि 3 बजे तक
बाबा का श्रृंगार
सायं 4 से 5 बजे
मोली एवं फलों से अनुपम श्रृंगार
ध्वजा लेकर पैदल मंदिर पधारे सभी भक्तों का स्वागत
अवतारोत्सव
रात्रि ठीक 12 बजे
विशेष ज्योति, जगमग रोशनी एवं आतीशबाजी के साथ झूले में
सभी भक्तगण सपरिवार सादर आमंत्रित है।
श्री ए. रेवंत रेड्डी मुख्यमंत्री तेलंगाना
मुख्य अतिथिगण
श्रीमती कोंडा सुरेखा वन, पर्यावरण एवं धर्मस्व मंत्री
श्री वकिटी श्रीहरि पशुपाल, डेयरी विकास, मत्स्य पालन, खेल एवं युवा सेवाएँ मंत्री
श्री टी. प्रकाश गौड़ विधायक, राजेन्द्रनगर
अतिथि
श्रीमती अर्चना जयप्रकाश पार्षद, राजेन्द्रनगर डिवीजन
विशेष अतिथि
श्री नरेन्द्र कुमार गोयल
श्री राजेश गोयल
श्री मीठालाल बाफणा
सम्माननीय अतिथि
श्री भंवरलाल पंवार
श्री जगदीश पंवार
श्री भंवरलाल गेहलोत
श्री सत्यनारायण भांगडिया
श्री बल्देवराम भाटी (मामाजी)
श्री नितिन शर्मा
विशेष अतिथि
श्री मदनलाल कुमावत
श्री महेन्द्र बोहरा
श्री पुखराज माली
श्री भंवरलाल कोठारी
श्री पुरण सिंह कबावत
श्री बाबु सिंह काबावत
छप्पन भोग
कमलेश ऐजंसीज
बालाजी मारवाड़ी स्वीट्स सेवरीस फुड्स
जल विवस्था
रमेश भाई प्रजापति, भूपेंद्र देसाई, शंकरलाल कोला
भरतभाई, वीराराम पटेल, अशोक देसाई
डेकोरेटर : बालाजी जाजू इवेन्ट्स
कमल आकाश जाजू
9246521448
9246155411
श्री गोपाल बल्दवा
श्री हीरालाल चौधरी
श्री मनीष भाटी
श्री बाबुलाल कुलकधाणीया
श्री कमल काबरा
निवेदक : श्री रामदेव कीर्तन संगम मंदिर ट्रस्ट कमेटी
श्यामसुन्दर गिलडा कमेटी चेयरमैन
धरमचन्द भंसाली
कमलकिशोर जाजू
दिनेश सिंगनोदिया
जगदीश अग्रवाल
श्यामसुन्दर परताणी
कमलेश बाफणा
राजकुमार अग्रवाल
अभिमन्यु यादव
मंदिर पुजारीगण
सुरेश महाराज
पं. बनवारी
पं. राकेश
पं. निरंजन
पं. कौशलेन्द्र
पं. अनिल
पं. जनार्दनजी
जगन्नाथ
श्रीमती ए. रमा देवी एक्जीक्यूटिव आफिसर, इंडोमेंट डिपार्टमेन्ट
मंदिर पुजारीगण
चिरंजीलाल शर्मा
अरविन्द शर्मा
पंकज शर्मा
विशेष सहयोगी
सुरेश ताजपुरिया
राजकुमार लड्डा
चन्द्रशेखर गड्डी
निलेश शर्मा
सुरेशकुमार माली
अशोक शेरमल बोहरा
पूरणसिंघ राजपुरोहित
भरत देवासी
शिवकुमार भलवाले
लक्ष्मीनिवास कब्रा
श्रवणकुमार दधीच
रमेश कुमार बंग
शम्भुसिंह राजपुरोहित
कमलेश बाफना
प्रकाश कोठारी
सुरेश कोठारी
जय बाबा की
श्री साई प्लास्टिक ट्रेडर्स फिश मार्केट, बेगम बाजार
बाबुलाल जितेन्द्रकुमार विशाल गौतम शर्मा लालापेट
किशनगोपाल महेशकुमार इन्नाणी भाग्यनगर कॉलोनी
शुभम् स्टील सेंटर फीलखाना
लंगर व्यवस्था
सोमवार 25-8-2025, प्रातः 5 बजे से रात्रि 3 बजे तक
श्री बाबा रामदेव भक्त मंडल- काटेदान 9849043371
बालाजी कैटर्स 9290005487
लंगर प्रसाद
मंगलवार दि. 26-8-2025 से शनिवार दि.6-9-2025 तक
सभी भक्तों के लिए लंगर प्रसाद प्रातः 8 से 12 बजे तथा सायं 5 से 9 बजे तक
मनोकामना गोल्ड गनफाउण्ड्री
बालाजी पुरुषोत्तम बेगमबाजार
जगदम्बा ग्रुप बेगमबाजार
लक्ष्मीचन्द अशोककुमार राहुलकुमार खिंवसरा मालाकुन्टा
डी.के. ट्रेडिंग कं. रिकाबगंज
श्री राधा ज्वेलर्स पॉट मार्केट
लक्ष्मीनारायण घनश्यामदास मनोहरलाल तापडिया मीरआलम मण्डी
परमेश्वरी गिफ्ट एण्ड नावेल्टीज फीलखाना
रोहित कॉस्मेटिक्स बेगमबाजार
नवकार फैब्रिक्स दिलसुखनगर
आर. जे. स्टील्स फीलखाना
अमर जरी सेंटर लाडबाजार
तरुण अग्रवाल अत्तापुर
महालक्ष्मी ज्वेलर्स लालापेट
भंवरलाल बद्रीलाल चिलकलगुडा
गौतम ट्रेडर्स रानीगंज
नर्मदा आईल कैरियर्स शिवरामपल्ली
श्री रामा स्पोर्ट्स् रिसाला अब्दुला
तेजाराम कुमावत बेगमबाजार
श्रीकिशन अंतिबाई (रामदेव) शिवरामपल्ली
काबरा पर्ल्स एण्ड ज्वेलर्स सिकन्दराबाद
जुगराज अशोककुमार मूथा काचीगुडा
बालकिशन घनश्यामदास राठी बेगम बाजार
स्टाईलीका कबूतरखाना
प्रेम इन्टरप्राईजेस कबूतरखाना
KINGFISHER PREMIUM
जय बाबा की
भगवती प्लास्टिक उस्मानगंज
श्री राजकृपा स्टेशनरी उस्मानगंज
राजकमल एजंसीस उस्मानगंज
राजकमल इंटरप्राईजेस उस्मानगंज
महादेव स्टेशनरी उस्मानगंज
रंगोली क्रियेटिवस उस्मानगंज
रामभगवान कारपोरेशन उस्मानगंज
हैदराबाद पैड शाप उस्मानगंज
रतन स्टेशनरी मार्ट उस्मानंज
पी. मनीष स्टेशनर्स उस्मानगंज
नंदनी आर्ट स्टेशनरी उस्मानगंज
भगवान डेकोरेशन उस्मानगंज
परमार्त एग्जाम पैड इण्डस्ट्रीज उस्मानगंज
महावीर ऑटो इन्वेस्टमेन्ट उस्मानगंज
प्रियंका इंटरप्राईजेस उस्मानगंज
बालाजी इन्टरप्राईजेस उस्मानगंज
मुरली स्टेशनरी मार्ट उस्मानगंज
राजकमल किचन वेयर फीलखाना
सिखवाल स्टील फीलखाना
बाम्बे स्टील हाउस फीलखाना
राजकमल स्टील फीलखाना
परमेश्वरी बेंगल्स फीलखाना
के. गीता बेंगल्स फीलखाना
श्री बालाजी स्टोर्स फीलखाना
परमेश्वरी फैन्सी स्टोर्स फीलखाना
माँ भवानी शुगर मलकपेट
सत्यनारायण मुरलीमनोहर सारडा निम्बोली अड्डा
बद्रीनारायण रामानुज सारडा उस्मानशाही
भारत ट्रेडिंग कं. मलकपेट
पारसमल सतीशचन्द सिसोदिया दारुल शफा
केवलराम नौरंगलाल सिंघानिया मीर आलम मण्डी
सुरेखा इन्टरप्राईजेस गोशामहल
आर. के. किचन युटेनसिल फीलखाना
राहुल एजंसीज फीलखाना
गोकुलचन्द श्रीवल्लभ भट्टड़ सिकन्दराबाद
चैन किचनवेयर फीलखाना
श्री पद्मा स्टील हाऊस फीलखाना
एम. गौतमचन्द जैन मलकपेट
किशोरकुमार मूथा मलकपेट
धनलक्ष्मी रेडिमेड शोरुम कोठी
जय आशापुरा प्लास्टिक फीलखाना
पुर्णीमा इंटरप्राईजेस तुरुप बाजार
पी.एम. हेण्डलूम फूलखाना
पवन कलेक्शन बेगमबाजार
के.आर. स्टेशनरी उस्मानगंज
राजकमल स्टोर्स उस्मानगंज
रामदेव नावेल्टीज फीलखाना
राजकमल स्टेशनरी मार्ट सिद्दिअम्बर बाजार
तुलसीराम हनुमानबगस गिलडा बंजारा हिल्स
डॉ. जुगलकिशोर जयप्रकाश बंग सिकन्दराबाद
मनीष प्लाईवुड गोशामहल
अग्रवाल ड्रेसस सिकन्दराबाद
नवयुग ट्रेडर्स सिकन्दराबाद
आनन्द ग्लास इन्टरप्राईजेस मिनिस्टर रोड
ए.आर. कम्पली सिकन्दराबाद
जयकिशन ओमनारायण जाजू शिवरामपल्ली
नाबारिया इम्पेक्स सिकन्दराबाद
जालान ट्रेडिंग कम्पनी बेगम बाजार
महेशचन्द शैलेश कुमार सिद्दिअम्बर बाजार,
तिरुमला कैटल फिड्स लंगर हौज
रमेशचन्द अभिषेक पारिक कबूतरखाना
तिरुपती कैटल फिड्स शादनगर
पालीपैक प्लास्टिक बेगम बाजार
अंकित आईल इण्डस्ट्रीज काटेदान
दीपक भानुशाली किशनगंज
लोकेश आईल मिल काटेदान
बालाजी कैटल फिड्स लंगर हौज
बालाजी फैशनस लंगर हौज
भारत हार्डवेयर एण्ड इंटिरियस आगापुरा
कन्हैयालाल जांगिड गोशामहल
अवश्य पधारे
देवकिनन्दन रमेशचन्द एण्ड कम्पनी मिट्टी का शेर
सुभाष गैलेरी आगापुरा
बालाजी विनायका एजंसीस गोशामहल
मनोज शिवरामपल्ली
तुकाराम अत्तापुर
विमल राठी सिकन्दराबाद
पिस्ता डिलाईट गौलीगुडा
श्री श्रीनिवासा ट्रेडर्स काटेदान
अवश्य पधारे
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
ब्रिगेट रोड नं 7, बंजारा हिल्स, हैदराबाद, मोबाईल 9000366660
GB GOPAL BALDAWA GROUP

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH
स्वतंत्र वार्ता
मेरा हैदराबाद



सुविचार: कभी ये मत सोचिए कि आप अकेले हो, बल्कि ये सोचिए कि आप अकेले ही काफी हो

# जनता चाहती है कि तेलंगाना में भाजपा सत्ता में आए : प्रेम शुक्ला

## बाबरी आंदोलन से लेकर राम मंदिर निर्माण तक, तेलंगाना के कारसेवकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही



हैदराबाद, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा के राष्ट्रीय आधिकारिक प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने कहा कि तेलंगाना की जनता भ्रष्टचारियों के शासन से ऊब चुकी है। अब यहां का आम जनमानस चाहता है कि भाजपा सत्ता में आए और राज्य का विकास हो। तेलंगाना भाजपा के स्थानीय निकाय सोशल मीडिया- आईटी एवं सोशल मीडिया कार्यशाला में उपभाजपा के राष्ट्रीय आधिकारिक प्रवक्ता एवं वरिष्ठ उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार प्रेम शुक्ला ने कहा कि संयुक्त आंध्र प्रदेश में अब तक केवल टीडीपी, कांग्रेस और बीआरएस ही सत्ता में रहे हैं। इस बार, जनता चाहती है कि भाजपा सत्ता में आए।

बाबरी आंदोलन से लेकर राम मंदिर निर्माण तक, तेलंगाना के कारसेवकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही। तेलंगाना के लाखों लोगों ने पूर्ण समर्पण के साथ कारसेवा में भाग लिया। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार, आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में, सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए काम करना चाहिए कि भाजपा अधिक से अधिक सीटें जीतें।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि रेवंत रेड्डी "छह गारंटी- 420 वादे" के साथ लोगों को धोखा देकर सत्ता में आए। इन कपटपूर्ण गारंटियों और वादों को जनता के सामने उजागर किया जाना चाहिए। रेवंत रेड्डी अब तक 50 से ज़्यादा बार दिल्ली जा चुके हैं, और केवल राहुल और प्रियंका को खुश करने के लिए काम कर रहे हैं। कर्नाटक में एक कांग्रेस विधायक के पास से करोड़ों रुपये नकद, 6 किलो सोना और विदेशी मुद्रा ज़ब्त की गई।

कांग्रेस विधायकों के घर और कार्यालय जुए के अड्डे बन गए हैं। कांग्रेस ओबीसी आरक्षण के नाम पर भाजपा को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। लेकिन भाजपा ने ही ओबीसी समुदाय के एक व्यक्ति को प्रधानमंत्री बनाया है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के दौरान, तेलंगाना के पिछड़ा वर्ग नेता डॉ.के. लक्ष्मण को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त करना भाजपा के पिछड़ा वर्ग के प्रति सम्मान का प्रमाण है। कांग्रेस के शासनकाल में, पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव के पार्थिव शरीर को कांग्रेस पार्टी कार्यालय में भी नहीं जाने दिया गया था। उन्होंने दिल्ली में उनके अंतिम संस्कार की भी अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। जहां देश तेज़ी से विकास कर रहा है, वहीं तेलंगाना कर्ज और धन की हेराफेरी के कारण दिवालिया हो गया है। विधानसभा और संसदीय चुनावों में वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए स्थानीय निकाय चुनावों में जीत बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि मीडिया एक सशक्त मंच है। हर आंदोलन और जन मुद्दों को उठाने में मीडिया की भूमिका बेहद अहम होती है।

स्थानीय यूट्यूब चैनलों और मीडिया प्रतिनिधियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखें। तेलंगाना में नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा लागू की गई कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार करें। मीडिया से जुडे कई सुझाव देते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा के राज्य प्रवक्ताओं द्वारा साझा की गई सामग्री जनता के बीच चर्चा का विषय बननी चाहिए। पार्टी लाइन को इस तरह से संप्रेषित किया जाना चाहिए कि लोग आसानी से समझ सकें।

# तुम्मला ने यूरिया की कमी पर अपमानजनक टिप्पणी के लिए किशन रेड्डी की आलोचना की

हैदराबाद, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कृषि मंत्री तुम्माला नागेश्वर राव ने तेलंगाना में यूरिया की कमी के संबंध में केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी की अपमानजनक टिप्पणी की कड़ी आलोचना की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को सलाह दी कि वे राज्य सरकार के खिलाफ अपना नकारात्मक अभियान बंद करें और इसके बजाय लोगों को यूरिया की कमी से जुड़ी वास्तविकताओं को स्पष्ट करें। रविवार को जारी एक बयान में, तुम्मला नागेश्वर राव ने कहा कि किशन रेड्डी ने स्वीकार किया कि यूरिया की कमी रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष का परिणाम है। हालांकि, उन्होंने आपूर्ति संबंधी समस्याओं के लिए तेलंगाना सरकार पर दोष मढ़ना जारी रखा, जिससे स्थिति पर उनका विरोधाभासी रुख सामने आया। तुम्मला ने जोर देकर कहा कि देश में यूरिया की कमी केंद्र सरकार की लापरवाही के कारण हुई है, जिसने यूरिया आयात और घरेलू उत्पादन से जुड़े मुद्दों की सच्चाई को छुपाया है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि सरकार उर्वरकों की मांग का पर्याप्त आकलन करने में विफल रही। मंत्री तुम्मला ने कहा, तेलंगाना की जनता ने किशन रेड्डी को चुना, जिसके कारण उन्हें केंद्रीय मंत्री नियुक्त किया गया। इस पद पर रहते हुए, तेलंगाना के किसानों के सामने आने वाली यूरिया की समस्या का सक्रिय रूप से समाधान करना उनकी ज़िम्मेदारी है।

# सीएम ने कांग्रेस में मोहम्मद अली शब्बीर के 45 साल के सफर पर पुस्तक का विमोचन किया



हैदराबाद, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता और सरकार के सलाहकार मोहम्मद अली शब्बीर के सतत राजनीतिक सफर के उपलक्ष्य में "वफादारी और विरासत: कांग्रेस पार्टी के साथ 45 साल" पुस्तक का विमोचन किया। यह विमोचन शनिवार रात गांधी भवन में उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, एआईसीसी तेलंगाना प्रभारी मीनाक्षी नटराजन, टीपीसीसी अध्यक्ष बी. महेश कुमार गौड़, मंत्रियों और अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में हु आ ।

यह पुस्तक मोहम्मद अली शब्बीर के राजनीतिक जीवन का विस्तृत वृत्तांत है (जो चार दशकों से भी ज़्यादा समय तक चला) जिसमें वे सत्ता के वर्षों और विपक्ष में लंबे समय तक कांग्रेस पार्टी के प्रति अटूट निष्ठावान रहे। यह पुस्तक बताती है कि कैसे उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से प्रेरित होकर एक युवा कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ता के रूप में अपनी यात्रा शुरू की। उनका पहला बड़ा राजनीतिक अनुभव 1980 के लोकसभा चुनावों में आया, जब उन्होंने कामारेड्डी में, जो उस समय मेदक लोकसभा सीट का हिस्सा था, इंदिरा गांधी के लिए प्रचार किया, जिन्होंने भारी बहुमत से जीत हासिल की और बाद में प्रधानमंत्री के रूप में पुनः निर्वाचित हुईं। उसी क्षण से, शब्बीर अली एक समर्पित कांग्रेस कार्यकर्ता बन गए, और नगर पार्षद से लेकर एपीसीसी उपाध्यक्ष और राजनीतिक मामलों की समिति के संयोजक, मंत्री, विधायक, विपक्ष के नेता और अंततः तेलंगाना सरकार के सलाहकार तक विभिन्न स्तरों पर सेवा की।

विमोचन समारोह में बोलते हुए, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने शब्बीर अली की तेलंगाना में कांग्रेस के एक स्तंभ के रूप में प्रशंसा की और कहा कि उनकी निष्ठा और सेवा अनुकरणीय है। उन्होंने याद दिलाया कि 4 प्रतिशत मुस्लिम कोटा सहित अल्पसंख्यक कल्याण नीतियों को आकार देने में शब्बीर अली की भूमिका ने तेलंगाना के राजनीतिक और सामाजिक ताने-बाने पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उपस्थित अन्य नेताओं ने भी उनके योगदान की सराहना की और इस पुस्तक को न केवल एक व्यक्ति की यात्रा का वृत्तांत बताया, बल्कि सामाजिक न्याय के लिए कांग्रेस पार्टी के व्यापक संघर्ष का प्रतिबिंब भी बताया।




# दिवाली, छठ और दशहरा त्योहारों के लिए 22 विशेष रेलगाड़ियां

हैदराबाद, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। त्योहारों के मौसम में यात्रियों की भीड़ को कम करने के लिए, दक्षिण मध्य रेलवे विभिन्न गंतव्यों के बीच 22 विशेष रेलगाड़ियां चलाएगा। इसके अनुसार, ट्रेन संख्या 07009/07010 सिकंदराबाद-तिरुपति-सिकंदराबाद की 8 सेवाएं संचालित की जाएँगी।

07009 सिकंदराबाद-तिरुपति गुरुवार 4 से 25 सितंबर तक और ट्रेन संख्या 07009 सिकंदराबाद-तिरुपति गुरुवार 4 से 25 सितंबर तक संचालित होगी। 07010 तिरुपति-सिकंदराबाद 5 से 26 सितंबर तक शुक्रवार को चलेगी। मार्ग में ये विशेष ट्रेनें काचीगुडा, उम्दानगर, शादनगर, जाडचेरला, महबूबनगर, वानापर्थी रोड, गदवाल, कर्नूल सिटी, डोन, गूटी, ताड़ीपत्री, येर्रागुंटला, कडप्पा, ओन्तिमिट्टा, रजामपेटा और रेनिगुंटा स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेंगी। इन विशेष ट्रेनों में प्रथम श्रेणी एसी-द्वितीय श्रेणी एसी, द्वितीय श्रेणी एसी, तृतीय श्रेणी एसी, शयनयान और सामान्य द्वितीय श्रेणी के डिब्बे होंगे। ट्रेन संख्या 07055 /07056 काचीगुडा-नागरसोल-काचीगुडा ट्रेन की 8 सेवाएं संचालित की जाएंगी। ट्रेन नंबर 07055 काचीगुडा-नगरसोल 4 से 25 सितंबर तक गुरुवार को और ट्रेन नंबर 07056 नागरसोल-काचीगुडा 5 से 26 सितंबर तक शुक्रवार को संचालित होगी। ये विशेष ट्रेनें दोनों दिशाओं में सिकंदराबाद, बेगमपेट, लिंगमपल्ली, शंकरपल्ली, विकाराबाद, जहीराबाद, बीदर, भालकी, उदगीर, लातूर रोड, परली वैजनाथ, परभणी, जालना, औरंगाबाद और रोटेगांव स्टेशनों पर रुकेंगी। इन विशेष ट्रेनों में 1एसी, 2एसी, 3एसी, स्लीपर और सामान्य द्वितीय श्रेणी के डिब्बे शामिल हैं। ट्रेन संख्या 08848/08846 संतरागाछी-चारलापल्ली-संतरागाछी विशेष ट्रेनों की 6 सेवाएं देगी। ट्रेन संख्या 08845 संतरागाछी-चार्लापल्ली 19 सितंबर से 3 अक्टूबर तक शुक्रवार को संचालित होगी और ट्रेन संख्या 08846 चारलापल्ली-संतरागाछी 20 सितंबर से 4 अक्टूबर तक शनिवार को संचालित होगी। ये विशेष ट्रेनें खड़गपुर, बालासोर, भद्रक, कटक, भुवनेश्वर, खुर्दा रोड, बेरहामपुर, विजयनगरम, सिम्हाचलम, दुव्वाडा, समालकोट, राजमुंदरी, एलुरु, रायनपाडु, खम्मम, वारंगल और काजीपेट स्टेशन पर दोनों दिशाओं पर रुकेंगी। इन स्पेशल ट्रेनों में 3एसी कोच हैं।

# वोंटिमिट्टा में पवित्रोत्सव के लिए अंकुरार्पणम



वोंटिमिट्टा, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। 24 से 26 अगस्त तक चलने वाले पवित्रोत्सव से पहले, श्री कोदंडाराम स्वामी मंदिर, वोंटिमिट्टा में शनिवार शाम को अंकुरार्पणम अनुष्ठान किया गया। शाम 6 बजे से, मेदिनी पूजा, मृतसंग्रहनम और अंकुरार्पणम पारंपरिक तरीके से आयोजित किए गए। मंदिर की पवित्रता की रक्षा और भक्तों या मंदिर कर्मचारियों द्वारा अनुष्ठान के दौरान अनजाने में हुई किसी भी चूक या भूल के प्रायश्चित के लिए प्रतिवर्ष तीन दिनों तक पवित्रोत्सवम आयोजित किया जाता है। समारोह के एक भाग के रूप में 24 अगस्त को, यज्ञशाला में पवित्र प्रतिष्ठा और शयनधिवास किया जाएगा। 25 अगस्त को पवित्र समर्पण और वैदिक अनुष्ठान होंगे और 26 अगस्त को वैदिक कार्यक्रमों और पूर्णाहुति के साथ पवित्रोत्सव का समापन होगा। उप ईओ प्रशांति, अधीक्षक हनुमंतैया और अन्य अधिकारी, पुजारी भी उपस्थित थे।




# भारतीय डाक ने 25 अगस्त से अमेरिका के लिए बंद कर दिया पार्सल भेजना

हैदराबाद, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय डाक विभाग द्वारा 25 अगस्त से अमेरिका को डाक सामग्री भेजने पर अस्थायी रोक लगाने के निर्णय से हैदराबाद के उन परिवारों में निराशा और भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है, जिनके परिजन अमेरिका में रहते हैं। संचार मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार, यह निर्णय अमेरिकी सरकार के एक कार्यकारी आदेश के बाद लिया गया है, जिसके तहत 800 डॉलर तक के मूल्य वाले सामानों पर शुल्क-मुक्त छूट 29 अगस्त से वापस ले ली जाएगी।

इस प्रकार, अमेरिका जाने वाली सभी अंतर्राष्ट्रीय डाक वस्तुएं, चाहे उनका मूल्य कुछ भी हो, देश-विशिष्ट अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम टैरिफ़ ढांचे के अनुसार सीमा शुल्क के अधीन होंगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 100 डॉलर तक की उपहार वस्तुएं शुल्क से मुक्त रहेंगी। इस घटनाक्रम से अमेरिका में अपने परिवार या दोस्तों को सामान भेजने की योजना बनाने वालों के बीच असमंजस की स्थिति पैदा होने की आशंका है। अचार, मसालों से लेकर बर्तन, कपड़े और अन्य सामान अमेरिका में अपने परिवार और दोस्तों को भेजे जाते हैं। अमेरिका में पढ़ने वाले तेलंगाना के छात्र इन चीजों के लिए अपने माता-पिता द्वारा यहां से भेजे जाने पर ज़्यादा निर्भर रहते हैं।

हुमायूं नगर उप डाकघर, मसाब टैंक स्थित विदेशी डाकघर (एफपीओ) की सेवाओं में 25 अगस्त से कुछ व्यवधान आने की आशंका है। यह डाकघर अमेरिका सहित दुनिया भर के 42 देशों में पार्सल और पैकेज वितरित करता है। तेलंगाना के लगभग 6,000 डाकघरों में ग्राहकों द्वारा बुक किए गए पार्सल और पैकेजों को स्कैनर के माध्यम से सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा जांच के लिए एफपीओ में भेजा जाता है, और फिर उड़ानों के माध्यम से ग्राहकों तक डिलीवरी के लिए आरजीआईए, शमशाबाद में भेजा जाता है।

डाक विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि निलंबन के कारण हैदराबाद स्थित विदेशी डाकघर के परिचालन पर कुछ असर पड़ने की आशंका है।



## 3 सीओ, 1 इंस्पेक्टर 2 केडीए अधिकारी



### अखिलेश दुबे के करीबी थे ये अफसर एसआईटी ने भेजा नोटिस

कानपुर, 24 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के कानपुर में वकील अखिलेश दुबे और उसके गिरोह से संबंधित जांच में अब कई अधिकारियों के नाम भी सामने आ रहे हैं। इस मामले की जांच के लिए गठित की गई एसआईटी को तीन सीओ, एक इंस्पेक्टर और दो केडीए अधिकारियों के नामों का पता चला। यह सभी पहले कानपुर में तैनात थे, लेकिन इस समय दूसरे शहरों में इनकी तैनाती है। बताया जा रहा है कि ये सभी अखिलेश दुबे के करीबी थे और अक्सर उसके संपर्क में रहते थे। पुलिस के आलाधिकारियों के मुताबिक इन सभी को बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस भेजा जा रहा है। नोटिस का जवाब आने के बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार जिन शिकायतों की जांच चल रही है। उनमें कई अहम नाम सामने आए हैं। अब इनसे पूछताछ कर कड़ियों को जोड़ा जाएगा।

### मां के बॉयफ्रेंड को बेटे ने मार डाला:इतना पीटा कि पसलियां टूटीं

झांसी, 24 अगस्त (एजेंसियां)। झांसी में मां के बॉयफ्रेंड को बेटे ने पीट-पीटकर मार डाला। उसे पैसे देने के बहाने सुनसान जगह पर बुलाया। फिर कनपटी पर तमंचा सटा दिया और बेरहमी से पीटकर पसलियां तोड़ दीं। वारदात में उसके दो साथी भी शामिल थे। पीटने के बाद आरोपी ने अपनी मां को फोन कर घटना की जानकारी दी। मां युवक को अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पत्नी और परिजन आ गए। यह देखकर प्रेमिका युवक का मोबाइल डॉक्टर को देकर फरार हो गई। यह मामला तब सुर्खियों में आया, जब परिजनों ने मृतक और उसकी पत्नी के बीच हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग वायरल कर दी। इसमें हमले में घायल युवक अपनी पत्नी को रोते हुए पूरी आपबीती सुना रहा है। वह कह रहा है कि पैसे देने के बहाने बुलाया और बेरहमी से मारपीट की। इसमें गर्लफ्रेंड भी शामिल है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## 8 महिलाओं की मौत 32 बच्चों ने खोई मां

नालंदा, 24 अगस्त (एजेंसियां)। नालंदा के मलावा गांव में 7 घरों से अर्थियां उठी। इनमें एक घर से मां-बेटी और एक अन्य घर से जेठानी-देवरानी की अर्थी निकली। दरअसल, पटना के शाहजहांपुर में सिगरियावा हॉल्ट के पास शनिवार को भीषण सड़क हादसे में 7 परिवार के 9 लोगों की मौत हो गई। इनमें 8 महिलाएं हैं। सभी महिलाएं हिलसा से गंगा स्नान करने फतुहा के त्रिवेणी घाट जा रही थीं। सिगरियावां रेलवे स्टेशन के पास ऑटो को सीमेंट लिए ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी। हाइवा में ऑटो फंस गया। करीब 100 मीटर तक घिसटता चला गया। इस हादसे के बाद जहां-तहां शव बिखरे पड़े थे। ऑटो चालक का शव उसकी सीट पर फंसा था। 8 महिलाओं की मौत से 32 बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया। 4 महिलाएं घायल हैं। काजल कुमारी, नीलम देवी और पूनम देवी पी.एम.सी.एच. में भर्ती हैं। पूनम की हालत गंभीर है। जेठानी के कहने पर दोनों देवरानी गंगा स्नान के लिए कपड़े लेकर तैयार हो गईं। तीनों गांव की अन्य महिलाओं के साथ ऑटो में सवार हो गई थी। हादसे में बबीता देवी और रेणु देवी की मौत हो गई, जबकि पूनम गंभीर रूप से घायल है।

### झोपड़ी पर गिट्टी लदा ट्रक पलटने से महिला की मौत

संत कबीर नगर, 24 अगस्त (एजेंसियां)। खलीलाबाद - बखिरा मार्ग पर हरदी गांव के पास रविवार की सुबह करीब 4.30 बजे गिट्टी लदा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे बने झोपड़ी पर पलट गया। इससे झोपड़ी में सोई एक महिला की दबकर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी से गिट्टी हटवाकर महिला के शव को बाहर निकाला। जबकि उसी झोपड़ी में दबी एक बकरी जिंदा मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ट्रक चालक कूदकर फरार हो गया। बखिरा थाना क्षेत्र के हरदी निवासी मो। अशरफ अपनी पत्नी सबरीन के साथ सड़क किनारे झोपड़ी में रहता था। करीब दो माह पूर्व अशरफ काम के सिलसिले में मुंबई चला गया। उसकी पत्नी झोपड़ी में रहती थी। रविवार सुबह 4.30 बजे झोपड़ी में सोई थी।

उसी दौरान खलीलाबाद की तरफ से गिट्टी लादकर आ रहा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झोपड़ी पर पलट गया। इस हादसे में झोपड़ी में सोई साबरीन ट्रक और गिट्टियों में दब गई। ट्रक पलटने की आवाज सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह , चौकी प्रभारी सुरेन्द्र सिंह समेत बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों के साथ पहुंच गए। कुछ देर तक महिला का शव इधर - उधर तलाश किए। चेयरमैन मो। आमिर अंसारी ने जीसीबी बुलाकर गिट्टी हटवाकर महिला के शव को बाहर निकाला।

# राहुल गांधी की सुरक्षा में चूक

## कांग्रेस नेता के पास पहुंचा युवक, लिपटने की कोशिश

पूर्णिया, 24 अगस्त (एजेंसियां)। राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा रविवार को अपने 8वें दिन पूर्णिया से दोबारा शुरू हुई है। इस दौरान उनके साथ तेजस्वी यादव, मुकेश सहनी, माले नेता दीपांकर भट्टाचार्य और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद हैं। पूर्णिया में राहुल और तेजस्वी का आदिवासी नृत्य के साथ भव्य स्वागत किया गया, जहां कलाकार मांदर और ढोल की थाप पर झूमते नजर आए।

**ढाबे पर करीब 20 मिनट रुके राहुल**

यात्रा के दौरान राहुल गांधी बुलेट मोटरसाइकिल चलाते दिखे। राहुल गांधी ने करीब 2 किलोमीट तक बुलेट चलायी। उनके पीछे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम बैठे थे, जबकि दूसरी बुलेट पर तेजस्वी यादव अपने बॉडीगार्ड के साथ नजर आए। पूर्णिया से अररिया जाते समय जलालगढ़ ब्लॉक में राहुल गांधी ने एक ढाबे पर रुककर चाय पी और करीब 20 मिनट तक वहीं रुके।



**राहुल गांधी के पास पहुंचा युवक**

पूर्णिया में रोड शो के दौरान एक अनोखा वाकया भी देखने को मिला। बुलेट पर बैठे राहुल गांधी के सामने अचानक उनका एक प्रशंसक आ गया और उनसे लिपट गया। इसके बाद राहुल की सुरक्षा में तैनात गार्ड ने उस युवक को साइड कर दिया। इस घटना को राहुल गांधी की सुरक्षा में बड़ी चूक मानी जा रही है।

**ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव**

रविवार को पूर्णिया में राहुल गांधी की यात्रा को देखते हुए प्रशासन ने ट्रैफिक व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किए हैं। ट्रैफिक पुलिस की एडवाइजरी के अनुसार, महेंद्रपुर-चांदपुर रोड और गुंडा चौक-बीरपुर रोड पर सुबह 6 से 9 बजे तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। वहीं, जीरो माइल से खुश्कीबाग होते हुए लाइन बाजार तक जाने वाली सड़क पर सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक व्यावसायिक मालवाहक वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 131 ए पर भी पूर्णिया जिला सीमा के भीतर सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक गाड़ियों के परिचालन पर रोक रहेगी।

### एक और एनकाउंटर, बांदा में ईरानी गैंग के दो बदमाशों को लगी गोली

बांदा, 24 अगस्त (एजेंसियां)। बांदा पुलिस ने अंतर राज्यीय ईरानी गैंग के दो सदस्यों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। गैंग के सदस्य पुलिस का भेष रखकर लोगों के साथ लूटपाट और टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम देते थे। एनकाउंटर में दो बदमाश घायल हो गए हैं। दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है और इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। ये बदमाश महाराष्ट्र पुलिस का भेष रखकर बांदा जिले में लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। हाल ही में इन बदमाशों ने एक महिला को गुमराह कर लूट और टप्पेबाजी की वारदात को अंजाम दिया था। बांदा पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र चलाकर दोनों शातिर बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। दोनों बदमाशों के कब्जे से लूट टप्पेबाजी का समान, दो तमंचे, कारतूस सहित पुलिस का फर्जी आईडी कार्ड और बाइक बरामद किया गया है।

## विधायक पूजा पाल की बीएसपी में होगी वापसी

### प्रयागराज में लगे इस नीले होर्डिंग से सियासी हलचल तेज



प्रयागराज, 24 अगस्त (एजेंसियां)। प्रयागराज में धूमनगंज के सुलेम सराय इलाके में लगी एक होर्डिंग ने सियासी हलकों में हलचल मचा दी है। दधिकांदो मेले को लेकर लगाए गए इस होर्डिंग का रंग नीला है और इसमें संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर भी लगी हुई है। चूंकि यह होर्डिंग समाजवादी पार्टी से निष्कासित विधायक पूजा पाल के नाम से लगाई गई है, इसलिए राजनीतिक गलियारों में इसके कई मायने निकाले जा रहे हैं।

दरअसल पूजा पाल की राजनीतिक पृष्ठभूमि देखें तो वह 2007 और 2012 में प्रयागराज पश्चिमी विधानसभा सीट से बसपा की विधायक रह चुकी हैं। इसके बाद उन्होंने 2019 में समाजवादी पार्टी ज्वाइन की और 2022 के विधानसभा चुनाव में कौशांबी की चायल सीट से सपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा। इसी दौरान उनकी सपा नेतृत्व से नजदीकियां कम होती गईं। राज्यसभा चुनाव में उन्होंने क्रॉस वोटिंग की, जिसके बाद पार्टी से उनके रिश्ते और बिगड़ गए। हाल ही में यूपी विधानसभा के मानसून सत्र में पूजा पाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर तारीफ की थी।

उन्होंने कहा था कि उनके पति की हत्या के बाद उन्हें न्याय योगी सरकार में ही मिला। इस बयान के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अनुशासनहीनता का हवाला देते हुए उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया। इसके बाद से ही कयास लगाए जा रहे हैं कि पूजा पाल बीजेपी में शामिल हो सकती हैं। वह कई बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात कर चुकी हैं।

### कांग्रेस नेता के होटल में पकड़ा सेक्स रैकेट, एसीपी आकांक्षा पांडेय ने ग्राहक बनाकर भेजा था पुलिसकर्मी

कानपुर, 24 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राजेश सिंह के होटल में सेक्स रैकेट पकड़ा गया है। शिकायतें मिलने के बाद एसीपी आकांक्षा पांडेय ने ग्राहक बनाकर एक पुलिसकर्मी को भेजा था। उससे मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने होटल में छापा मारकर कमरों से सात युवतियों, चार युवकों व मैनेजर को पकड़ा है। इसी होटल में वर्ष 2023 में भी क्राइम ब्रांच ने छापेमारी कर युवक-युवतियों को पकड़ा था। राजेश सिंह ने बताया कि होटल उनका है, लेकिन उन्होंने उसे दो लोगों को किराये पर दे रखा है। राजेश सिंह रतनलाल नगर में रहते हैं और रेल बाजार में राजेन्द्रा पैलेस के नाम से उनका होटल है। होटल में आपत्तिजनक गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थीं। एसीपी कैंट आकांक्षा पांडेय ने असलियत जानने के लिए एक पुलिसकर्मी को ग्राहक बनाकर होटल भेजा। यहां कई लड़कियां व लड़के दिखे। रिसेप्शन पर एक युवक उससे मिला। उसने होटल में रुकने व लड़कियों के बारे में इशारे किए।

## मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने बीजेपी सांसद को भेजा 1 करोड़ का मानहानि नोटिस



कानपुर, 24 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के कानपुर में बीजेपी के अंदर आपसी खींचातानी मची हुई है। पार्टी के अंदर के मनमुटाव अब बाहर आने लगे है। प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला और मिश्रिख लोकसभा सीट से सांसद अशोक रावत के बीच खेरेश्वर मंदिर मार्ग के निर्माण को लेकर विवाद छिड़ा हुआ है। मामला इतना बढ़ा कि मानहानि नोटिस तक पहुंच गया। राज्यमंत्री के अधिवक्ता की तरफ से सांसद को गलत बयानबाजी का आरोप लगाते हुए लगाते हुए एक करोड़ का नोटिस भेजा है। बिठूर के खेरेश्वर मंदिर के मार्ग का निर्माण 40 करोड़ रुपए से हुआ था। इस मार्ग निर्माण को लेकर महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने सवाल उठाए थे। उन्होंने शासन को पत्र लिखकर निर्माण में घटिया सामग्री और मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी। शिकायत के बाद बीती 8 अगस्त को शासन से गठित जांच टीम सड़क का निरीक्षण करने आई थी। इंडो-नेपाल बॉर्डर के मुख्य अभियंता विजय सिंह की अगुवाई में आई इस टीम ने सैंपल लिए और माप-तौल की।

जांच के दौरान मंत्री पक्ष के लोग सड़क पर दरारों और टूट-फूट को भ्रष्टाचार का सबूत बताते रहे। जबकि सांसद पक्ष के लोगों ने सड़क को मानक के अनुरूप बताया। पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों ने भी सड़क की गुणवत्ता सही होने का दावा किया। सांसद अशोक रावत ने प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर कहा कि यह सड़क मानक के अनुसार बनी है। अब तक तीन जांच में सही पाई जा चुकी है।



## राजद के लिए 'स्पीड ब्रेकर' बन सकता है 'तेज प्रताप फैक्टर'! दरभंगा में खुद को बताया था दूसरा लालू

पटना, 24 अगस्त (एजेंसियां)। जैसे-जैसे बिहार विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आ रहा है, टिकट की दावेदारी को लेकर राजनीतिक हलचल बढ़ती जा रही है। हर पार्टी में कार्यकर्ता और नेता टिकट पाने की दौड़ में लगे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राजद में भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता टिकट की मांग कर रहे हैं और कई ने तो पार्टी से नाराजगी दिखाना भी शुरू कर दिया है। ऐसे लोग मान चुके हैं कि बड़े नेताओं की मौजूदगी में उन्हें टिकट मिलने की संभावना कम है। इसी कारण अब कई कार्यकर्ता तेज प्रताप यादव के सहारे राजनीति में सक्रिय होकर टिकट की जुगत में लगे हैं। हाल के दिनों में तेज प्रताप यादव ने दरभंगा जिले के हायाघाट और कुशेश्वरस्थान जैसे क्षेत्रों में अपने समर्थकों के साथ रोड शो किया है। उज्जैना में आयोजित सभा में उन्होंने खुद को दूसरा लालू प्रसाद यादव बताते हुए समर्थकों में जोश भरा। माना जा रहा है कि कई वरिष्ठ नेता भी पर्दे के पीछे से उनका साथ दे रहे हैं और जातीय समीकरण के आधार पर संभावित प्रत्याशियों को तैयार कर रहे हैं। कई स्थानीय नेता तो अपने क्षेत्रों में तेज प्रताप के कार्यक्रम भी करा रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि वर्षों से सिर्फ पुराने और खास चेहरे ही टिकट पाते रहे हैं, जिससे नए कार्यकर्ताओं को अवसर नहीं मिल पाता। ऐसे में कई लोग तेज प्रताप की ओर उम्मीद से देख रहे हैं। दिलचस्प यह है कि कार्यकर्ताओं के अनुसार तेजस्वी और तेज प्रताप में कोई फर्क नहीं है, दोनों सामाजिक न्याय की राजनीति के हिमायती हैं। दरभंगा जिले की दस सीटों में 2020 में राजद सिर्फ दरभंगा ग्रामीण सीट जीत सका था। इस बार पार्टी अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है, लेकिन अगर बागी नेता तेज प्रताप के साथ हो गए तो यह "तेज प्रताप फैक्टर" राजद की रणनीति को नुकसान पहुंचा सकता है।

## बेटे को गोद में लेकर गंगा में कूदा बीएसएफ जवान



बिजनौर, 24 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बिजनौर से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां बीएसएफ के एक जवान ने अपने डेढ़ साल के मासूम बेटे को गोद में लेकर शनिवार दोपहर को गंगा नदी में छलांग लगा दी। यह नजारा राहगीरों ने देखा तो उन्होंने फौरन ही शोर मचा दिया। सूचना मिलते ही पुलिस, पीएसी के गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद चले सर्च ऑपरेशन में गोताखोर करीब छह घंटे तक नदी में बाप-बेटे की तलाश करते रहे, लेकिन उफान मार रही गंगा में अभी तक उनका कोई पता नहीं चल सका है। इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें बीएसएफ जवान राहुल अपने बेटे प्रणव के साथ बैराज पर जाते दिख रहे हैं। पहले वह बेटे को पैदल लेकर जाते हैं। फिर बैराज के गेट नंबर 17 के पास पहुंचते ही वह बेटे को गोद में उठाते हैं और नदी में छलांग लगा देते है। इस घटना के पीछे एक लव स्टोरी का भी दर्दनाक दी एंड हो गया है। दरअसल, नजीबाबाद के वेद विहार कॉलोनी में बीएसएफ जवान राहुल अपनी पत्नी मनीषा ठाकुर और बेटे प्रणव के साथ रहते थे। राहुल अहमदाबाद में तैनात थे। 5 साल पहले राहुल ने मनीषा से लव मैरिज की थी। शादी के बाद सब कुछ ठीक था। तीन साल बाद बेटे प्रणव का जन्म हुआ। मार्च में राहुल छुट्टी पर घर आए थे। यहां पैरालाइसिस से पीड़ित होने के बाद उन्होंने पांच महीने की छुट्टियां बढ़वा ली थीं।

## 'जानवरों की तरह बेटी को पीटता था दामाद

### कत्ल कर टांग दी लाश', घटना से पहले पति ने पूजा को क्रूरता से पीटा



कानपुर, 24 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है। परिजनों ने दामाद पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। गुस्साए लोगों ने शव को सड़क पर रखकर चार घंटे तक हंगामा किया। पिता ने परिजनों संग अशोक वाटिका चौराहा केशवपुरम में सड़क पर बेटी के शव को रखकर शनिवार को हंगामा किया। चार घंटे बाद कार्रवाई के आश्वासन पर शव उठाया गया। पिता का आरोप है कि दामाद जानवरों की तरह बेटी को पीटता था। उसने हत्या कर शव को टांग दिया।

जानकारी के अनुसार, कल्याणपुर के बारासिरोही में शुक्रवार को पूजा तिवारी (22) का संदिग्ध हालात में घर में शव लटकता मिला था। उसकी डेढ़ साल पहले हिमांशु से शादी हुई थी। उनके छह माह का एक बेटा भी है। केशवपुरम स्थित मायके से पहुंचे परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया। परिजनों ने शनिवार को पोस्टमॉर्टम के बाद अशोक वाटिका चौराहा केशवपुरम में शव रखकर हंगामा शुरू कर दिया। स्वरूपनगर थाने में होमगार्ड पिता रामप्रसाद तिवारी ने आरोप लगाया कि दामाद हिमांशु पांडेय उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करता था। उन्होंने कहा कि मेरी बेटी से रोजाना मारपीट करता था। घटना वाले दिन बेटी ने सुबह वीडियो कॉल कर आपबीती बताई थी।

इसके बाद हिमांशु ने फिर पीटा था। आरोप है कि थाने में तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। काफी देर तक हंगामा चलने के बाद रावतपुर, कल्याणपुर, अरमापुर थाने की पुलिस के साथ एसीपी कल्याणपुर पहुंचे और परिजनों को समझने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने बगैर गिरफ्तारी के शव उठाने से इन्कार कर दिया।

## निक्की को जिंदा जलाने के आरोपी पति का पहला बयान, पैर में गोली लगने के बाद क्या बोला?

ग्रेटर नोएडा, 24 अगस्त (एजेंसियां)। निक्की नाम की महिला की मौत के बाद हड़कंप मचा हुआ है। आरोप है कि दहेज़ के लिए उसका पति और ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते थे। मारपीट करते हैं। पति ने उसकी इतनी पिटाई की वह बेहोश हो गई, फिर आग लगा दी। अब निक्की के पति विपिन भाटी का पहला बयान सामने आया है। विपिन भाटी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था और उसका मेडिकल कराने के लिए अस्पताल ले जा रही थी लेकिन इसी दौरान विपिन ने भागने की कोशिश की। पुलिस की फायरिंग में वह घायल हो गया। जिसके बाद से इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में मीडिया से बातचीत करते हुए विपिन भाटी ने कहा है कि मुझे कोई पछतावा नहीं है। मैंने उसे नहीं मारा। वो खुद मर गई। पति-पत्नी में अक्सर झगड़े होते रहते हैं, ये बहुत आम बात है। वहीं मृतक निक्की के पिता का कहना है कि मेरी बड़ी बेटी ने मुझे फोन करके बताया, हम अस्पताल पहुंचे। ये लोग उसे आग लगाकर भाग गए थे। उनके पड़ोसी उसे फोर्टिस अस्पताल ले गए। जब हम पहुंचे तो वह 70% जल चुकी थी।



उन्होंने सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया। हमने एम्बुलेंस बुक की और उसे सफदरजंग अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इन दरिंदों ने किसी की बेटी के साथ ऐसा करने से पहले एक बार भी नहीं सोचा। उन्होंने यह भी नहीं सोचा कि हमने उसे कैसे पढ़ाया-लिखाया और उसकी शादी कैसे करवाई। क्या उन्हें किसी की बेटी को आग लगाते हुए दर्द नहीं हुआ? पिता ने कहा कि उन्हें फांसी होनी चाहिए। उसकी सास ने उस पर मिट्टी का तेल डाला और उसके पति ने उसे आग लगा दी। वे दहेज मांगते रहे, अब उनकी मांगे पूरी हो गई हैं। मैंने अपनी बेटी की शादी रीति-रिवाज से कर दी है। अब जब मेरी बेटी मर चुकी है तो उनकी दहेज की मांगे पूरी हो गई हैं। वह इंसान नहीं, वह तो कसाई है।

## 'दूधवाला' कोडवर्ड में छिपा था देह व्यापार का रैकेट, डायरी के 200 नंबर से खुले राज

मुरादाबाद, 24 अगस्त (एजेंसियां)। देह व्यापार गिरोह ने पुलिस और आम लोगों की आंखों में धूल झोंकने के लिए हर कदम पर पैंतरे अपनाए। पहले गोशाला की आड़ में गिरोह शुरू किया। फिर 'दूध वाला' नाम के कोडवर्ड इस्तेमाल किया। यह इसलिए क्योंकि सामने गोशाला थी। गोशाला में दूध ही मिलता। ऐसे में इसी दूध को हथियार बना गिरोह ग्राहकों को कोडवर्ड देता। कोई भी ग्राहक जब वहां पहुंचता तो दूध वाला बोलता। जिससे गिरोह के के गुर्गे समझ जाते कि ग्राहक आया है और उसे एंट्री मिल जाती। बगैर दूध वाला कोडवर्ड के इस्तेमाल पर एंट्री बैन थी जिससे किसी भी दशा में गिरोह की कहानी उजागर ना हो जाए। गनीमत तो यह रही कि ट्रेन में टीटीई से तीनों लड़कियों ने कहानी बयां कर दी, नहीं तो लंबे समय से चल रहा यह गिरोह ना जाने कितनी लड़कियों को इस दलदल में धकेलता। यह गिरोह लंबे समय से शहर में सक्रिय था। पिंकी नाम की महिला राजदार थी। सरगना सचिन व पिंकी ही हर राज जानते थे। मुखबिरी ना हो जाए, इसलिए कई बार गुर्गो को चेक किया जाता था। भरोसेमंद के जरिये ही डीलिंग की जाती। अंदाजा लगा सकते हैं कि पिंकी बाकायदा आने वाले महत्वपूर्ण ग्राहकों के नंबर की डायरी तैयारी करती थी, जो पुलिस के हाथ लगी है। जिसमें पुलिस को 200 मोबाइल नंबर दर्ज मिले हैं।

### कोयो होटल में रेड मारने पहुंच गईं एडडीएम डॉ पूर्वा शर्मा

**कमरों में मिले 12 युवक-युवतियां, फिर ये हुआ**




सहारनपुर, 24 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर स्थित एक कोयो होटल में एडडीएम रामपुर मनिहारान डॉ पूर्वा शर्मा छापामारी के लिए पहुंच गईं। उनके साथ पुलिसकर्मी और अग्निशमन विभाग की टीम भी थीं। जैसे ही एसडीएम ने होटल में छापामारी शुरू की तो अंदर का सीन देख हर कोई चौंक गया। होटल के अंदर प्रशासनिक टीम ने 12 युवक-युवतियों को आपत्तिजनक स्थिति में पाया। इसके बाद होटल में हड़कंप मच गया और अफरा-तफरी फैल गई। प्रशासनिक टीम ने फौरन सभी युवक-युवतियों को हिरासत में ले लिया है और सभी से पूछताछ की जा रही है। इस दौरान पुलिस ने होटल मालिक को भी पकड़ लिया और उसे भी हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि इस होटल में लंबे समय से अनैतिक गतिविधियों की शिकायत पुलिस-प्रशासन को मिल रही थी। मिली जानकारी के मुताबिक, जांच के दौरान होटल में कई गंभीर खामियां भी पाई गईं।

## भाजपा को झटका: रामाधार सिंह देंगे इस्तीफा

औरंगाबाद, 24 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार भाजपा के कद्दावर नेता और पूर्व सहकारिता मंत्री रामाधार सिंह ने भाजपा से किनारा करने का मन बना लिया और दो दिन बाद सोमवार को भाजपा पार्टी से त्यागपत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल को देंगे। अम्बा में एक प्रेस वार्ता के दौरान यह घोषणा आज उन्होंने खुद की। इसके बाद राजनीतिक गलियारे में भूचाल आ गया है। लोग कह रहे है कि शुरू से बीजेपी में शामिल रामाधार सिंह आखिर पार्टी को क्यों बाय कर रहे है, जबकि उन्होंने इस पार्टी के लिए बहुत कुछ किया।



यहां तक कि पार्टी को खून-पसीने से सींचा है। हां यह बात जरूर है कि उनकी भाजपा के पूर्व सांसद सुशील सिंह से नहीं बनती। यूं कहे कि छत्तीस का आंकड़ा है। रामाधार इस बात से खफा रहते है कि विधान सभा चुनाव में सुशील सिंह ने ही उन्हें हराया, वो भी कांग्रेस के आनंद शंकर को जिताने के लिए। जिसके लिया मुझे हराया वो भी उनका ना हुआ। रामाधार सिंह ने कहा कि बिहार में राजपूत जाति के लोगों को सरकार सम्मान नहीं दे रही है। प्रदेश में सभी विभाग में एक जाति के ही अधिकारी की पोस्टिंग है। वहीं अपनी पार्टी के घोषणा पत्र पर बोलते हुए कहा कि औरंगाबाद सहित मगध के सभी सीटों पर मगध विकास मोर्चा के तहत चुनाव लड़ेंगे।

## न्यूयॉर्क में बड़ा हादसा

### नियाग्रा फॉल्स से लौट रही टूरिस्ट बस हाईवे पर पलटी, भारतीय मूल के दो लोगों समेत 5 की मौत

न्यूयॉर्क, 24 अगस्त (एजेंसियां)। नियाग्रा फॉल्स से न्यूयॉर्क सिटी लौट रही एक बस के अंतरराज्यीय राजमार्ग पर पलटने से उसमें सवार एक भारतीय समेत पांच यात्रियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बस में भारतीय और चीनी नागरिकों समेत कुल 54 लोग सवार थे। यह हादसा नियाग्रा फॉल्स से लगभग 70 किलोमीटर और न्यूयॉर्क शहर से करीब 600 किलोमीटर दूर हुआ। हादसे के तुरंत बाद, कुछ घायलों को हेलीकॉप्टर एम्बुलेंस के बेड़े ने क्षेत्रीय अस्पतालों में पहुंचाया। रिपोर्ट के अनुसार, मृतकों की पहचान बिहार के शंकर कुमार झा (65), ईस्ट ब्रंसविक, न्यू जर्सी की पिंकी चांगरानी (60) के रूप में की गई। मृतकों में तीन अन्य चीनी मूल के थे। इनकी पहचान बीजिंग, चीन के झी होंगझुओ (22), न्यू जर्सी के झांग शियाओलान (55) और जियान मिंगली (56) के रूप में हुई है।

## पीएम ओली की भारत और चीन यात्रा पर नजरें



### सीमा विवाद सुलझाने पर रहेगा जोर

काठमांडू, 24 अगस्त (एजेंसियां)। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की आगामी भारत यात्रा पर लिपुलेक विवाद का सीधा असर पड़ने की संभावना कम दिख रही है। उच्चस्तरीय सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री ओली इस दौरे को सीमा विवाद सुलझाने के लिए कूटनीतिक प्रयास के अवसर के रूप में भी देख रहे हैं। प्रधानमंत्री ओली चीन और भारत की यात्रा की तैयारी कर रहे हैं। इसी बीच नेपाल और भारत के बीच सीमा विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। नेपाल जिस लिपुलेक क्षेत्र को अपना अभिन्न अंग मानता है, वहां से भारत और चीन ने व्यापार शुरू करने का समझौता किया, जिसके बाद विवाद गहराया। लगभग 13 महीने के अपने तीसरे कार्यकाल के बाद प्रधानमंत्री ओली को भारत जाने का निमंत्रण मिला है। हाल ही में नेपाल आए भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से ओली को भारत यात्रा का औपचारिक निमंत्रण सौंपा। ओली के सचिवालय के अनुसार प्रधानमंत्री ने भी इस निमंत्रण के लिए आभार प्रकट किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ओली 16 सितंबर को दो दिवसीय भारत यात्रा पर जाएंगे।

## 'युद्ध खत्म कराने में भूमिका निभाए भारत'

### यूक्रेनी राजदूत बोले- बातचीत के जरिये समस्याओं का निकले हल

नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसियां)। रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म कराने के लिए भारत और ज्यादा सक्रिय भूमिका निभाए, क्योंकि यूक्रेन शांति वार्ता में भारत की भूमिका को महत्वपूर्ण मानता है। रूस का पुराना सहयोगी होने के चलते भारत यह कार्य कर सकता है। यह बात भारत में यूक्रेन के राजदूत ओलेक्जेंडर पोलिशचुक ने कही है। यूक्रेन के नेशनल फ्लैग डे पर साक्षात्कार में पोलिशचुक ने कहा कि भारत के साथ उनके देश की बातचीत 2023 से बढ़ी है। उस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत तटस्थ नहीं है, भारत शांति के पक्ष में है और बातचीत के जरिये समस्याओं को सुलझाने का समर्थन करता है। भारतीय प्रधानमंत्री के इस बयान के बाद यूक्रेन ने युद्ध खत्म कराने के लिए भारत की भूमिका को महत्वपूर्ण माना और अब शांति वार्ता में शामिल होने की उम्मीद कर रहा है। इस बीच युद्ध में यूक्रेन ने रूस की राजधानी मॉस्को पर ड्रोन हमले की कोशिश की। इसके चलते मॉस्को और उसके आसपास के शहरों का हवाई यातायात कई घंटे रुका रहा। रूसी एयर डिफेंस सिस्टम ने मॉस्को पहुंचने से पहले इन ड्रोन को मार गिराया। इस दौरान किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है।

## सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल को नहीं मिली गिरफ्तारी से राहत, जल्द होगी कार्रवाई

रायपुर, 24 अगस्त (एजेंसियां)। महादेव सट्टा एप के संचालक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। दोनों को गिरफ्तारी से राहत नहीं मिली है। ईडी की विशेष अदालत में दोनों की ओर से दायर गैर-जमानती वारंट रद करने की अर्जी पर सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया है। अब इस पर फैसला तीन नवंबर को आएगा। दोनों की ओर से कहा गया है कि वह तीन महीने में खुद से कोर्ट में पेश हो जाएंगे। बता दें कि ऑनलाइन गेमिंग और गैंबलिंग पर नियंत्रण को लेकर संसद में बिल पारित होने के बाद अब कार्रवाई तेज हो गई है। ईडी ने महादेव एप घोटाले में सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल को मुख्य आरोपी बनाया है। आरोप है कि दोनों ने अवैध आनलाइन सट्टेबाजी का बड़ा नेटवर्क खड़ा किया, जिससे हजारों करोड़ रुपये की अवैध कमाई की गई।



# अंतरराष्ट्रीय बिग कैट अलायंस में शामिल हुआ नेपाल

## भारत ने साल 2023 में की थी शुरुआत

**काठमांडू**, 24 अगस्त (एजेंसियां)। नेपाल आधिकारिक तौर पर अंतरराष्ट्रीय बिग कैट अलायंस (आईबीसीए) में शामिल हो गया है। अंतरराष्ट्रीय बिग कैट अलायंस, भारत के नेतृत्व में चल रही एक वैश्विक पहल है, जिसका उद्देश्य बिग कैट की सात प्रजातियों का संरक्षण है। आईबीसीए, बिग कैट संरक्षण में रुचि रखने वाले 90 से अधिक देशों का एक बहु-देशीय, बहु-एजेंसी गठबंधन है। आईबीसीए ने घोषणा की, 'नेपाल फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर करके औपचारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय बिग कैट अलायंस में शामिल हो गया है। अपने भूभाग में हिम तेंदुआ, बाघ और सामान्य तेंदुआ होने के कारण, नेपाल का आईबीसीए में शामिल होना बिग कैट संरक्षण के लिए वैश्विक सहयोग को मजबूत करेगा।'
आईबीसीए ने 'साझा पारिस्थितिक सुरक्षा की दिशा में इस महत्वपूर्ण कदम के लिए नेपाल सरकार को बधाई दी है।' नेपाल में साल 2009 में बाघों की संख्या 121 थी, जो अब साल 2022 तक तीन गुना बढ़कर 355 हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 अप्रैल, 2023 को कर्नाटक के मैसूर में सात बड़ी बिल्लियों, बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जगुआर और प्यूमा के वैश्विक संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय बिग कैट अलायंस (आईबीसीए) की शुरुआत की थी। भारत के पास बाघों के संरक्षण में एक लंबा अनुभव है और शेर, हिम तेंदुआ और तेंदुए जैसी अन्य बड़ी बिल्लियों के लिए अनुकरणीय संरक्षण मॉडल हैं। अंतरराष्ट्रीय बिग कैट अलायंस के प्लेटफार्म की मदद से बिग कैट रेंज के देश अपने अनुभव साझा कर सकते हैं और बाघों, चीतों आदि के संरक्षण के लिए संसाधन जुटा सकते हैं।

## शराब पीकर गाड़ी चलाने के पुराने मामलों में निर्वासन का खतरा

## ट्रंप प्रशासन ने डीयूआई एक्ट का समर्थन किया



**वॉशिंगटन**, 24 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका में ट्रंप प्रशासन के एचआर.875 या प्रोटेक्ट आवर कम्युनिटीज फ्रॉम डीयूआई एक्ट का समर्थन करने से अप्रवासी समुदाय, खासकर भारतीय प्रवासियों के लिए खतरा बढ़ गया है। शराब पीकर गाड़ी चलाने (डीयूआई-ड्राइव अंडर इन्फ्लूएंस) के पुराने मामलों में अब अमेरिका में निर्वासन के खतरे की घंटी से ग्रीन कार्ड व वीजा धारकों की चिंता बढ़ गई है। यह विधेयक हाउस में पास हो चुका है और अब इसे सीनेट में समर्थन मिल रहा है, जिसे व्हाइट हाउस का भी समर्थन प्राप्त है। अभी तक, कम गंभीर डीयूआई अपराधों के कारण आमतौर पर निर्वासन या अमेरिका में प्रवेश पर रोक नहीं लगती थी। लेकिन, विल के कानून बनने से स्थिति बदल जाएगी। आप्रवासन वकील जोसेफ त्सांग ने कहा, कानून बना तो किसी भी गैर अमेरिकी नागरिक को सिर्फ एक पुराने डीयूआई रिकॉर्ड के आधार पर अमेरिका से बाहर निकाला जा सकता है या उसे वापस आने से रोका जा सकता है। इस खतरे को देखते हुए, आप्रवासन वकील उन सभी ग्रीन कार्ड धारकों को सलाह दे रहे हैं जो नागरिकता के लिए पात्र हैं कि वे तुरंत इस प्रक्रिया को शुरू करें। इसके अलावा, जिन लोगों के पास डीयूआई का रिकॉर्ड है, उन्हें जल्द से जल्द कानूनी सलाह लेने और अपनी रक्षा के लिए मजबूत कदम उठाने की सलाह दी गई है।

## कोरिया ने एयर डिफेंस मिसाइल का परीक्षण कर मचा दिया हड़कंप

### नहीं बताया क्या होगी खासियत ?



**सियोल**, 24 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने दो नई वायु रक्षा मिसाइलों के परीक्षण की निगरानी की है, सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। इससे पहले प्योंगयांग ने सियोल पर सीमा पर तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया था। कोरियन सेंट्रल न्यूज़ एजेंसी (केसीएनए) की रिपोर्ट के अनुसार, हुए इस परीक्षण से पता चला कि दोनों नई मिसाइल हथियार प्रणालियों में बेहतर युद्ध क्षमता है। केसीएनए की रिपोर्ट में नई मिसाइलों के बारे में विस्तार से नहीं बताया गया, केवल इतना बताया गया कि उनका संचालन और प्रतिक्रिया मोड अद्वितीय और विशेष तकनीक पर आधारित है। इसमें यह भी नहीं बताया गया कि परीक्षण कहां किया गया था।
केसीएनए ने कहा, इस परीक्षण से यह विशेष रूप से साबित हुआ कि दो प्रकार के प्रक्षेपास्त्रों की तकनीकी विशेषताएं विभिन्न हवाई लक्ष्यों को नष्ट करने के लिए बहुत उपयुक्त हैं। इसमें किम द्वारा वाशिंगटन या सियोल पर की गई किसी टिप्पणी का उल्लेख नहीं किया गया। यह परीक्षण दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति ली जे म्युंग की जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के साथ शिखर सम्मेलन के लिए टोक्यो यात्रा के दौरान हुआ, जहां उन्होंने उत्तर कोरिया की परमाणु महत्वाकांक्षाओं सहित साझा चुनौतियों का समाधान करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ द्विपक्षीय सहयोग और त्रिपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने का संकल्प लिया।
ली को रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ शिखर सम्मेलन के लिए वाशिंगटन के लिए रवाना होना था। किम की सरकार ने अपने परमाणु हथियारों और मिसाइल कार्यक्रमों को बंद करने के उद्देश्य से लंबे समय से रुकी हुई वार्ता को फिर से शुरू करने के लिए सियोल और वाशिंगटन के आह्वान को बार-बार खारिज कर दिया है, क्योंकि वह संयुक्त राज्य अमेरिका का सामना करने वाले देशों के साथ संबंधों का विस्तार करने के उद्देश्य से विदेश नीति के हिस्से के रूप में रूस को प्राथमिकता देना जारी रखे हुए है।



# लंदन की निजी यात्रा में सरकारी खजाने का इस्तेमाल

## श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे गिरफ्तार; क्या बोले शशि थरूर ?

**लंदन**, 24 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद शशि थरूर ने श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की गिरफ्तारी पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कोलंबो से प्रतिशोध की राजनीति को त्यागने और अपने पूर्व राष्ट्रपति के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करने की अपील की है। कांग्रेस सांसद ने रविवार (24 अगस्त, 2025) को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को मामूली आरोपों में हिरासत में लिए जाने पर मैं चिंतित हूं। उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के कारण उन्हें पहले ही जेल के अस्पताल में ले जाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि मैं श्रीलंका की सरकार से अपील करता हूं और इस बात का पूरा सम्मान करते हुए कि यह उनका आंतरिक मामला है, बदले की राजनीति का त्याग करें। शशि थरूर ने कहा कि श्रीलंका की सरकार अपने पूर्व राष्ट्रपति के साथ उस सम्मान और गरिमा के साथ पेश आएं, जिसके वे देश के प्रति दशकों की सेवा के बाद हकदार हैं। श्रीलंकाई पत्रकार एस वेंकट नारायण ने कहा, मुझे लगता है कि यह बेहद हास्यास्पद है क्योंकि उन्होंने (विक्रमसिंघे) ने गिरफ़्तारी से पहले कहा था कि मैंने अपने लिए कभी कुछ नहीं किया। मैंने सिर्फ़ श्रीलंका के लिए काम किया और आप जानते हैं कि मुझे गिरफ़्तार करना ये दर्शाता है कि अनुरा (राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके) इस समय किस तरह के प्रशासन का नेतृत्व कर रहे हैं। न्यूज़वायर लंका की रिपोर्ट के अनुसार, रानिल विक्रमसिंघे को सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप में गिरफ़्तार किया गया था। उनकी गिरफ़्तारी लंदन की एक निजी यात्रा के खर्चों को पूरा करने के लिए सरकारी धन का इस्तेमाल करने के आरोपों से जुड़ी है, जहां उन्होंने एक विश्वविद्यालय के स्नातक समारोह में भाग लिया था। जांचकर्ताओं का दावा है कि यह यात्रा जो एक व्यापक विदेशी दौरे का हिस्सा थी, कोई आधिकारिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि इसका वित्तपोषण सरकारी धन से किया गया था।

## अवैध गन फैक्ट्री का भंडाफोड़

### 8 घंटे की छापेमारी में 6 पिस्टल और लेथ मशीन जब्त

**जमशेदपुर**, 24 अगस्त (एजेंसियां)। जमशेदपुर पुलिस ने सोनारी तिलोभट्टा इलाके में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अवैध गन फैक्ट्री का पर्दाफाश किया। चौंकाने वाली बात यह है कि यह फैक्ट्री सोनारी तिलोभट्टा टीओपी से सिर्फ 20 फीट की दूरी पर संचालित हो रही थी। डीएसपी मनोज ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक बजे से लेकर छापेमारी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने छह पिस्टल, हथियार बनाने के उपकरण और तीन लेथ मशीनें जब्त कीं। इस मामले में लखिंदर सरदार समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि मुख्य आरोपी समीर सरदार मौके से फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस उड़ीसा और सरायकेला में लगातार छापेमारी कर रही है।
गिरफ्तार आरोपी लखिंदर सरदार ने पूछताछ में खुलासा किया कि यह अवैध कारोबार पिछले एक साल से संचालित हो रहा था। फैक्ट्री मृत अपराधी तिलो सरदार के मकान में चलाई जा रही थी। आरोपी दुकान के सामने बैग बेचने का बहाना करके आने-जाने वालों की गतिविधियों पर नजर रखते थे। मुख्य आरोपी समीर सरदार का आपराधिक इतिहास पहले से ही लंबा है।
वह कई मामलों में जेल जा चुका है और इस समय जमानत पर बाहर है। पुलिस के अनुसार, समीर स्थानीय स्तर पर हथियार तैयार करवाकर उन्हें बिहार के मुंगेर भेजता था। वहां हथियारों की फिनिशिंग के बाद उन्हें बिहार में सप्लाई किया जाता था। इस मामले का सुराग तब लगा जब चार दिन पहले बिहार एसटीएफ ने एक अपराधी को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने ये हथियार जमशेदपुर के सोनारी तिलोभट्टा स्थित समीर सरदार से खरीदे थे। इसी सूचना के आधार पर जमशेदपुर पुलिस ने छापेमारी कर पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ किया।

## सरकंडा पुल पर खड़ी होकर नीचे नदी की ओर देख रही थी युवती, राहगीरों की सूझबूझ से बची जान!

**बिलासपुर**, 24 अगस्त (एजेंसियां)। एक युवती बिलासपुर के सरकंडा पुल पर खड़ी होकर नदी की तरफ देख रही थी। उसे ऐसा करते देख राहगीरों में हड़कंप मच गया। उन्हें लगा कि कहीं युवत नदी में न कूद जाए। मौके पर मौजूद राहगीरों की सूझबूझ ने उसकी जान बचा ली। बताया जा रहा है कि युवती तखतपुर क्षेत्र की रहने वाली है। वह पुल पर काफी देर तक खड़ी होकर नीचे नदी की ओर देख रही थी। इस बीच आसपास मौजूद लोगों ने स्थिति को भांपते हुए उसे बातों में उलझा लिया और धीरे-धीरे पास आकर पकड़ लिया। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। सूचना मिलने पर सरकंडा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और युवती को थाने ले गई। पूछताछ के दौरान वह कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं थी। प्रथम दृष्टिया युवती मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रही है।

## पूर्व विधायक मेनका सरदार के पति के वाहन का पुलिस ने उतरवाया झंडा

### भाजपाइयों ने किया जमकर हंगामा



**जमशेदपुर**, 24 अगस्त (एजेंसियां)। पोटका के पूर्व भाजपा विधायक मेनका सरदार के पति विभीषण सरदार की वाहन से पार्टी का झंडा और काली फिल्म हटाने को लेकर टाटानगर स्टेशन रोड स्थित यातायात बूथ के सामने भाजपाइयों ने जमकर हंगामा किया। जिसके बाद वाहन को छोड़ दिया गया। विभीषण सरदार अपने पुत्र आशीष सरदार के साथ स्टेशन रोड होते हुए पोटका जा रहे थे। संकटा सिंह पेट्रोल पंप के पास वाहन को यातायात पुलिस ने रोक लिया। वाहन से पार्टी का झंडा और काली फिल्म हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई।
जिसकी जानकारी पर भाजपा नेता ललन यादव, सुशील सिंह, संजय सिंह समेत पार्टी के कई नेता पहुंचे। पुलिस की कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। आरोप लगाया गया कि पुलिस विपक्षी दलों के वाहनों का झंडा जबरन उतरवा रही है। कार्रवाई हो तो सभी पर हो।
15 मिनट तक हो-हंगामा के बाद विभीषण सरदार वाहन लेकर चले गए। इधर, आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने राजनीतिक दलों का झंडा उतरवाना और जुर्माना वसूली को पुलिस-प्रशासन की मनमानी बताया है। पुलिस जाम हटाने का काम नहीं करती। अवैध पार्किंग के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करती। इसका विरोध पार्टी करेगी।



# भारत के बाद अब यूरोप ने भी ट्रंप को दिया झटका

## इन दो देशों ने यूएस के 5वीं पीढ़ी के फाइटर जेट एफ-35 खरीदने से कर दिया इनकार

**पेरिस**, 24 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के बाद अब यूरोप से भी अमेरिका को बड़ा झटका लगा है। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की उम्मीदों को उस समय धक्का लगा, जब स्पेन और स्विट्जरलैंड ने अमेरिका के 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एफ-35 को खरीदने से साफ इनकार कर दिया। दोनों देशों ने इसके बजाय यूरोपीय विकल्पों पर भरोसा जताते हुए अपनी रक्षा रणनीति को नई दिशा दी है। स्पेन और स्विट्जरलैंड के हालिया फैसलों ने अमेरिकी एफ-35 लड़ाकू विमान से दूरी बनाने की ओर यूरोप के रुख को और स्पष्ट कर दिया है। यह कदम सिर्फ कीमतों पर विवाद की वजह से नहीं है, बल्कि अमेरिका के "सस्टेनमेंट मोनोपोली" को लेकर चिंता भी है, जिसमें भविष्य के सभी अपग्रेड, सॉफ़्टवेयर और ऑपरेशनल डेटा पर अमेरिका का नियंत्रण होगा।
यह स्थिति बदलते राजनीतिक हालात में रणनीतिक जोखिम पैदा करती है। स्पेन ने अचानक अपने एफ-35 खरीदने की योजना को खत्म कर दिया। पहले यह माना जा रहा था कि मैड्रिड अपनी नौसेना के जुआन कार्लोस प्रथम एयरक्राफ्ट कैरियर के लिए एफ-35बी खरीदेगा, लेकिन अब उसने यह योजना रद्द कर दी है। इसके बजाय स्पेन ने 25 नए यूरोफाइटर टाइफून खरीदने और फ्यूचर कॉम्बैट एयर सिस्टम (एफसीएएस) पर जोर देने का फैसला किया है। यह निर्णय स्पेन की नौसैनिक ताकत को फिलहाल कमजोर करेगा क्योंकि अब अगले दस साल तक उसके पास असली पांचवीं पीढ़ी का विमान नहीं होगा।
लेकिन इसका फायदा घरेलू उद्योग को होगा। यूरोपीय प्रोग्राम्स में अरबों यूरो निवेश करके स्पेन अपनी सप्लाई चेन, रोजगार और तकनीकी क्षमता को मजबूत करेगा और यह सब यूरोपीय स्वामित्व में रहेगा। स्विट्जरलैंड ने 2022 में जनमत संग्रह कराकर 36 एफ-35ए विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी, जिसकी कीमत लगभग 6 अरब स्विस फ्रैंक थी। लेकिन 2023 के अंत तक हालात बदलने लगे। अमेरिका ने स्विस अधिकारियों को गुप्त ब्रीफिंग में बताया कि कॉन्ट्रैक्ट पूरी तरह फिक्स्ड नहीं है और महंगाई व सामग्री लागत बढ़ने पर कीमतें 650 मिलियन फ्रैंक या उससे ज्यादा बढ़ सकती हैं। इसके बाद वाशिंगटन ने स्विस निर्यात पर नए टैरिफ भी लगा दिए।
इससे डील पर विश्वास और कम हो गया और अब बर्न में कई नेता सौदे को कम करने या पूरी तरह रद्द करने की मांग कर रहे हैं। स्पेन के पास एफसीएएस को आगे बढ़ाने की औद्योगिक क्षमता और राजनीतिक इच्छाशक्ति है। वहीं स्विट्जरलैंड के पास न तो ऐसा उद्योग है और न ही रक्षा महत्वाकांक्षा, इसलिए उसके सामने फैसला कठिन है - सस्ता विकल्प या सुरक्षित सप्लाई चेन।
लेकिन दोनों देशों की चिंता एक जैसी है - एफ-35 की तकनीकी श्रेष्ठता के बावजूद यह विमान लागत, सुरक्षा और नियंत्रण के लिहाज से भारी जोखिम लाता है। एफ-35 पर लंबे समय से आरोप है कि लॉकहीड मार्टिन ने एक तरह का "मोनोपोली" बना लिया है। सॉफ़्टवेयर अपग्रेड और बदलाव केवल अमेरिकी अनुमति से होते हैं और लाइफसाइकिल कॉस्ट लगातार बढ़ती जा रही है।

## रूस ने कुर्स्क न्यूक्लियर प्लांट के पास यूक्रेन के ड्रोन को मार गिराया, नहीं थमेगा युद्ध ?

**कीव**, 24 अगस्त (एजेंसियां)। रूस और यूक्रेन के बीच हमले बंद नहीं हो रहे हैं। सैनिकों ने रविवार को कुर्स्क क्षेत्र में एक परमाणु संयंत्र के पास एक यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया है। इंटरफैक्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, ड्रोन को कुर्स्क परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास मार गिराया गया, इससे सहायक ट्रांसफार्मर को नुकसान पहुंचा। परमाणु संयंत्र की प्रेस सेवा ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर एक बयान में कहा, यूक्रेन के सशस्त्र बलों के एक यूएवी को कुर्स्क परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा मार गिराया गया। टक्कर के बाद, ड्रोन में विस्फोट हो गया, जिससे एक सहायक ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया। इससे पहले, रूस के संघीय फ्री-टू-एयर टेलीविजन नेटवर्क ने रविवार तड़के संयंत्र की प्रेस सेवा के हवाले से बताया कि कुर्स्क परमाणु ऊर्जा संयंत्र में आग लग गई है। आरईएन टीवी ने अपने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर बताया कि आग संयंत्र के परमाणु खंड के बाहर एक ट्रांसफार्मर इकाई में लगी। प्रेस सेवा ने कहा कि लोगों या संयंत्र के लिए कोई सुरक्षा खतरा नहीं है। रूस का कहना है कि उसके सैनिकों ने पूर्वी यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र में दो गांवों पर कब्जा कर लिया है, जिससे युद्ध को समाप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों के संघर्ष के बीच सैन्य दबाव बढ़ गया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को टेलीग्राम पर कहा कि मॉस्को की सेनाओं ने डोनेट्स्क में 1,000 किमी (620 मील) की सीमा रेखा के साथ श्रीदनेये और क्लेबन-ब्यक के गांवों पर कब्जा कर लिया है। रूस ने कहा कि उसके सैनिकों ने डोनेट्स्क में तीन गांवों पर कब्जा कर लिया है।

# भारत को अलग करना रणनीतिक आपदा होगी

### अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने ट्रंप को दी नसीहत



**वॉशिंगटन**, 24 अगस्त (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने भारत-अमेरिका संबंधों के महत्व पर जोर देते हुए ट्रंप प्रशानस को चेतावनी दी कि चीन की बढ़ती आक्रामकता के समय भारत को अलग-थलग करना एक 'रणनीतिक आपदा' होगी। उनकी यह टिप्पणी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50% टैरिफ लगाने के फैसले के बाद आई है, जिससे द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में तनाव पैदा हो गया है। हडसन इंस्टीट्यूट के बिल ड्रेक्सेल के साथ सह-लिखित एक लेख में, हेली ने तर्क दिया कि चीन का मुकाबला करने के लिए अमेरिका और भारत के बीच साझेदारी पर कोई विचार नहीं होना चाहिए।
निकी हेली ने लिखा, चीन का मुकाबला करने के लिए अमेरिका और भारत के बीच साझेदारी पर कोई विचार नहीं किया जाना चाहिए। भारत और चीन ऐसे पड़ोसी हैं जिनके आर्थिक हित परस्पर विरोधी रहे हैं और दोनों देशों के बीच लंबे समय से क्षेत्रीय विवाद चल रहे हैं, जिनमें हाल ही में 2020 में विवादित सीमाओं पर हुई एक घातक झड़प भी शामिल है। कम्युनिस्ट चीन के विपरीत, भारत का दुनिया के किसी देश के लिए खतरा नहीं है। अब चीन के सामने भारत को खड़ा करने में मदद करना अमेरिका के हितों की पूर्ति करेगा।
हेली ने भारत और अमेरिका के संबंधों की गहराई को रेखांकित करने के लिए इतिहास का हवाला दिया और कहा, साल 1982 में राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन द्वारा भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सम्मान में आयोजित राजकीय रात्रिभोज में रीगन ने दो गौरवान्वित, स्वतंत्र लोगों की मित्रता का जश्न मनाया था। यह संबंध अब एक चिंताजनक मोड़ पर पहुंच गया है। भारत के साथ एक बहुमूल्य स्वतंत्र और लोकतांत्रिक साझेदार की तरह व्यवहार किया जाना चाहिए, न कि चीन जैसे विरोधी की तरह, जो अब तक रूस से तेल खरीद के कारण प्रतिबंधों से बचता रहा है।


स्वतंत्र वार्ता

सोमवार, 25 अगस्त- 2025

## दहेज के लिए जिंदा जला दिया

दहेज, एक ऐसी प्रथा है, जिसके उन्मूलन के लिए न जाने कितने महापुरुषों ने आंदोलन चलाए। सरकार से लेकर प्रशासन तक लगभग हर किसी ने इस पर लगाम के लिए सख्त कदम उठाने पर जोर दिया। बावजूद इसके दहेज लोभियों के लालच में कोई कमी नहीं आई है। समाज में आज भी कुछ ऐसा पिछड़ापन देखने को मिल जाता है जो सोचने के लिए मजबूर कर देता है कि हम ये कैसे समाज में जी रहे हैं। ऐसा ही दिल को झकझोर देने वाला एक मामला देश की राजधानी दिल्ली से चंद किलोमीटर दूर ग्रेटर नोएडा में सामने आया है। जहां दहेज के लिए पत्नी को जिंदा जलाने का आरोप उसके पति और ससुरालवालों पर लगा है। मामला ग्रेटर नोएडा के सिरसा गांव का है, जहां 26 वर्षीय निक्की पायला को ससुराल में ही जिंदा जलाने की कोशिश हुई। इस दौरान वो इतनी बुरी तरह झुलस गई कि अस्पताल में उसकी मौत हो गई। निक्की को जिंदा जलाने का आरोप उसके पति पर ही लगा है। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता निक्की के पति और ससुरालवालों ने उसकी बेरहमी से पिटाई उसे आग के हवाले कर दिया। इस सनसनीखेज वारदात के बारे में जिसने भी सुना वो सन्न रह गया। हर कोई ये सोचने को मजबूर हो गया कि क्या आज के समय भी ऐसे दहेजलोभी लोग समाज में हैं। अगर हैं तो उन पर एक्शन क्यों नहीं हो रहा। निक्की की शादी दिसंबर 2016 में ग्रेटर नोएडा के विपिन से हुई थी। परिजनों के मुताबिक, शादी में स्कॉर्पियो गाड़ी और काफी सामान दहेज के रूप में दिया गया था। बावजूद इसके उन लोगों का लालच खत्म नहीं हुआ। अभी भी ससुराल पक्ष उनसे 35 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। मृतका की बहन कंचन ने अपनी बहन की मौत से जुड़ी सच्चाई सबको बताई। कंचन के मुताबिक, 21 अगस्त को निक्की के पति विपिन और उसके परिवारवालों ने उसे बुरी तरह पीटा था। इसके बाद निक्की को ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग के हवाले कर दिया गया। पड़ोसियों की मदद से उसे पहले फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया, फिर वहां से दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन, निक्की को बचाया नहीं जा सका। इस पूरे मामले में सबसे दिल दहला देने वाला पहलू तब सामने आया जब निक्की के छोटे बेटे ने घटना की पुष्टि की। उस बच्चे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा, जिसमें वह साफ कहता है कि पापा ने मम्मी को लाइटर से जलाकर मारा। सवाल लाजिम है कि क्या आज के बेटियों की स्थिति सुधरने वाली नहीं है। एक पिता, एक परिवार कितने नाजों से अपनी बेटी को बड़ा करता है। उसे पढ़ा-लिखा कर धूमधाम से शादी करता है। बिटिया को ससुराल में तकलीफ नहीं हो इसके लिए वो हर ज़रूरी कोशिशों में हमेशा जुटा रहता है। और फिर ऐसी घटना सामने आती है जो अंदर तक झकझोर के रख देती है। ग्रेटर नोएडा में निक्की के साथ जो हुआ वो कई सवाल खड़े कर रहा। क्या इंसान चंद पैसों के लिए इतना भी गिर सकता है कि अपनी पत्नी को ही जिंदा जला दे? बहरहाल, आरोपी पति को भागते समय इनकाउंटर में गोली लगी है, उसका भी इलाज अस्पताल में चल रहा है।

# विधानसभा चुनाव में छोटे दलों की भूमिका?



अशोक भाटिया

बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक है और सभी पार्टियों ने तैयारियों को लेकर कमर कस ली है। नीतीश कुमार की अगुवाई वाली एनडीए सरकार को आरजेडी की अगुवाई वाला महागठबंधन चुनौती दे रहा है। भाजपा के बड़े नेताओं के बिहार के लगातार दौरे हो रहे है । पिछले कुछ महीनों से बिहार के लिए केंद्र सरकार ने अपना खजाना खोल दिया है। इसी क्रम में अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में एक बार फिर बिहार पहुंचे हैं, जहां उन्होंने 12,992 करोड़ रुपये की लागत वाली कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसमें गंगा पर बना 6 लेन वाला पुल भी शामिल है। इसके अलावा वैशाली से कोडरमा के बीच का बुद्ध सर्किट ट्रेन की शुरुआत भी हुई। इस बीच चुनाव में छोटी-छोटी पार्टियां भी बड़ी भूमिका अदा करने के लिए तैयार दिख रही हैं। ये छोटी पार्टियां भले ही कम सीटों पर अपना असर दिखाएंगी, लेकिन चुनाव के बाद बनने वाले सियासी परिदृश्य में किंगमेकर की भूमिका निभा सकती हैं। इतिहास पर नज़र डाले तो बिहार में 2020 का विधानसभा चुनावों बेहद रोमांचक साबित हुआ था। इसका एक कारण छोटे दलों का मजबूत प्रदर्शन था। 11 सीटों पर फैसला एक हजार से भी कम वोटों से हुआ, और 26 सीटों पर 1 प्रतिशत से 2.15 प्रतिशत के अंतर से जीत हासिल हुई थी। इसमें जद (यू) के कृष्ण मुरारी शरण (प्रेम मुखिया) की जीत भी शामिल है। उन्होंने हिलसा विधानसभा क्षेत्र में सिर्फ 12 वोटों से जीत हासिल की, जो बिहार के इतिहास में जीत का कम 14 चुनावों में सबसे कम अंतर से जीत थी। मुख्य मुकाबला भाजपा और जद(यू) के नेतृत्व वाले एनडीए और राजद, कांग्रेस और वाम दलों के नेतृत्व वाले महागठबंधन के बीच था, लेकिन हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), विकासशील इंसान पार्टी, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (उपेंद्र कुशवाहा), जन अधिकार पार्टी (पप्पू यादव), जैसी कई छोटी पार्टियों ने उन सीटों पर चुनाव लड़ा जहां उनकी जाति या समुदाय का अच्छा प्रभाव है। सीटों की संख्या कम होने के बावजूद, उन्होंने मुकाबले को और व्यापक बनाया और पारंपरिक वोट बैंक को विभाजित किया। मुकेश सहनी की वीआईपी पार्टी की स्थापना 2018 में हुई । विकासशील इंसान पार्टी शुरू में महागठबंधन के साथ थी लेकिन सीट बंटवारे को लेकर हुए विवाद और उनके अनुसार राष्ट्रीय जनता दल द्वारा छोटे दलों को अहमियत न देने के कारण मुकेश सहनी ने गठबंधन छोड़ दिया। 2020 के विधानसभा चुनावों में पार्टी ने एनडीए में शामिल होकर 11 सीटों पर चुनाव लड़ा जिनमें से पार्टी ने 4 सीटें जीती। हालांकि खुद मुकेश सहनी चुनाव हार गए। वीआईपी पार्टी वोट शेयर में 152% भागीदार रहे। वीआईपी 2025 में 60 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। सहनी इस समय विपक्षी महागठबंधन का हिस्सा है जिसमें राष्ट्रीय जनता दल , कांग्रेस और वामपंथी पार्टियां शामिल हैं। मुकेश सहनी ने 60 सीटों की मांग करते हुए ये दावा किया कि उनकी पार्टी 150 से ज़्यादा विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकती है। दूसरी ओर, अख्तरुल ईमान के क्षेत्रीय नेतृत्व वाली एआईएमआईएम ने 2020 में बिहार की राजनीति में प्रवेश किया, जहां उसने 20 सीटों पर चुनाव लड़ा, जिनमें से पांच मुस्लिम बहुल सीमांचल क्षेत्र में थीं। 1.24 प्रतिशत वोट शेयर के साथ, एआईएमआईएम ने किशनगंज, अररिया, पुरीना और कटिहार में प्रभाव बनाया है, जो सीधे तौर पर मुस्लिम मतदाताओं पर कब्जा जमाकर आरजेडी को चुनौती दे रहा है। घुसपैठियों के खिलाफ भाजपा के अभियान के बावजूद, इसका असर महागठबंधन पर पड़ सकता है। बिहार विधानसभा चुनाव में वाम दल (लेफ्ट पार्टियां) अब महागठबंधन का अहम हिस्सा बन गए हैं। 2020 में तीन वाम दल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) यानी सीपीआई(एम) ने मिलकर 243 में से 29 सीटों पर चुनाव लड़े थे जिनमें से उन्होंने 16 सीटें जीती थी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन ने अकेले ही 12 सीटों पर जीत पायी थी। सीपीआई (एमएल) लिबरेशन के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने हाल ही में मीडिया से बात करते हुए कहा कि उनकी पार्टी 40 से 45 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। इन दलों के अलावा बिहार के और दलों में पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) है। जीतन राम मांझी बिहार के एक बड़े दलित नेता के जैसे जाने जाते हैं। एचएएम पार्टी 2015 में स्थापित हुयी थी। 2015 के चुनावों में हम ने अकेले 21 सीटों में चुनाव लड़ा था जिसमें से केवल 1 सीट पर उन्हें जीत मिली थी और लगभग 2% वोट हासिल किये थे। वहीं 2020 के चुनाव में हम ने जेडीयू के साथ लड़ा था और 7 सीटों में से 4 सेटों पर जीत हासिल की थी। हालाँकि इनका वोट शेयर 0.8% था फिलहाल ये एनडीए गुट में हैं। उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक समता पार्टी जो एनडीए में शामिल है। कुशवाहा ने आरएलएसपी 2013 में जेडीयू से अलग होने पर बनायीं थी मगर वो एनडीए के साथ एक ही गुट में हैं। इस पार्टी को ज़्यादातर कोरी और कुशवाहा समाज का वोट मिलता है जो बिहार की प्रमुख पिछड़ी जाती में आती है। 2015 में पार्टी ने 23 सीटों में चुनाव लड़ा था और उनमें से 2 सीटें जीती थी और लगभग 2.56% वोट शेयर पाया था। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव के बाद उपेंद्र कुशवाहा ने अपनी पार्टी को राष्ट्रीय जनता दल की अगुवाई वाले महागठबंधन से अलग कर लिया और बहुजन समाज पार्टी और जनतांत्रिक पार्टी (सोशलिस्ट) के साथ गठबंधन कर लिया। आरएलएसपी ने 2020 में 104 सीटों से चुनाव लड़ा और एक भी सीट नहीं जीत पाई, लेकिन उसकी सहयोगी पार्टियां एआईएमआईएम और बीएसपी कुल मिलाकर 6 सीटें जीतने में कामयाब रहीं। आरएलएसपी का वोट शेयर 2020 में 1.77% रहा। हालांकि, सबसे दिलचस्प घटनाक्रम मशहूर राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी (जेएसपी) का उदय है। 2024 के उपचुनाव में इस पार्टी ने चार निर्वाचन क्षेत्रों में लगभग 10 प्रतिशत वोट हासिल किए, जिसमें इमामगंज निर्वाचन क्षेत्र में जितेंद्र पासवान को 20 प्रतिशत वोट मिले। जेएसपी की राज्यव्यापी 'बिहार बदलाव यात्रा' ने इसकी जमीनी पहुंच को बढ़ाया है। हालांकि इसमें बिहार की राजनीतिक व्यवस्था को उलटने के लिए पर्याप्त ताकत नहीं है, लेकिन ग्रामीण असंतोष और दोनों गठबंधनों के खिलाफ युवाओं की शिकायतें इसके राजनीतिक भविष्य को आकार दे सकती हैं। द प्लुरलस पार्टी की स्थापना 2020 में पुष्पम प्रिया चौधरी ने की। इस पार्टी ने 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में अपना चुनावी डेब्यू (पहला चुनाव) किया और सभी 243 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे लेकिन पार्टी के सभी उम्मीदवार चुनाव हार गए, जिसमें पार्टी अध्यक्ष पुष्पम प्रिया चौधरी भी शामिल थीं, जिन्होंने बांकीपुर और बिस्फी सीटों से चुनाव लड़ा था। इन्हे कुल 209,417 वोट मिले।

हिन्द सेना के शिवदीप वामनराव लांडे ये तक ऐलान किया कि उनकी पार्टी आने वाले चुनाव में बिहार की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इनके अलावा जन सुराज पार्टी भी सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बीएसपी ने भी बिहार के औरंगाबाद से ऐलान किया की वो भी सभी 243 सीटों में अकेले उतरेंगे। ऐसा लग रहा है कि ये सारे छोटे दल किसी भी बड़े दल के साथ गढ़बंधन करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे तो इनका वोटकटवा बनने के ज़्यादा आशंका है। दरअसल, ऐसा देखा गया है कि छोटे दल बड़े पार्टियों के वोटों को काटने की भूमिका निभाते हैं क्यूंकि इनमे ज़्यादातर कोई उम्मीदवार सत्ता में नहीं आता मगर कुछ वोट ज़रूर ले जाता है जिससे चुनाव के परिणाम में फ़र्क़ पड़ता है। समुदाओं के वोट बिखरने से नतीजा बदल जाता है।

## इक्षक : जलमार्गों की सुरक्षा का स्वदेशी प्रहरी



योगेश कुमार गोयल

भारतीय नौसेना की बढ़ती सामरिक क्षमताओं और समुद्री प्रभुत्व को सुदृढ़ करने की दिशा में उस समय एक और मील का पत्थर जुड़ गया, जब स्वदेशी तकनीक से निर्मित आधुनिकतम सर्वेक्षण पोत (एसवीएल) 'इक्षक' को आधिकारिक रूप से नौसेना को सौंप दिया गया। 'इक्षक' का अर्थ है 'मार्गदर्शक' और यह नाम अपने आप में प्रतीकात्मक है क्योंकि इस जहाज का मूल उद्देश्य ही समुद्री मार्गों, नौवहन चैनलों तथा गहरे समुद्री क्षेत्रों का सटीक सर्वेक्षण कर मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। यह पोत भारतीय नौसेना के लिए न केवल सामरिक दृष्टि से बल्कि तकनीकी और औद्योगिक आत्मनिर्भरता की दृष्टि से भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भारतीय नौसेना के लिए युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा तैयार किया गया यह पोत गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) कोलकाता में निर्मित हुआ है। जीआरएसई द्वारा निर्मित यह 802वां जहाज और 113वां युद्धपोत है। इससे पहले इस श्रेणी के दो पोत 'आईएनएस संध्याक' और 'आईएनएस निर्देशक' क्रमशः दिसंबर 2023 और अक्टूबर 2024 में नौसेना को सौंपे गए थे। चार पोतों की इस श्रृंखला में 'इक्षक' तीसरा पोत है जबकि चौथा पोत अगले वर्ष तक नौसेना में सम्मिलित होने की संभावना है।

'इक्षक' की नींव 6 अगस्त 2021 को रखी गई थी और इसे 26 नवंबर 2022 को लांच किया गया था। निर्माण से लेकर डिलीवरी तक इस जहाज में 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी उपकरणों और सामग्री का उपयोग किया गया है। यह आंकड़ा अपने आप में महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दर्शाता है कि भारत अब महत्त्वपूर्ण समुद्री प्लेटफार्मों को विदेशी निर्भरता के बजाय स्वदेशी संसाधनों से निर्मित करने में सक्षम है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 'इक्षक' की डिलीवरी 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान की दिशा में एक ठोस प्रमाण है। इस पोत के निर्माण में बड़ी संख्या में भारतीय उद्योग, एमएसएमई और स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं ने सक्रिय योगदान दिया, जिससे न केवल रक्षा उत्पादन में स्वदेशीकरण को बल मिला बल्कि देश के औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को भी प्रोत्साहन मिला। 'इक्षक' का विस्थापन लगभग 3400 टन है और इसकी कुल लंबाई 110 मीटर है। यह आकार इसे अपनी श्रेणी का सबसे बड़ा सर्वेक्षण पोत बनाता है। यह पोत उन्नत हाइड्रोग्राफिक और समुद्र विज्ञान संबंधी अनुसंधान कार्यों को संपन्न करने के लिए आवश्यक स्थिरता और क्षमता प्रदान करता है। इस पोत का ढांचा आधुनिक एकीकृत निर्माण तकनीक से निर्मित किया गया है, जो मजबूती और टिकाऊपन सुनिश्चित करता है। भारतीय शिपिंग रजिस्टर (आईआरएस) के वर्गीकरण नियमों का पालन करते हुए इसका डिजाइन तैयार किया गया है। 'इक्षक' अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक उपकरणों से सुसज्जित है, जिनमें समुद्र की गहराईयों और तलछट की उच्च गुणवत्ता वाले आंकड़े संकलित कर उनका डिजिटल विश्लेषण करने के लिए डेटा अधिग्रहण और प्रसंस्करण प्रणाली, बिना मानवीय चालक के गहरे पानी में विस्तृत सर्वेक्षण और निगरानी करने में सक्षम स्वायत्त जल वाहन, कठिन जल क्षेत्रों में भी रियल टाइम निगरानी और सर्वेक्षण में मददगार दूर से संचालित वाहन, समुद्री मानचित्रण की सटीकता बढ़ाने हेतु लंबी दूरी की पोजिशनिंग प्रणाली डीजीपीएस, समुद्री तल की संरचना और अवरोधों का विस्तृत डिजिटल चित्र तैयार करने में सहायक डिजिटल साइड-स्कैन सोनार प्रमुख हैं। इन उपकरणों के माध्यम से 'इक्षक' बंदरगाहों, तटीय क्षेत्रों और गहरे समुद्री मार्गों का व्यापक सर्वेक्षण कर सकता है। यह नौवहन चैनलों और समुद्री मार्गों के निर्धारण में निर्णायक भूमिका निभाएगा। इसके अतिरिक्त यह जहाज रक्षा और नागरिक उद्देश्यों के लिए समुद्र विज्ञान संबंधी और भू-भौतिकीय आंकड़े भी एकत्र करेगा।

'इक्षक' दो समुद्री डीजल इंजनों द्वारा संचालित है। यह 18 नॉट (लगभग 33 किलोमीटर प्रति घंटा) से अधिक की गति प्राप्त कर सकता है। फिक्स्ड-पिच प्रोपेलर के साथ-साथ धनुष और स्टर्न थ्रस्टर्स भी इसमें लगाए गए हैं, जो इसे कम गति पर भी अत्यधिक स्थिरता और सटीक संचालन क्षमता प्रदान करते हैं। यह विशेषता सर्वेक्षण अभियानों के दौरान अत्यंत उपयोगी है क्योंकि ऐसे अभियानों में धीमी और स्थिर गति पर काम करना आवश्यक होता है। 'इक्षक' का प्राथमिक उद्देश्य यद्यपि जल सर्वेक्षण और नौवहन चैनलों का निर्धारण है, फिर भी यह पोत बहुआयामी भूमिका निभाने में सक्षम है। यह प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत सामग्री पहुंचाने, चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने और बचाव कार्यों के लिए अस्पताल जहाज की तरह कार्य कर सकता है, सीमित स्तर पर सैन्य अभियानों में भाग लेने में सक्षम है। यह पोत एक हेलीकॉप्टर ले जाने और उसके संचालन का समर्थन करने में भी सक्षम है। इस प्रकार 'इक्षक' केवल सर्वेक्षण पोत ही नहीं बल्कि एक बहुउद्देशीय मंच है, जो भारतीय नौसेना की विविध आवश्यकताओं को पूरा कर सकता है। 'इक्षक' भारतीय नौसेना का पहला ऐसा एसवीएल (सर्वे वेसल लार्ज) पोत है, जिसमें महिला अधिकारियों और नाविकों के लिए विशेष आवास की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यह कदम नौसेना में लैंगिक समानता और समावेशिता की दिशा में एक बड़ा परिवर्तन है। इससे यह संदेश भी जाता है कि नौसेना अब महिला अधिकारियों की बढ़ती भूमिका और योगदान को लेकर गंभीर और प्रतिबद्ध है। विश्व की सामरिक राजनीति में भारतीय महासागर क्षेत्र अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस क्षेत्र से होकर विश्व का एक बड़ा हिस्सा समुद्री व्यापार के मार्गों से गुजरता है। ऐसे में नौवहन चैनलों की सटीक जानकारी और समुद्री मार्गों की सुरक्षित निगरानी किसी भी राष्ट्र के लिए अत्यावश्यक है। 'इक्षक' जैसे उन्नत सर्वेक्षण पोत की उपस्थिति से भारत की समुद्री निगरानी और सर्वेक्षण क्षमताएं कई गुना बढ़ जाएंगी। इससे न केवल नौसेना की परिचालन क्षमता मजबूत होगी बल्कि वाणिज्यिक नौवहन और समुद्री सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स और भारतीय नौसेना का संबंध 64 वर्षों से अधिक पुराना है। 1961 में जीआरएसई ने भारतीय नौसेना को पहला स्वदेशी युद्धपोत 'आईएनएस अजय' सौंपा था। तब से लेकर अब तक यह शिपयार्ड नौसेना को 75 युद्धपोत सौंप चुका है। 'इक्षक' इस दीर्घकालिक साझेदारी का नवीनतम उदाहरण है। वर्तमान में जीआरएसई नौसेना के लिए 14 और युद्धपोतों का निर्माण कर रहा है, जिनमें दो पी-17ए उन्नत निर्देशित मिसाइल फ्रिगेट, सात पनडुब्बी रोधी उथले जल पोत, चार अगली पीढ़ी के अपतटीय गश्ती पोत और एक अन्य एसवीएल शामिल हैं।'इक्षक' की उपलब्धि भारत के रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विदेशी तकनीक और आयात पर निर्भरता कम कर स्वदेशी उद्योगों की क्षमताओं का उपयोग करना भारत की रणनीतिक प्राथमिकता है। इस पोत का 80 प्रतिशत से अधिक भाग स्वदेशी तकनीक और उपकरणों से निर्मित है, जो यह दर्शाता है कि भारत अब बड़े समुद्री प्लेटफार्मों को डिजाइन और निर्माण करने में सक्षम हो चुका है।

## चुनावी प्रचार सोशल मीडिया पर तो विधानसभा क्यों नहीं?



प्रियंका सौरभ

लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताक़त उसकी पारदर्शिता और जनता की भागीदारी में निहित है। संसद और विधानसभाएँ जनता की आवाज़ का प्रतिनिधित्व करती हैं और वही स्थान हैं जहाँ नीतियाँ, कानून और जनहित से जुड़े अहम मुद्दे तय किए जाते हैं। ऐसे में सदन की कार्यवाही तक जनता की पहुँच किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र की बुनियादी ज़रूरत कही जा सकती है। हाल ही में हरियाणा प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष द्वारा लिया गया यह निर्णय कि फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, ट्विटर और वेब चैनलों पर अब विधानसभा की कार्यवाही का प्रसारण नहीं किया जाएगा, कई महत्वपूर्ण सवाल खड़े करता है। यह फैसला पारदर्शिता को सीमित करने वाला है या फिर सदन की गरिमा को बचाने वाला—यही इस संपादकीय का मूल प्रश्न है। पिछले एक दशक में सोशल मीडिया ने भारतीय लोकतंत्र में एक नई क्रांति ला दी है। पहले जहाँ लोग टीवी समाचार चैनलों या अख़बारों के भरोसे रहते थे, वहीं अब फेसबुक लाइव, यूट्यूब स्ट्रीमिंग और ट्विटर अपडेट्स से उन्हें तुरंत जानकारी मिल जाती है। विधानसभा या संसद जैसी संस्थाओं की कार्यवाही अब केवल दीवारों के भीतर सीमित नहीं रही, बल्कि सीधे जनता के मोबाइल स्क्रीन पर पहुँचने लगी। यह बदलाव सकारात्मक भी था। आम नागरिक, ख़ासकर युवा, लोकतांत्रिक विमर्श से जुड़ने लगे। उन्हें यह समझने का अवसर मिला कि उनके चुने प्रतिनिधि सदन में उनके मुद्दों पर किस तरह की बहस कर रहे हैं। लेकिन साथ ही इसके नकारात्मक पहलू भी सामने आए। कई बार सदन की गंभीर बहस के छोटे-छोटे अंश निकालकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए गए, जिनका प्रयोग राजनीतिक प्रचार, व्यंग्य या ग़लतफ़हमियाँ फैलाने के लिए किया गया। नतीजतन, कार्यवाही का वास्तविक उद्देश्य पीछे छूट गया और विवादों ने ज़्यादा सुर्ख़ियाँ बटोरीं। हरियाणा प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष हरिविंद्र कल्याण का कहना है कि इंटरनेट मीडिया पर वायरल होते वीडियो-संदेशों ने सदन की गरिमा को ठेस पहुँचाई है। कई बार असंसदीय शब्दों, हंगामों और कटाक्षों के छोटे-छोटे हिस्सों को बार-बार प्रसारित किया जाता है, जिससे जनता तक केवल नकारात्मक छवि ही पहुँचती है। उन्होंने आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि अब से केवल मान्यता प्राप्त टीवी चैनल ही कार्यवाही का सीधा प्रसारण कर सकेंगे, जबकि किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर लाइव या रिकॉर्डिंग डालने पर सख़्त प्रतिबंध रहेगा। उनका तर्क यह है कि सदन की कार्यवाही से हटाए गए शब्दों और अंशों को सोशल मीडिया पर प्रसारित करना सीधा नियमों का उल्लंघन है। इसलिए इस पर रोक लगाना आवश्यक है। आदेश में यह भी कहा गया है कि उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

हालाँकि यह तर्क सतही तौर पर सही प्रतीत होता है, लेकिन लोकतांत्रिक दृष्टि से कई प्रश्न भी खड़े करता है। विधानसभा जनता के टैक्स से चलती है, और वहाँ की हर गतिविधि का सीधा संबंध नागरिकों से है। ऐसे में सूचना तक पहुँच को सीमित करना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत माना जा सकता है। आज की युवा पीढ़ी टीवी नहीं देखती। वह यूट्यूब, ट्विटर और इंस्टाग्राम पर सक्रिय है। यदि केवल टीवी चैनलों तक कार्यवाही सीमित कर दी जाएगी, तो एक बड़ी आबादी लोकतांत्रिक विमर्श से वंचित रह जाएगी। जब केवल चुनिंदा माध्यमों को अनुमति होगी, तो यह संदेश जाएगा कि सूचना पर नियंत्रण किया जा रहा है। लोकतंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही कमज़ोर होगी।

भारत में 82 करोड़ से अधिक लोग इंटरनेट का प्रयोग करते हैं लगभग 45 करोड़ लोग सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स (फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, ट्विटर आदि) पर सक्रिय हैं। टीवी देखने वालों की संख्या घट रही है, जबकि मोबाइल पर समाचार देखने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। संसद टीवी और राज्य विधानसभाओं के चैनल बहुत कम दर्शकों तक पहुँच पाते हैं, जबकि यूट्यूब पर एक लाइव स्ट्रीम लाखों दर्शक जुटा सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, लोकतंत्र में डिजिटल पारदर्शिता ही जनता का विश्वास बनाए रखने का सबसे बड़ा साधन है।

टीवी चैनल अब भी सीमित वर्ग तक ही पहुँचते हैं, जबकि सोशल मीडिया की पहुँच गाँव-गाँव और युवाओं तक है। भारत जैसे देश में जहाँ डिजिटल इंडिया की बात होती है, वहाँ सूचना को केवल टीवी चैनलों तक सीमित करना समय की माँग से मेल नहीं खाता। आज की राजनीति और समाज का बड़ा विमर्श ट्विटर ट्रेंड्स और यूट्यूब डिबेट्स में ही आकार लेता है।यह सही है कि सदन की कार्यवाही को असंदर्भित तरीके से सोशल मीडिया पर फैलाना उचित नहीं। कई बार मज़ाक या राजनीतिक हमले के लिए, हिस्से काटकर वायरल कर दिए जाते हैं। इससे जनता तक अधूरी और ग़लत तस्वीर पहुँचती है।

## लोकतांत्रिक शुचिता के लिए ज़रूरी है जेल से सरकार पर संविधान का अंकुश




हरीश शिवनानी

इस बार संसद का मानसून सत्र दो विशेष कारणों से याद रखने योग्य है। संसद अपने तयशुदा कार्यक्रम 120 घंटे की बजाए महज 37 घन्टे ही काम कर पाई। दूसरा, सत्र के अंतिम दिन पेश किए गए प्रस्तावित130 वें संविधान संशोधन की वजह से मचा बवाल। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 20 अगस्त को लोकसभा में 130वां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। बिल कहता है कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या कोई मंत्री अगर लगातार 30 दिन तक जेल में बंद रहता है, और आरोप ऐसा है कि उसमें 5 साल या उससे ज़्यादा की सज़ा हो सकती है, तो उसे पद से हटना पड़ेगा या उसका पद अपने आप समाप्त हो जाएगा। प्रस्तावित संशोधन विधेयक संविधान के अनुच्छेद 75, अनुच्छेद 164 और अनुच्छेद 239एए में बदलाव करेगा। यह प्रस्ताव फिलहाल संसदीय समिति के विचाराधीन है, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस,राष्ट्रीय जनता दल और अन्य दलों का इसका जबरदस्त विरोध करना शुरू कर दिया है। इन दलों का आरोप है कि सरकार यह संशोधन विरोधी दलों को राजनीतिक साजिश में फंसाने के उद्देश्य से लाई है। दूसरी तरफ़ सरकार का दावा है कि इस विधेयक से राजनीति में भ्रष्टाचार और अपराध पर लगाम लगाई जा सकेगी। भारतीय संसदीय राजनीति में आपराधिक छवि वाले जनप्रतिनिधियों का बढ़ता आंकड़ा भारतीय लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरों में से एक है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और नेशनल इलेक्शन वॉच की साझा रिपोर्ट के मुताबिक वर्तमान 18वीं लोकसभा में 46 फीसदी के साथ ये संख्या 251 है। हालांकि संविधान का अनुच्छेद 102 और 191 दोषसिद्धि पर सांसदों-विधायकों को अयोग्य ठहराते हैं लेकिन संविधान में ऐसा कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है जिससे किसी प्रधानमंत्री या मंत्री को गंभीर आरोपों में गिरफ्तारी के बाद हटाया जा सके। इस कमी के कारण भ्रष्टाचार और अनैतिकता को बल मिलता है। प्रस्तावित विधेयक ठीक यहीं करता है- यह गिरफ़्तारी और दोषसिद्धि के बीच के खालीपन को भरता है, संवैधानिक शिष्टता के सिद्धांत और लोकतांत्रिक शुचिता को कायम रखता है। दरअसल इस विधेयक को लाने के मूल में स्वयं विपक्ष ही जिम्मेदार है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के मंत्री सत्येंद्र जैन और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पद पर रहते हुए विभिन्न आरोपों में गिरफ़्तार होकर जेल तो गए लेकिन पद पर बने रहे। बाद में यही हालात तब बने जब शराब घोटाले में गिरफ़्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल पहुंचे लेकिन इस्तीफा देने की बजाए 'जेल से ही सरकार' चलाने लगे और जेल को राजनीतिक कार्यालय में बदल दिया।

यह भारतीय लोकतांत्रिक राजनीति का पतन काल था। इनसे पहले बिहार के लालूप्रसाद यादव, तमिलनाडु की जयललिता और एम करुणानिधि, मध्यप्रदेश की उमा भारती और झारखंड के मधु कोड़ा और हेमंत सोरेन भी विभिन्न मामलों में गिरफ़्तार हुए लेकिन उन्होंने गिरफ़्तारी के साथ ही इस्तीफ़ा दे दिया था। दरअसल किसी मामले में दोषी सिद्ध सांसदों, विधयकों और मंत्रियों को अयोग्य घोषित करने की शुरुआत परोक्ष रूप से राहुल गांधी ने ही की।

सुप्रीम कोर्ट ने 10 जुलाई 2013 के एक फैसले कहा था कि किसी सांसद या विधायक को दो वर्ष या अधिक सजा होने पर उसे तत्काल अयोग्य घोषित कर देना चाहिए। डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली तत्कालीन यूपीए सरकार इस फैसले को ओवर राइड करने के उद्देश्य से 24 सितंबर 2013 को कैबिनेट द्वारा अनुमोदित एक अध्यादेश ले आई, इसका उद्देश्य दोषी ठहराए गए सांसदों और विधायकों को तत्काल अयोग्य घोषित होने से बचाना था। इससे ख़फ़ा होकर राहुल गांधी ने 27 सितंबर 13 को दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस अध्यादेश की कॉपी को 'कम्प्लीट नॉनसेंस' बताते हुए कहा कि इसे फाड़कर फेंक देना चाहिए।

## कुत्तों को नसबंदी की शर्त पर आजादी!



मनोज कुमार अग्रवाल

बेशक देश की अदालतों में साढ़े चार करोड़ से अधिक मामले न्याय के इंतजार में लंबित हो लेकिन कुत्ते सिर्फ दस दिन में ही देश की सबसे बड़ी अदालत से अपने हक में फैसला लेकर जीत गए हैं। देश भर में सड़क और फुटपाथ के कुत्तों के बारे में पिछले पखवाड़े सुप्रीम कोर्ट का फैसला हाल फिलहाल एक बड़ी बेंच ने पलट दिया है। दो जजों की बेंच ने 11 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर इलाके की म्युनिसिपलों, और सरकारों को कहा था कि सडकों से तमाम कुत्तों को हटाकर उन्हें बनाए गए बाड़ों में रखा जाए, और वापिस नहीं छोड़ा जाए। जजों ने सड़कों पर बच्चों और आम लोगों को कुत्तों द्वारा बहुत बुरे तरह काटने की घटनाओं पर फिक्र जाहिर करते हुए यह कड़ा फैसला दिया था, जिस पर पशुप्रेमियों ने सार्वजनिक प्रदर्शन भी किया, और सुप्रीम कोर्ट तक दोबारा दौड़ भी लगाई। जनभावनाओं को देखते हुए मुख्य न्यायाधीश ने तीन जजों की एक नई बेंच बनाई, जिसने आज सुबह फैसले को पलटकर यह कहा कि कुत्तों को जिस इलाके से उठाया जाए, उसी इलाके में नसबंदी-टीकाकरण के बाद उन्हें वापिस छोड़ा जाए। इससे परे अदालत ने यह भी कहा कि हर इलाके में फुटपाथी कुत्तों को खाना खिलाने की जगह तय की जाए, और उस जगह के अलावा दूसरी जगहों पर उन्हें खाना देने पर जुर्माना लगाया जाए। अदालत का यह फैसला दिल्ली शहर में पशुप्रेमियों के प्रदर्शन, विरोध, और उनके रोने-धोने के वीडियो की प्रतिक्रिया दिखता है। वैसे तो सुप्रीम कोर्ट में किसी भी आदेश या फैसले को अधिक बड़ी बेंच पलट सकती है, और ऐसा बहुत से मामलों में होता है, लेकिन यह फैसला उन लोगों के असर में, उन लोगों द्वारा लिया हुआ है जो कि कारों में चलते हैं। जो गरीब और आम लोग सडकों पर पैदल चलते हैं, साइकिल या किसी और दुपहिया पर चलते हैं, या विकलांग हैं, और बैसाखियों के साथ चलते हैं, उन्हें इस फैसले से निराशा होगी, क्योंकि उन पर हिंसक कुत्तों का खतरा मंडराता ही रहेगा। पिछले पखवाड़े का फैसला दिल्ली-एनसीआर इलाके के लिए दिया गया था, आज के फैसले को पूरे देश के लिए लागू किया गया है, और सभी राज्यों को अदालत ने निर्देश भेज दिए हैं। पशुप्रेमियों के तर्क यह है कि सार्वजनिक जगहों पर कुत्तों की मौजूदगी हमेशा से रहती आई है, और वे समाज का हिस्सा हैं, उन्हें कैदी की तरह किसी बाड़े में नहीं रखा जा सकता। राहुल गांधी भी दिल्ली के कार सवार तबकों की तरह कुत्तों पर रोक के खिलाफ खुलकर सामने आए हैं। दूसरी तरफ आम जनता का हाल यह है कि उसे कुत्ते दौड़ा रहे हैं, काट रहे हैं, और आम लोग सार्वजनिक जगहों का इस्तेमाल कई मायनों में नहीं कर पाते हैं। हमने पिछले फैसले की तारीफ की थी, और उसे देश भर में लागू करने की वकालत की थी। आज का यह फैसला उसके ठीक खिलाफ है।

# हरतालिका तीज पर राशि अनुसार करें ये उपाय बन जाएंगे बिगड़े काम !



सनातन धर्म में करवा चौथ, हरियाली तीज और हरतालिका तीज का विशेष महत्व होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए व्रत रखती हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज का पर्व मनाया जाता है। इस वर्ष 26 अगस्त को हरतालिका तीज का व्रत रखा जाएगा। हिंदू धार्मिक मान्यता के अनुसार, हरतालिका तीज पर भगवान शंकर और माता पार्वती की विधि-विधान पूर्वक पूजा की जाती है। पति की लंबी उम्र के लिए भगवान शंकर और माता पार्वती के निमित्त व्रत रखा जाता है। अगर आप अपने रिश्ते में प्रेम, विश्वास और दांपत्य जीवन को मधुर बनाना चाहते हैं, तो हरतालिका तीज के दिन ज्योतिष शास्त्र द्वारा बताए गए राशि के अनुसार कुछ खास उपाय अवश्य करने चाहिए। हरतालिका तीज का व्रत सबसे पहले माता पार्वती ने भगवान शंकर के लिए रखा था। तभी से यह व्रत सुहागन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए और कुंवारी कन्याएं अच्छा वर प्राप्त करने के लिए करती हैं। इस दिन ज्योतिष शास्त्र द्वारा अगर आप अपनी राशि के अनुसार कुछ खास उपाय करते हैं, तो वैवाहिक जीवन सुखी रहता है।



**मेष राशि :** मेष राशि के जातकों को हरतालिका तीज पर भगवान शंकर के शिवलिंग की पूजा करनी चाहिए और गंगाजल से अभिषेक करना चाहिए।

**वृषभ राशि :** वृषभ राशि के जातकों को भगवान शंकर के शिवलिंग पर कच्चा दूध अर्पित करना चाहिए।

**कन्या राशि :** कन्या राशि के जातकों को इस दिन गरीब और जरूरतमंद लोगों को धन का दान करना चाहिए।

**तुला राशि :** तुला राशि के लोगों को पंचामृत से भगवान शंकर के शिवलिंग का जलाभिषेक करना चाहिए।

**वृश्चिक राशि :** वृश्चिक राशि के जातकों को हरतालिका तीज के दिन पशु-पक्षियों को भोजन खिलाना चाहिए।

**मिथुन राशि :** मिथुन राशि के जातकों को हरतालिका तीज के दिन देवी पार्वती को हरे रंग की चूड़ी अर्पित करनी चाहिए।

**कर्क राशि :** कर्क राशि के जातकों को हरतालिका तीज के दिन चंद्रमा को अर्घ्य देना चाहिए।

**सिंह राशि :** सिंह राशि के जातकों को हरतालिका तीज के दिन महादेव की विधि-विधान पूर्वक पूजा करनी चाहिए।

**धनु राशि :** धनु राशि के जातकों को इस दिन पूरे विधि-विधान से माता पार्वती और भगवान शंकर की उपासना करनी चाहिए और दान-दक्षिणा देनी चाहिए।

**मकर राशि :** मकर राशि के जातकों को इस दिन शिवलिंग पर काले तिल अर्पित करना चाहिए।

**कुंभ राशि :** कुंभ राशि के जातकों को इस दिन हरी चीजों का दान करना चाहिए।

**मीन राशि :** मीन राशि के जातकों को हरतालिका तीज के दिन व्रत और कथा का पाठ करना चाहिए।

# गणपति जी की सूंड किस दिशा में होने का क्या होता है अर्थ



धर्म, गणपति जी विराजमान होने वाले हैं। इसके लिए कई लोग उनको विराजमान करने के लिए उनकी मूर्तियां लेकर आएंगे।

कोई छोटी तो कोई बड़ी। हम में से कई लोगों ने ध्यान दिया होगा, गणपति जी की मूर्ति या तस्वीर में उनकी नाक अलग-अलग दिशा में होती है। उनकी नाक किस दिशा (बाएँ या दाएँ) में मुड़ी हुई है। यह वास्तु और पूजा-पद्धति के अनुसार बहुत महत्त्व रखता है।

गणपति जी की सूंड (नाक) की दिशा और उसका अर्थ

**बाई ओर मुड़ी हुई सूंड**

इसे वामांगी गणपति कहा जाता है।

यह सूंड गणपति जी के बाईं ओर मुड़ी होती है (आपके दृष्टिकोण से देखेंगे तो दाईं ओर)।

यह स्वरूप शांत, सौम्य और गृहस्थ जीवन के लिए शुभ माना जाता है।

घर, ऑफिस, दुकान आदि में पूजा के लिए यह सबसे उपयुक्त स्वरूप है।

इसे नियमित पूजा की आवश्यकता नहीं होती, केवल श्रद्धा और नियमों से पूजा करें।

सामान्य पूजा के लिए उपयुक्त

**दाई ओर मुड़ी हुई सूंड**

इसे दक्षिणमुखी गणपति कहते हैं।

यह सूंड गणपति जी के दाईं ओर मुड़ी होती है (आपके देखने पर बाईं ओर दिखेगी)।

यह रूप ऊर्जा, शक्ति और तंत्र साधना से जुड़ा होता है।

इसे बहुत शक्तिशाली माना जाता है और इसके लिए विशेष विधि-विधान से पूजा करनी होती है।

अगर पूजा में गलती हो जाए, तो इसका उल्टा असर भी हो सकता है।

इस तरह की प्रतिमा का उपयोग खास अवसरों पर पंडित द्वारा पूजा कराने के लिए करते हैं।

**सीधी (मध्य) सूंड**

कुछ गणपति की मूर्तियों में सूंड सीधी नीचे की ओर होती है।

इसे बहुत दुर्लभ और विशेष फलदायी माना जाता है।

यह संतुलन और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है।

निष्कर्षः

घर में बाईं ओर मुड़ी हुई सूंड वाले गणपति जी रखना सबसे शुभ और सुरक्षित माने जाते हैं।

पूजा आसान होती है और यह सुख-शांति, समृद्धि और बुद्धि का प्रतीक है।

# कर्नाटक के बेलगावी में गणेश चतुर्थी की अनूठी परंपरा

देश में गणेश चतुर्थी को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। 27 अगस्त से गणेश उत्सव की शुरुआत होगी, जो 6 सितंबर तक चलेगा। कर्नाटक, महाराष्ट्र और गोवा की सीमा से जुड़ा बेलगावी जिला गणेश उत्सव को बेहद धूमधाम से मनाने के लिए जाना जाता है। उत्सव को खास बनाती है वो परंपरा जो वर्षों से निभाई जा रही है। यहां 'एक गांव, एक गणेश' के सिद्धांत पर बप्पा को पूजा जाता है।

'एक गांव, एक गणेश'

कर्नाटक के बेलगावी में भी पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र की तरह ही हर साल गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। बेलगावी शहर की हर गली, हर घर में, सार्वजनिक और निजी तौर पर गणेश प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं, लेकिन इसी जिले में खानापुर तालुका में नंदगढ़ गांव है, जहां सिर्फ एक ही गणेश प्रतिमा स्थापित की जाती है। खास बात है कि इसमें सिर्फ हिंदू नहीं, बल्कि दूसरे समुदाय के लोग भी गणेश उत्सव मनाते हैं।

**1944 से जारी है परंपरा**

साल 1944 से हर वर्ष एक ही सार्वजनिक गणेश प्रतिमा स्थापित की जाती है। इस गांव ने यह साबित कर दिया है कि हिंदू और मुस्लिम एकता में ही शक्ति है, पूरे गांव के लिए एक ही गणेश प्रतिमा स्थापित कर एकता की अनूठी मिसाल पेश की है।

11 दिनों तक, गांव के सभी लोग एक साथ मिलकर पूजा और 'गणेश पूजा' करते हैं। हर दिन एक सांस्कृतिक कार्यक्रम होता है। सभी जातियों और समुदायों के लोग मिलकर गणेश उत्सव मनाते हैं और 11वें दिन विसर्जन करते हैं।

गणेश समिति के एक सदस्य ने बताया कि कहा, "हम कई साल से 'एक गांव, एक गणेश' का संदेश दे रहे हैं, ताकि सबको यह महसूस हो कि हम एक हैं। इससे गांव की एकता भी मजबूत होती है और फिजूलखर्ची से भी बचा जा सकता है। पूरे गांव के लिए एक ही गणेश प्रतिमा की स्थापना एक बेहतरीन परंपरा है।"



## हमारी बहुत सी दुविधाएं उसी समय मिट जाती हैं

ग्रंथ जीवंत तीर्थ और देव प्रतिमाओं की तरह हैं। ग्रंथों में देवताओं का संपूर्ण बल समाहित है। ऐसा भी कह सकते हैं कि पुस्तकों में ऐश्वर्य, विभूति, मुग्धता, माधुर्य और अत्यंत सौंदर्य समाया हुआ है। पुस्तकें ज्ञान का भंडार हैं। हमारी बहुत सी दुविधाएं उसी समय मिट जाती हैं, जब हम ज्ञान के साथ जुड़ते हैं। पुस्तकें स्थाई समाधान देती हैं। मनुष्य के सारे भय-भ्रम ग्रंथों और पुस्तकों से दूर हो जाते हैं।

**-स्वामी अवधेशानंद जी गिरि**

# 3 राशियों के लिए शुभ रहेगा 7 सितंबर को लगने वाला पूर्ण चंद्र ग्रहण

साल 2025 का दूसरा और अंतिम चंद्र ग्रहण 7 सितंबर की रात को लगने जा रहा है। यह एक पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा, जो ज्योतिषीय दृष्टि से भी बेहद खास माना जा रहा है। इस ग्रहण का असर सिर्फ आकाश में ही नहीं, बल्कि धरती पर मौजूद हर व्यक्ति के जीवन पर भी पड़ सकता है। खासतौर पर जब ये ग्रहण भारत में दिखाई दे रहा हो, तब इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। लोग मानते हैं कि ग्रहण का समय केवल खगोल विज्ञान की दृष्टि से नहीं, बल्कि अध्यात्म और जीवन की ऊर्जा को भी प्रभावित करता है। इस दिन मंदिरों में विशेष नियम लागू होते हैं और घरों में भी सावधानियां बरती जाती हैं।




**कब लगेगा ये चंद्र ग्रहण ?**

7 सितंबर 2025 की रात को यह पूर्ण चंद्र ग्रहण शुरू होगा। इसकी शुरुआत रात 9 बजकर 58 मिनट पर होगी और समाप्ति देर रात 1 बजकर 26 मिनट पर मानी जा रही है। इस ग्रहण की अवधि लगभग साढ़े तीन घंटे की होगी।

ज्योतिष गणना के अनुसार, यह ग्रहण कुंभ राशि और पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में घटित होगा। इस दौरान चंद्रमा के साथ राहु उपस्थित रहेगा और चंद्रमा से सप्तम भाव में सूर्य, केतु और बुध रहेंगे। अष्टम भाव में मंगल, छठे में शुक्र, पंचम भाव में बृहस्पति और दूसरे भाव में शनि का स्थान होगा। यह योग ग्रहण को और भी विशेष बनाता है।

**क्या भारत में दिखेगा ये ग्रहण ?**

हां, यह ग्रहण भारत में साफ तौर पर दिखाई देगा। इसके अलावा यह एशिया, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप, न्यूजीलैंड, अफ्रीका, अमेरिका के कुछ हिस्सों में भी देखा जा सकेगा। भारत में दिखाई देने की वजह से इसका सूतक काल भी मान्य होगा।

**कब से शुरू होगा सूतक काल ?**

चूंकि यह पूर्ण चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई देगा, इसलिए इसका सूतक काल मान्य होगा। सूतक काल ग्रहण से ठीक 9 घंटे पहले शुरू हो जाता है।

**सूतक की शुरुआतः** 7 सितंबर दोपहर 12 बजकर 58 मिनट

**सूतक की समाप्तिः** 7 सितंबर रात 1 बजकर 26 मिनट (ग्रहण समाप्ति के साथ)

सूतक काल में मंदिरों के कपाट बंद कर दिए जाते हैं और पूजा-पाठ से परहेज़ किया जाता है। गर्भवती महिलाओं और बच्चों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।

किन राशियों के लिए शुभ रहेगा ये ग्रहण ?

इस बार का चंद्र ग्रहण कुछ राशियों के लिए शुभ संकेत लेकर आया हैः

मिथुन राशिः रुके हुए काम पूरे होंगे, करियर में तरक्की के संकेत हैं।

धनु राशिः आर्थिक लाभ, नए अवसर और पारिवारिक सुख की वृद्धि होगी।

मकर राशिः आत्मविश्वास बढ़ेगा, निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होगी और मानसिक शांति मिलेगी।

इन राशियों के जातकों को ग्रहण के समय ध्यान और सकारात्मक सोच अपनानी चाहिए, जिससे इस शुभ असर को और बढ़ाया जा सके।

**क्या करें और क्या न करें ?**

ग्रहण के दौरान क्या करेंः

-मंत्र जाप और ध्यान लगाएं

-पुराने कार्यों की समीक्षा करें

-दान-पुण्य करें, विशेष रूप से अन्न या वस्त्र

क्या न करेंः

-ग्रहण के समय खाना-पीना टालें

-पूजा-पाठ से बचें

-नकारात्मक विचारों से दूर रहें

# घर में गणपति की स्थापना के दौरान और बाद में क्या करें और क्या न करें

जब आप गणपति प्रतिमा खरीदने जाएं तो ध्यान रखें कि प्रतिमा शुद्ध मिट्टी की हो. इससे पर्यावरण को नुकसान नहीं होगा और विसर्जन भी आसान होगा.

प्रतिमा खरीदते समय पूर्व दिशा या उत्तर दिशा की ओर मुख वाली प्रतिमा को प्राथमिकता दें.

घर लाने से पहले प्रतिमा को लाल या पीले कपड़े में अच्छे से लपेटकर लाएं. इसे सम्मानपूर्वक घर में प्रवेश दिलाएं, जैसे मानो खुद भगवान पधार रहे हों.

प्रतिमा को घर लाते समय ढोल नगाड़ों, शंख या मंत्रोच्चार के साथ स्वागत करें. इससे वातावरण सकारात्मक हो जाता है.

स्थापना के समय ध्यान रखने योग्य बातें

प्रतिमा की स्थापना उत्तर-पूर्व दिशा या घर के ईशान कोण में करना सबसे शुभ माना जाता है.

प्रतिमा को लकड़ी की चौकी पर लाल या पीले कपड़े बिछाकर स्थापित करें.

स्थापना करते समय एक कलश जरूर रखें, जिसमें जल, सुपारी, आम्रपल्लव और नारियल रखा हो. यह समृद्धि का प्रतीक है.

स्थापना के समय परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहें और मंत्रों के साथ आरती करें.

गणपति बप्पा घर में हों तब करने योग्य बातें

रोज सुबह और शाम गणपति बप्पा की आरती करें.

प्रतिमा के सामने ताजे फूल और फल चढ़ाएं.

प्रसाद के रूप में मोदक, लड्डू या गुड़ जरूर चढ़ाएं क्योंकि यह बप्पा का प्रिय भोग है.

घर का वातावरण शांत और सकारात्मक बनाए रखें.

कोशिश करें कि घर में झगड़े या नकारात्मक बातें न हों.

हर दिन बप्पा के सामने दिया और धूप जलाएं. इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है.

गणपति बप्पा घर में हों तब न करने योग्य बातें

प्रतिमा को कभी भी जमीन पर न रखें. हमेशा चौकी या पाट पर ही स्थापित करें.

प्रतिमा के सामने जूते-चप्पल पहनकर न जाएं और साफ कपड़ों में ही पूजा करें.

प्रतिमा के आसपास गंदगी या अव्यवस्था न होने दें.

मांस, शराब या नकारात्मक आदतों से दूर रहें.

प्रतिमा को अकेला न छोड़ें. अगर घर में कोई नहीं हो तो कम से कम दीपक जलता रहना चाहिए.

**विसर्जन से पहले के नियम**

बप्पा को विदा करने से पहले उन्हें उतना ही प्यार और सम्मान दें, जितना स्थापना के समय दिया था.

विसर्जन से पहले 1 या 3, 5 या 11 दिन तक प्रतिमा को घर में रखने की परंपरा है.

विसर्जन से पहले बप्पा को भोग और आरती अर्पित करें.

पर्यावरण का ध्यान रखते हुए प्रतिमा को तालाब या नदी की बजाय कृत्रिम जल कुंड या घर पर ही बाल्टी में विसर्जित

# जल्द प्रभास की 'द राजा साब' में नजर आयेगी निधि



निधि अग्रवाल इन दिनों अपनी अगली बड़ी फिल्मों को लेकर सुर्खियां बटोर रही है। इनमें प्रभास की बड़े बजट की फिल्म 'द राजा साब' भी शामिल है जो कई भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्मों की चमक-दमक भरी दुनिया में हर साल हजारों नए चेहरों की भरमार होती है, पर इनमें से सिर्फ कुछ ही अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर दर्शकों के दिलों में खास जगह बना पाते हैं लेकिन निधि के करियर की खास बात है। कि वह उन अभिनेत्रियों में से एक है जिसने बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय सिनेमा, दोनों में खूब लोकप्रियता बटोरी है। उसका सफर एक आम लड़की से बड़ी स्क्रीन की चमकदार हीरोइन बनने तक बेहद प्रेरणादायक है।

निधि का जन्म 17 अगस्त, 1993 को हैदराबाद में हुआ, लेकिन उसका बचपन बेंगलुरु में गुजरा। हिंदी भाषी मारवाड़ी परिवार में पली-बढ़ी निधि ने बेंगलुरु की विद्याशिल्प अकादमी से अपनी पढ़ाई की शुरुआत की और बाद में क्राइस्ट यूनिवर्सिटी से बिजनैस मैनेजमैंट की डिग्री हासिल की। बचपन से ही उसकी रुचि डांस में थी । बैले से लेकर कत्थक और बैली डांस तक, निधि ने हर स्टैप को बड़ी मेहनत और लगन 'द राजा साब' भी शामिल है जो कई भाषाओं में रिलीज होगीसे सीखा। यह डांस का हुनर बाद में उनके अभिनय में जान डालता गया।

फिल्मी दुनिया में कदम रखना आसान नहीं होता । निधि के लिए भी ऐसा था लेकिन जब 2016 में निर्देशक सब्बीर खान और निर्माता विक्की राजानी ने फिल्म 'मुन्ना माइकल' के लिए हीरोइन की तलाश शुरू की, तो देशभर से 300 से ज्यादा लड़कियों ने ऑडिशन दिया। हर लड़की में कुछ खास था, पर निधि की चमक अलग थी । उसकी आत्मविश्वास भरी आंखें डांस की सहजता और अभिनय की क्षमता ने उसे सबसे अलग और खास बना दिया। कहा जाता है कि वह फिल्म के लिए टाइगर श्रॉफ की भी पसंद थी।

2017 में वह 'मुन्ना माइकल' में टाइगर श्रॉफ के साथ जोड़ी बनाती हुई नजर आई। यह फिल्म जब रिलीज हुई, तो निधि ने साबित कर दिया कि वह सिर्फ एक खूबसूरत चेहरा नहीं, बल्कि एक दमदार कलाकार भी है। बेशक फिल्म खास नहीं चली लेकिन निधि की एक्टिंग और डांस ने लोगों का दिल जीत लिया। इस बेहतरीन डेब्यू के लिए उसे 'बैस्ट फीमेल डैब्यूटैंट' का अवॉर्ड भी मिला, जिसने उसके करियर की शुरुआत को और भी मजबूत बनाया।

इसके बाद निधि ने साऊथ इंडियन फिल्मों की ओर कदम बढ़ाया। 2018 में 'सव्यसाची' से उसने तेलुगु सिनेमा में एंट्री की। बाद में 'आईस्मार्ट शंकर' और 'कलगा थलाइवन' जैसी फिल्मों में उसके किरदारों ने दर्शकों का दिल जीता और बॉक्स ऑफिस पर भी सफलता मिली। साऊथ में तो उसकी इतनी लोकप्रियता है कि उसके फैन्स ने उसे समर्पित एक मंदिर तक बना डाला है। निधि का टैलेंट सिर्फ फिल्मों तक सीमित नहीं रहा ।

2019 में उसने ज्योतिका टांगरी के गाने 'उंगली च रिंग डाल दे ' और बादशाह के 'अहो ! मित्रां दी यैस है' में अपने अभिनय से सबको प्रभावित किया। 2021 में सोनू सूद के साथ अल्ताफ राजा के गाने 'साथ क्या निभाओगे' में भी उसकी कैमिस्ट्री खूब तारीफें बटोरीं।

उसकी एक और खास बात है कि निधि अपने ब्रांड एंडोर्समैंट्स में भी ईमानदार रही। 2019 में एक फेयरनेस क्रीम का विज्ञापन करने का ऑफर उसने इसलिए ठुकरा दिया कि वह इसे अपने आत्मसम्मान और सिद्धांतों के खिलाफ मानती थी ।

# सोनाक्षी सिन्हा की साउथ फिल्म 'जटाधरा' का हिस्सा बनीं दिव्या खोसला



साउथ फिल्में अब पैन इंडिया के लिए बन रही हैं। जल्द ही साउथ के नामी कलाकारों के साथ 'जटाधरा' फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा के अलावा दिव्या खोसला भी नजर आएंगी। मेकर्स ने दिव्या के लुक का एक पोस्टर शेयर किया है। साथ ही उनके किरदार के नाम की जानकारी भी दी है।

### क्या है दिव्या खोसला के किरदार का नाम

'जटाधरा' फिल्म में मेकर्स ने जो पोस्टर शेयर किया है, उसमें दिव्या साड़ी पहने नजर आ रही हैं। साथ ही पोस्टर पर उनके किरदार का नाम सितारा लिखा है। वह पोस्टर में कहीं खोई सी नजर आ रही हैं। इस फिल्म में साउथ एक्टर सुधीर बाबू मुख्य भूमिका में हैं। वह एक शिव भक्त का किरदार फिल्म में निभा रहे हैं।

### 'जटाधरा' में अलग है सोनाक्षी का लुक

साउथ फिल्म 'जटाधरा' का टीजर भी हाल ही में रिलीज हुआ। इसमें सोनाक्षी सिन्हा का लुक काफी चर्चा में बना रहा। फिल्म के टीजर में वह रौद्र अवतार में देखीं। सोनाक्षी जो किरदार फिल्म में निभा रही हैं, वह हटकर है। टीजर में इस किरदार के माथे पर लाल तिलक नजर आया, भारी-भरकम गहने पहने और हाथ में तलवार लिए वह दिख रही हैं। साथ ही वह क्रोध में अपने दुश्मनों पर हमला करती नजर आ रही हैं।

### वीएफएक्स का हुआ है खूब इस्तेमाल

फिल्म 'जटाधरा' एक पौराणिक कहानी पर आधारित है। प्रेरणा अरोड़ा द्वारा निर्मित, वेंकट कल्याण और अभिषेक जायसवाल के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शानदार VFX देखने को मिलेगा। यह फिल्म इस साल के आखिर में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

# 'हीरोइन की नाभि पर फ्रूट सलाद बनाया जाता या पानी डाला जाता था', डेजी शाह ने कन्नड़ इंडस्ट्री पर निकाली भड़ास



एक्ट्रेस डेजी शाह ने लेटेस्ट इंटरव्यू में कन्नड़ फिल्मों के बारे मे अपनी राय साझा की है। उन्होंने बताया कि फिल्म इंडस्ट्री में एक्ट्रेसेस की नाभी को लेकर बहुत ऑब्ससेशन है। जब ये क्लिप वायरल हुई तो लोगों ने ये अंदाजा लगाया कि वह किस एक्टर के बारे में बात कर रही हैं, जो एक्ट्रेसेस के पेट पर सलाद काटते हैं और पानी डालते हैं।

डेजी शाह ने एक इंटरव्यू में कन्नड़ फिल्म की शूटिंग के दौरान के अपने अनुभव को याद किया। उन्होंने कहा, 'जब मैं उस फिल्म की शूटिंग कर रही थी, शूटिंग के बाद, खाली समय मैं टीवी पर कन्नड़ गाने देख रही थी... वहां एक खास एक्टर था, और उसके सभी गानों में, हीरोइन की नाभि पर या तो फ्रूट सलाद या सब्जी का सलाद बनाया जा रहा था... क्लोज-अप शॉट्स के साथ... या कभी-कभी नाभि पर बर्फ या पानी डाला जा रहा था।'

### डेजी शाह ने रविचंद्रन के बारे में बात की?

हालांकि डेजी शाह ने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन वीडियो सामने आने के तुरंत बाद, एक्स पर कई यूजर्स ने अनुमान लगाया कि वह इनडायरेक्टली एक्टर और फिल्ममेकर वी रविचंद्रन का जिक्र कर रही थीं, जो अपनी फिल्मों में इस तरह की चीजें करते हैं।

### डेजी शाह के पहले मालविका मोहनन ने भी कहा था

डेजी शाह के क्लिप पर एक यूजर ने लिखा, 'रविचंद्रन... हमारे अपने मुख्य नौसेना अधिकारी... कॉमनु डार्लिंग अय्यो अय्यो।' एक ने लिखा, 'ये रविचंद्रन हैं।' बता दें कि कुछ वक्त पहले मालविका मोहनन ने भी साउथ इंडस्ट्री के बारे में बात की थी।

बताया था, 'मैं भी पहले बहुत हैरान होती थी, क्योंकि मैं मुंबई में पली-बढ़ी हूं। यह बिल्कुल नई बात थी कि नाभि को लेकर इतना जुनून है। और फिर आप सोशल मीडिया पर एक्ट्रेससे की फोटो देखते होंगे, जहां वह अपने शरीर को जूम करके दिखाती हैं।'

# 'हैवान'-'हेरा फेरी 3' फिल्म के बाद रिटायरमेंट की तैयारी में प्रियदर्शन



प्रियदर्शन इंडस्ट्री के चर्चित निर्माता-निर्देशक हैं। इन दिनों वे अपनी आगामी फिल्मों 'हैवान' और 'हेरा फेरी 3' को लेकर चर्चा में हैं। प्रियदर्शन अब फिल्म मेंकिंग से रिटायरमेंट लेने की तैयारी कर रहे हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान खुद उन्होंने ऐसी इच्छा जाहिर की। उन्होंने 'हैवान' और 'हेरा फेरी 3' को पूरा करने के बाद फिल्म निर्माण से संन्यास लेने की अपनी योजना का खुलासा किया है।

### कोच्चि में चल रही 'हैवान' की शूटिंग

निर्देशक प्रियदर्शन ने फिल्म 'हैवान' की शूटिंग शुरू कर दी है। इसे फिलहाल कोच्चि में फिल्माया जा रहा है। इस फिल्म में अक्षय कुमार अभिनेता सैफ अली खान के साथ नजर आएंगे।

'हैवान', प्रियदर्शन की 2016 की हिट फिल्म 'ओप्पम' से प्रेरित है, लेकिन इसके डायलॉग और स्क्रिप्ट में कई बदलाव किए गए हैं। इस बीच निर्देशक ने अपनी फ्यूटर प्लानिंग को लेकर बात की।

### मोहनलाल के साथ बनाएंग 100वीं फिल्म

फिल्म 'हैवान' प्रियदर्शन की 99वीं फिल्म है। 'ओप्पम' में मुख्य भूमिका निभाने वाले मोहनलाल भी 'हैवान' में कैमियो भूमिका में दिखाई देंगे। हाल ही में प्रियदर्शन ने 'ऑनमनोरमा' से बातचीत में खुलासा किया कि उनका किरदार दर्शकों के लिए एक सरप्राइज होगा।

उन्होंने आगे कहा कि 'हैवान' के बाद वे मोहनलाल को लीड रोल में लेकर अपनी 100वीं फिल्म का निर्देशन करने की प्लानिंग कर रहे हैं। हालांकि, इस प्रोजेक्ट की स्क्रिप्ट अभी तय नहीं हुई है, लेकिन इसकी शूटिंग अगले साल शुरू होने की उम्मीद है।

### बोले- 'थक गया हूं'

प्रियदर्शन से जब लगातार अक्षय कुमार के साथ काम करने को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'यह सब कंफर्ट की बात है'।

सीक्वल के बारे में उन्होंने स्वीकार किया, 'मैं आमतौर पर सीक्वल के साथ अपनी मूल फिल्मों की नकल नहीं करता, यह मेरा काम करने का पसंदीदा स्टाइल नहीं है'। उन्होंने चौंकाने वाली टिप्पणी करते हुए आगे कहा, 'इन फिल्मों को पूरा करने के बाद मैं उम्मीद है मैं रिटायर हो जाऊंगा। मैं थक गया हूं'।

# डेब्यू शो के लिए सनी देओल ने आर्यन खान को दी शाबाशी, बोले- 'ऑल द बेस्ट बेटा, चक दे फट्टे'

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान डेब्यू करने को तैयार हैं। वे बतौर निर्देशक करियर शुरू कर रहे हैं। हाल ही में उनके डेब्यू शो 'बैड्स





ऑफ बॉलीवुड' का प्रीव्यू वीडियो सामने आया। आर्यन के पहले शो के लिए सनी देओल ने उन्हें बधाई दी है।

### सनी देओल ने लिखा, 'बॉब ने बहुत तारीफ की है'

सनी देओल ने आज रविवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' का प्रीव्यू वीडियो शेयर कर लिखा है, 'प्रिय, आर्यन... आपका शो बेहद शानदार है! बॉब ने आपकी खूब तारीफ की है। आपके पिता को आप पर बहुत गर्व होगा। मेरी तरफ से आपको ढेर सारी शुभकामनाएं, बेटा। चक दे फट्टे'।

### ये सितारे निभाएंगे अहम भूमिकाएं

आर्यन खान निर्देशित सीरीज में राघव जुयाल और एक्टर लक्ष्य लीड रोल में हैं। साथ ही बॉबी देओल भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा करण जौहर, रणवीर सिंह और सलमान खान भी आर्यन की सीरीज में कैमियो रोल करते दिखाई देंगे। सीरीज में एक्ट्रेस सहर बांबा लीड रोल में हैं। इस सीरीज को गौरी खान ने प्रोड्यूस किया है।

### कब से होगा प्रीमियर

सनी देओल के पोस्ट पर नेटिजन्स के मजेदार कमेंट्स आ रहे हैं। शाहरुख खान के फैंस सनी देओल के पोस्ट पर पॉजिटिव कमेंट्स कर तारीफ कर रहे हैं। वहीं, कुछ यूजर्स सनी देओल पर कथित तौर पर नेपोटिज्म को बढ़ावा देने का आरोप लगा रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'नेपोटिज्म'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आपकी वजह से वीडियो देख लिया। मैं समझ सकती हूं, दोस्ती निभानी पड़ती है'। 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' का प्रीमियर 18 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर होगा।

# खुशी मुखर्जी के 25 लाख के गहने हुए चोरी नौकरानी पर जताया शक, जल्द दर्ज कराएंगी केस

टीवी की दुनिया से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री खुशी मुखर्जी इन दिनों एक बड़ी मुसीबत का सामना कर रही हैं। दरअसल, अभिनेत्री के घर से करीब 25 लाख रुपये के गहने चोरी हो गए। शुरुआती जांच में शक उनके ही घर में काम करने वाली नौकरानी पर जताया जा रहा है, जो घटना के बाद से फरार बताई जा रही है।

### खुशी को नौकरानी पर शक

खुशी ने इस घटना के बाद अपने दर्द को साझा करते हुए कहा कि सबसे ज्यादा दुखद यह है कि जिसने उनके घर का विश्वास जीता, वही उनके साथ गद्दारी कर गया। उनके मुताबिक गहनों की कीमत से ज्यादा, यह उनकी सुरक्षा और विश्वास की चोरी है। अभिनेत्री अब इस मामले को लेकर पुलिस में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया में हैं और सख्त कानूनी कदम उठाने के लिए तैयार हैं।

### पुलिस जांच और आगे की कार्यवाही

इस चोरी के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के मुताबिक, नौकरानी की तलाश की जा रही है और जल्द ही सच्चाई सामने आने की उम्मीद है। अभिनेत्री चाहती हैं कि अपराधी को कड़ी सज़ा मिले ताकि भविष्य में कोई और इस तरह की हरकत करने से पहले सौ बार सोचे।

### कौन हैं खुशी मुखर्जी?

28 वर्षीय खुशी मुखर्जी का सफर बेहद दिलचस्प रहा है। उन्होंने अपना अभिनय करियर साल 2013 में तमिल फिल्म 'अंजल थुरई' से शुरू किया। इसके बाद वह तेलुगु फिल्मों 'डोंगा प्रेमा' और 'हार्ट अटैक' में नजर आईं। हिंदी दर्शकों ने उन्हें फिल्म 'श्रृंगार' में देखा।

फिल्मों के साथ-साथ खुशी ने टीवी और रियलिटी शोज में भी अपना दमखम दिखाया। उन्होंने एमटीवी के चर्चित शो 'स्प्लिट्सविला 10' और 'लव स्कूल 3' में भाग लेकर युवाओं के बीच अपनी पहचान बनाई। उनकी बोल्ड शख्सियत और स्पष्टवादी रवैया उन्हें सुर्खियों में रखता रहा।

### टीवी में भी कर चुकी हैं अभिनय

टीवी की दुनिया में भी उन्होंने अहम किरदार निभाए। सब टीवी के शो 'बालवीर रिटर्न्स' में वह ज्वाला परी के रूप में दिखीं, जबकि धार्मिक धारावाहिक 'कहत हनुमान जय श्रीराम' में भी नजर आईं। हाल ही में वह कॉमेडियन और रियलिटी स्टार मुनव्वर फारूकी के होस्ट किए गए शो 'द सोसाइटी' में दिखाई दीं।



# तेलंगाना अब भारत के जीवन विज्ञान का केंद्र बना : रेवंत रेड्डी

## मुख्यमंत्री ने बायोडिजाइन इनोवेशन समिट में भाग लिया



हैदराबाद, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने आज कहा कि हैदराबाद ने विनिर्माण से लेकर बायोटेक, फार्मा और चिकित्सा प्रौद्योगिकी में नवाचार तक का सफर तय किया है। उन्होंने बायोडिजाइन का उपयोग करके चिकित्सा उत्पादों में नवाचार के लिए संपूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया, जिसमें राज्य सरकार एक सक्रिय भागीदार होगी। वह रविवार को हैदराबाद के एक अस्पताल में आयोजित बायोडिजाइन इनोवेशन समिट में बोल रहे थे।

इस अवसर पर बोलते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि हैदराबाद में उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थानों, कौशल विकास और उद्योग साझेदारी का तालमेल है, और इसके परिणामस्वरूप यहां एक बेहतरीन कार्यबल है। भारत की चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्वदेशी नवाचार की वकालत करते हुए, उन्होंने कहा कि डेटा गोपनीयता का सख्ती से पालन करते हुए, नवप्रवर्तकों और शोधकर्ताओं को तेलंगाना के ऐतिहासिक चिकित्सा डेटा तक पहुंच प्राप्त होगी।

उन्होंने बताया, हम आपको शैक्षणिक संस्थानों, अनुसंधान, नवाचार निकायों, यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी और निगमों से जोड़ेंगे। कई वर्षों से, हमारे सर्वश्रेष्ठ दिमाग दूसरे देशों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। यह अच्छी बात है। अब समय आ गया है कि हम अपनी बुद्धिमत्ता का उपयोग अपने लोगों की मदद के लिए करें। उन्होंने डॉ. नागेश्वर रेड्डी को मेडटेक में बायोडिजाइन का उपयोग करके अनुसंधान करने की पहल के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि बायोडिजाइन एक ऐसी पद्धति है जिसका उद्देश्य न केवल उपकरणों के निर्माण के लिए नवाचार करके, बल्कि नैदानिक रूप से समाधानों का सत्यापन करके और विनिर्माण के माध्यम से विस्तार करके, अपूर्ण नैदानिक आवश्यकताओं को व्यावहारिक स्वास्थ्य सेवा समाधानों में बदलना है।

इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि तेलंगाना अब भारत के जीवन विज्ञान का केंद्र है, रेवंत रेड्डी ने कहा कि चिकित्सा उपकरण और तकनीक राज्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य ने नैदानिक उपकरणों, इमेजिंग तकनीकों, प्रत्यारोपण, शल्य चिकित्सा उपकरणों और डिजिटल स्वास्थ्य समाधानों में निवेश देखा है। 2034 तक, तेलंगाना 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा और 2047 तक, हम 3 ट्रिलियन डॉलर का राज्य बन जाएंगे। रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना ने सुल्तानपुर में भारत का सबसे बड़ा समर्पित चिकित्सा उपकरण पार्क स्थापित किया है, जहां 60 से अधिक वैश्विक और घरेलू कंपनियां पहले से ही काम कर रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि यहां अनुसंधान, प्रोटोटाइपिंग, परीक्षण और विनिर्माण के लिए सर्वोत्तम बुनियादी ढांचा उपलब्ध है। स्थानीय स्टार्टअप्स, एमएसएमई और कंपनियों के अच्छे कार्यों की सराहना करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पारिस्थितिकी तंत्र हैदराबाद को एक अद्वितीय और जीवंत गंतव्य बनाता है।

# मेडचल में एक व्यक्ति ने पत्नी की बेरहमी से हत्या की

## प्रेम विवाह का दर्दनाक अंत, शव के टुकड़े-टुकड़े कर फेंका



हैदराबाद, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मेडचल जिले में एक क्रूर घटना घटी जिसमें एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर उसके शव के टुकड़े-टुकड़े कर दिए। इस घटना ने पूरे राज्य में सनसनी फैला दी है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है। घटनास्थल का पुनर्निर्माण करने वाली पुलिस उन जगहों की जांच कर रही है जहां उसने अपनी पत्नी के शव के टुकड़े फेंके थे। यह क्रूर घटना मेडचल मलकाजगरी जिले के मेडिपल्ली इलाके के बालाजी हिल्स में हुई। पीड़िता की पहचान विकाराबाद जिले के कामारेड्डीगुडा निवासी स्वाति (22) के रूप में हुई है। उसे उसी गांव के आरोपी समाला महेंद्र रेड्डी से प्यार हो गया और उसने उससे शादी कर ली। दोनों बोडुप्पल आकर बालाजी हिल्स में रहने लगे। हालांकि, वे दस महीने तक वहीं रहे और फिर चले गए। 25 दिन पहले वे उसी इलाके में वापस आए और किराए के मकान में रह रहे थे। स्वाति इस समय गर्भवती है। आरोपी महेंद्र रेड्डी रैपिडो गाड़ी चलाता है। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच झगड़ा हुआ और महेंद्र रेड्डी ने अपनी पत्नी स्वाति पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। उसने उसके शरीर के अंगों के टुकड़े-टुकड़े कर दिए। उन्हें पैक करके अलग-अलग जगहों पर फेंक दिया। हालांकि, महेंद्र रेड्डी के एक रिश्तेदार ने इस क्रूर घटना को देखा और पुलिस को सूचित किया। तुरंत मौके पर पहुंची पुलिस ने महेंद्र रेड्डी को हिरासत में ले लिया। पुलिस का मानना है कि महेंद्र रेड्डी ने स्वाति के शरीर के पैर, हाथ और सिर अलग करके प्रतापसिंगाराम के पास मूसी नदी के किनारे फेंक दिया था। पुलिस को केवल छाती का हिस्सा ही मिला है। इस बीच, स्वाति की माँ ने आरोप लगाया कि महेंद्र रेड्डी उनकी बेटी को धोखा देकर ले गया। उन्होंने कहा, मेरी बेटी महेंद्र के बहकावे में आकर घर छोड़कर चली गई। हमने उसे यह कहकर रोकने की कोशिश की कि वे प्रेम विवाह नहीं करना चाहते। लेकिन उसने हमारी बात सुने बिना ही महेंद्र से शादी कर ली। उन्होंने दावा किया कि आरोपी पिछले कुछ दिनों से उनकी बेटी को प्रताड़ित कर रहा था।

# सीडीएम में अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों के लिए "भारत की खोज कार्यक्रम" का समापन

हैदराबाद, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। रक्षा प्रबंधन महाविद्यालय (सीडीएम), सिकंदराबाद ने एचडीएमसी-21 के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागी अधिकारियों को भारत के विविध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य का गहन और समृद्ध अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किए गए पांच दिवसीय "भारत की खोजानते कार्यक्रम" का सफलतापूर्वक समापन किया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के शासन, विरासत और विकासात्मक प्रगति की गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करके अंतर-सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देना, रक्षा कूटनीति को बढ़ाना और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करना था। कार्यक्रम में प्रतिष्ठित विषय विशेषज्ञों ने भारत की समृद्ध और बहुआयामी पहचान के विभिन्न पहलुओं पर गहन व्याख्यान दिए। उद्घाटन सत्र ने कमोडोर हर्ष भार्गव (सेवानिवृत्त) द्वारा भारत के एक गहन सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दौरे का मंच तैयार किया, जिन्होंने "भारत जिसे आप नहीं जानते" शीर्षक से एक आकर्षक विषय पर श्रोताओं को संबोधित किया। डॉ. अरुणा ने प्रागैतिहासिक काल से लेकर आधुनिक युग तक के भारतीय इतिहास को कवर किया। डॉ. गणेश ने "भारत: एक बहु-जातीय और बहु-सांस्कृतिक समाज तथा प्राचीन भारतीय ब्रह्मांड विज्ञान" विषय पर एक आकर्षक व्याख्यान दिया, जिसमें भारत की सभ्यतागत गहराई और वैज्ञानिक विरासत की अंतर्दृष्टि प्रदान की गई।

प्रो.पी.वी. राव ने "भारतीय राजनीतिक संरचना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया" पर विस्तार से चर्चा की, जिसमें भारतीय संविधान, संघीय शासन और चुनाव प्रणाली जैसे विषयों पर चर्चा की गई। प्रो. रविन्द्र नाथ के नेतृत्व में आयोजित अंतिम सत्र "सरकारी पहल" पर केंद्रित था, जिसमें मेक इन इंडिया, आर्थिक सुधार, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, आयुष्मान भारत, सौर गठबंधन और रक्षा औद्योगिक क्षमता जैसी ऐतिहासिक नीतियां शामिल थीं। "डिस्कवर इंडिया प्रोग्राम" रक्षा कूटनीति के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के सीडीएम के व्यापक प्रयासों के तहत एक प्रमुख पहल है। विदेशी अधिकारियों को भारत की समृद्ध परंपराओं, शासन ढांचों और नीतिगत पहलों से परिचित कराकर, यह कार्यक्रम राष्ट्रों के बीच आपसी समझ और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इन सत्रों ने प्रतिभागियों को भारत की रणनीतिक पहलों, आर्थिक दृष्टिकोण और तकनीकी प्रगति की व्यापक समझ प्रदान की। चर्चाओं में भारत की आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा पर प्रकाश डाला गया।

# साइबराबाद शी टीम ने अश्लील हरकतों पर की कार्रवाई

## सार्वजनिक स्थानों पर पकड़े गए 70 लोग

हैदराबाद, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद की शी टीम्स ने 17 से 23 अगस्त के बीच 143 फर्जी ऑपरेशन किए और 70 लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर अश्लील हरकतें करते हुए रंगे हाथों पकड़ा। सभी मामलों में छोटे-मोटे मामले दर्ज किए गए और सभी प्रतिवादियों के लिए परामर्श सत्र आयोजित किए गए। शी टीम्स को विभिन्न माध्यमों से महिला पीड़ितों की 15 शिकायतें भी प्राप्त हुईं। निवारक और जागरूकता उपायों के तहत, विभिन्न स्थानों पर 75 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए और साइबराबाद स्थित महिला एवं बाल सुरक्षा विंग में तीन परामर्श सत्र आयोजित किए गए। परिवार परामर्श केन्द्र, सी.डी.ई.डब्लू. केन्द्र में पति-पत्नी पारिवारिक विवादों में लगभग 34 परिवारों को परामर्श दिया गया तथा उन्हें पुनः एक करने के प्रयास किये गये।

साइबराबाद की मानव तस्करी रोधी इकाई (एएचटीयू) ने साइबराबाद में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए और लगभग 140 सदस्यों ने भाग लिया, जिन्हें मानव तस्करी और (बाल तस्करी), छेड़छाड़, सोशल मीडिया उत्पीड़न, बाल विवाह, बाल अधिकार, बाल श्रम, पीछा करना, भीख मांगना, साइबर बदमाशी, साइबर धोखाधड़ी आदि, महिला हेल्प लाइन 181, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, डायल 100 का महत्व, अपराध 1930 और अन्य विषयों आदि के बारे में जागरूकता दी गई। इस सप्ताह के दौरान, एएचटीयू की टीम ने गाचीबोवली, माधापुर, नरसिंगी, केपीएचबी, कुकटपल्ली, सनथनगर आदि पुलिस स्टेशनों की सीमा में रात के समय छापेमारी की और वेश्यावृत्ति में लिप्त 15 ट्रांसजेंडर और 16 महिलाओं को बचाया।

इस बीच, छात्रों की सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में, अज़ीज़नगर स्थित प्रतिष्ठित श्रीनिधि इंटरनेशनल स्कूल सहित कई स्कूलों में सुरक्षा कवच कार्यक्रम आधिकारिक तौर पर शुरू किया गया है।

छात्रों की सुरक्षा और भौतिक, साइबर, शारीरिक, सड़क और बुनियादी ढाँचे की सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए शुरू की गई इस पहल को सभी शैक्षणिक संस्थानों में लागू किया जाएगा ताकि कक्षा के अंदर और बाहर बच्चों के लिए एक सुरक्षित वातावरण तैयार किया जा सके।

सेरिलिंगमपल्ली क्षेत्र के 25 एसएससी स्कूल शिक्षकों के लिए एक ओरिएंटेशन कार्यशाला आयोजित की गई ताकि उन्हें इस कार्यक्रम से परिचित कराया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को आवश्यक सुरक्षा कौशल और ज्ञान से सशक्त बनाना था, जिसमें आपातकालीन प्रतिक्रिया, प्राथमिक उपचार और छात्रों को सुरक्षा उपायों के बारे में प्रभावी ढंग से कैसे बताया जाए, जैसे कई विषयों पर चर्चा की गई।

# दलबदल विवाद के बीच स्पीकर ने बीआरएस विधायकों को नोटिस जारी किए

हैदराबाद, 23 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना की राजनीति में एक अहम घटनाक्रम हुआ है। विधानसभा अध्यक्ष गड्डम प्रसाद ने अपनी पार्टी से अलग हुए बीआरएस विधायकों को नोटिस जारी किए हैं। शुक्रवार को, पाला बदलने वाले दस विधायकों में से पांच को नोटिस भेजे गए, और खबरों के अनुसार, अन्य विधायकों को भी नोटिस भेजे जा सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के आलोक में, स्पीकर गड्डम प्रसाद ने दलबदलुओं को नोटिस जारी करने की कार्रवाई की है। ऐसा प्रतीत होता है कि ये नोटिस जारी करने का निर्णय कानूनी विशेषज्ञों से परामर्श के बाद लिया गया है। स्पीकर की अधिसूचनाओं पर दलबदलू विधायकों की प्रतिक्रिया को लेकर काफी उत्सुकता है, जिससे तेलंगाना की राजनीति में फिर से दिलचस्पी बढ़ गई है। अब अहम सवाल यह है कि क्या ये दलबदलू नेता नोटिस के जवाब में बीआरएस पार्टी में वापसी करेंगे या अपने पदों से इस्तीफा दे देंगे। नतीजा अभी अनिश्चित है। स्पीकर ने गदवाल से विधायक बंडला कृष्णमोहन रेड्डी को बीआरएस पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीतने के बाद कथित तौर पर कांग्रेस पार्टी से जुड़े होने के कारण नोटिस भेजा है। उन्हें बीआरएस पार्टी द्वारा की गई शिकायतों का तुरंत समाधान करने को कहा गया है। इसके अलावा, यह भी बताया गया है कि चार अन्य विधायकों को भी स्पीकर से नोटिस मिले हैं। स्पीकर प्रसाद कुमार द्वारा जारी नोटिस के जवाब में, विधायक कृष्णमोहन रेड्डी ने कहा कि वह जल्द ही अपना जवाब देंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्होंने पार्टी नहीं बदली है और न ही कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए हैं। बीआरएस विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के साथ उनकी मुलाकात गदवाल निर्वाचन क्षेत्र के विकास पर चर्चा करने के उद्देश्य से एक शिष्टाचार भेंट मात्र थी। कृष्णमोहन रेड्डी ने पुष्टि की कि वह बीआरएस पार्टी के सदस्य बने रहेंगे।

# जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रोजेक्ट परी की शुरूआत

## मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में छात्र करेंगे जागरूक




हैदराबाद, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। युवाओं के नेतृत्व में बदलाव के एक उदाहरण के रूप में, मोइनाबाद मंडल के एक निजी स्कूल के कक्षा 12 के छात्रों का एक समूह किशोर स्वास्थ्य में सबसे उपेक्षित मुद्दों में से एक - मासिक धर्म स्वच्छता को संबोधित करने के लिए आगे आया है। अपनी पहल को प्रोजेक्ट परी नाम देते हुए, छात्रों ने मासिक धर्म स्वच्छता की दिशा में काम करने के लिए 1 लाख रुपये जुटाए और हैदराबाद स्थित एनजीओ लर्निंग स्पेस फाउंडेशन के साथ सहयोग किया।

अपने कार्यक्रम 'पीरियड्स मैटर्स' के ज़रिए, यह एनजीओ किशोरों के लिए मासिक धर्म के बारे में खुलकर बात करने के लिए सुरक्षित माहौल तैयार कर रहा है- एक ऐसा विषय जिसे अक्सर चुप्पी और कलंक में लपेटा जाता है।

इस बातचीत में लड़कों और पुरुषों को शामिल करके, यह कार्यक्रम सहानुभूति और सहयोग को बढ़ावा देता है, परिवारों में संवाद को प्रोत्साहित करता है, और लड़कियों और महिलाओं के लिए एक ज़्यादा सहयोगी माहौल तैयार करता है।

शंकरपल्ली मंडल में जिला स्वास्थ्य सेवा कोंडाकल और रंगा रेड्डी जिले के मोइनाबाद मंडल में जिला स्वास्थ्य सेवा अजीज नगर में जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। जेडपीएचएस अजीज नगर के प्रधानाध्यापक टी. वेंकटेश ने इस पहल की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि इस तरह के कार्यक्रम वर्जनाओं को तोड़ने और छात्रों के बीच स्वस्थ संवाद को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक हैं।

# मुश्किल में दलबदलू विधायक

## अगले हफ्ते स्पीकर के सामने हो सकते हैं पेश



हैदराबाद, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना की राजनीति में दलबदल को लेकर सुलग रहा संकट अब चरम पर पहुंचता दिख रहा है। स्पीकर गड्डम प्रसाद कुमार ने बीआरएस छोड़कर सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल हुए 10 विधायकों को नोटिस जारी करना शुरू कर दिया है। यह कदम सुप्रीम कोर्ट के 25 जुलाई के फैसले के बाद उठाया गया है, जिसमें स्पीकर को दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्यता याचिकाओं पर तीन महीने के भीतर फैसला लेने का निर्देश दिया गया था। काडियाम श्रीहरि, कृष्णमोहन रेड्डी, दानम नागेंदर, काले यादैया, पोचारम श्रीनिवास रेड्डी, टेलम वेंकट राव, अरेकापुडी गांधी, प्रकाश गौड़, के संजय कुमार और गुडेम महिपाल रेड्डी सहित दलबदल करने वाले विधायक संख्या के संकट से कहीं अधिक का प्रतिनिधित्व करते हैं।

सूत्रों ने बताया कि महाधिवक्ता और कानूनी विशेषज्ञों से परामर्श के बाद, अध्यक्ष ने प्रक्रिया शुरू की और पांच विधायकों को नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण मांगा। शेष पांच विधायकों को भी नोटिस जारी किए जाएंगे, जबकि अध्यक्ष द्वारा अगले सप्ताह से दलबदलू विधायकों के साथ बैठकें शुरू करने की उम्मीद है। सभी 10 दलबदलू विधायकों पर अब दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्यता की संभावना मंडरा रही है। अब उन्हें दलबदल के आरोपों को स्वीकार करना होगा या उनका विरोध करना होगा। जहां कुछ लोग यह तर्क दे सकते हैं कि उन्होंने औपचारिक रूप से कांग्रेस में शामिल हुए बिना केवल बीआरएस से दूरी बनाई थी, वहीं खैरताबाद के विधायक दानम नागेंद्र का मामला स्पष्ट प्रतीत होता है।

# डेंगू से हुई मौतों के लिए हरीश राव ने की सरकार की आलोचना



सिद्दीपेट, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री टी. हरीश राव ने रविवार को जगदेवपुर मंडल के तिम्मापुर गाँव में डेंगू से हुई दो मौतों को 'राज्य सरकार द्वारा की गई हत्या' करार दिया। मृतकों में कोंथम महेश (34) और नयनी शिव कुमार (16) शामिल थे, जिनकी कई दिनों तक अस्पतालों में इलाज के बाद मौत हो गई। पीड़ितों के परिवारों से मिलने के बाद, हरीश राव ने कहा कि गाँवों में साफ़-सफ़ाई की कमी के कारण बीमारियाँ फैल रही हैं। उन्होंने बताया कि इस छोटे से गाँव के कम से कम 60 लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है और उन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कई लोगों को निजी अस्पतालों में इलाज कराने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिससे भारी इलाज के खर्च के कारण उनके परिवार आर्थिक तंगी में फँस गए।

कांग्रेस विधायक कोमाटिरेड्डी राजगोपाल रेड्डी द्वारा मुख्यमंत्री की आलोचना का हवाला देते हुए, बीआरएस नेता ने कहा कि रेवंत रेड्डी विपक्षी नेताओं को गाली देने के अलावा प्रशासन में अक्षम साबित हुए हैं। उन्होंने याद दिलाया कि के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली पिछली बीआरएस सरकार पंचायतों को हर महीने 300 करोड़ रुपये जारी करती थी, जबकि वर्तमान सरकार ने एक भी रुपया जारी नहीं किया, जिससे प्रशासन और स्वच्छता व्यवस्था ठप हो गई।

उन्होंने गांवों में बिगड़ते हालात के बारे में सरकार को सचेत न कर पाने के लिए उसके खुफिया तंत्र पर भी सवाल उठाए। खाद की कमी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि किसान सुबह से ही लंबी कतारों में खड़े हैं, फिर भी उन्हें उनका हक नहीं मिल रहा है। हरीश राव ने कहा कि जब बीआरएस सत्ता में थी, तो उसने सुनिश्चित किया कि 26,000 मीट्रिक टन यूरिया गजवेल रेक प्वाइंट तक पहुंचे, लेकिन कांग्रेस सरकार अब तक 3,000 मीट्रिक टन भी आपूर्ति करने में विफल रही है।

# पुरी में एक युवक की डूबने की आशंका

हैदराबाद, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शनिवार को तेज लहरों के कारण पुरी के समुद्र में बह जाने के कारण हैदराबाद के एक व्यक्ति के डूब जाने की आशंका है। विकास चंद नाम के एक व्यक्ति अपनी पत्नी और बेटे के साथ यहां आए थे। उनका परिवार शहर के लैंगर हाउस में रहता है। खबरों के मुताबिक, वह व्यक्ति नहा रहा था जब तेज़ लहरों ने उसे समुद्र में खींच लिया, जबकि उसकी पत्नी और दूसरे लोग उसे देख रहे थे। सूचना मिलते ही स्थानीय लाइफगार्ड तुरंत हरकत में आए और उसे बचाने के प्रयास शुरू कर दिए। हालांकि, उस व्यक्ति का पता नहीं चल पाया। परिवार कुछ लोगों के साथ पुरी गया था।

# शिकायतों का विश्लेषण करने के लिए एआई को अपनाया

हैदराबाद, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड (एचएमडब्ल्यूएसएसबी), जिसे हाल ही में तकनीकी गड़बड़ी का सामना करना पड़ा था, ने अब शिकायतों का विश्लेषण और निवारण करने तथा जल आपूर्ति में सुधार करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करना शुरू कर दिया है। एचएमडब्ल्यूएसएसबी देश का पहला जल बोर्ड हो सकता है जो एआई तकनीक अपनाएगा। पिछले एक साल में, आईटी विभाग के अधिकारियों ने मेट्रो कस्टमर केयर (एमसीसी) में दर्ज शिकायतों का एआई तकनीक का उपयोग करके विश्लेषण किया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, टैंकर बुकिंग विवरण सहित शिकायतों का परीक्षण किया गया है ताकि सबसे अधिक बार आने वाली समस्याओं, सबसे अधिक शिकायतों वाले क्षेत्रों और विभिन्न दृष्टिकोणों से बार-बार आने वाली चिंताओं की पहचान की जा सके। इसके अलावा, पिछले वर्ष के टैंकर बुकिंग के विश्लेषण से यह पता चला है कि किन डिवीजनों में सबसे अधिक बुकिंग हुई है, साथ ही यह भी पता चला है कि किन क्षेत्रों और उपभोक्ताओं ने एआई का उपयोग करके सबसे अधिक टैंकर बुक किए हैं। 1 सितंबर, 2024 से अब तक जल बोर्ड के ग्राहक सेवा को विभिन्न मुद्दों पर 6.50 लाख से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं और उपभोक्ताओं ने 1.2 मिलियन से अधिक पानी के टैंकर बुक किए हैं। एआई तकनीक ने उन इलाकों की पहचान की जहाँ पिछली गर्मियों में सबसे ज़्यादा टैंकर बुकिंग दर्ज की गई थी, जिससे जल बोर्ड उन पर ध्यान केंद्रित कर सका। विश्लेषण से यह भी पता चला कि सबसे ज़्यादा टैंकर बुक करने वाले शीर्ष 10 उपभोक्ता प्रगति नगर में थे।

# अस्पतालों के निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग

## केसीआर के शासन में शुरू हुआ था कार्य




हैदराबाद, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने कांग्रेस सरकार पर बीआरएस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव द्वारा शुरू की गई ऐतिहासिक स्वास्थ्य परियोजनाओं की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मांग की कि सरकार इन अस्पतालों को युद्धस्तर पर पूरा करने को प्राथमिकता दे ताकि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुलभ हो सके। निर्माणाधीन अस्पतालों के नवीनतम दृश्य साझा करते हुए, रामा राव ने कहा कि एम्स की तर्ज पर, चंद्रशेखर राव ने हैदराबाद के विभिन्न कोनों में चार तेलंगाना इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (टीआईएमएस) अस्पतालों की अवधारणा की थी, जिनमें से प्रत्येक में 1,000 बिस्तरों वाला सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल है।

उन्होंने ज़ोर देकर कहा, 'निर्माणाधीन ये संस्थान तेलंगाना के लोगों के प्रति केसीआर की प्रतिबद्धता के प्रमाण हैं। उनकी विरासत को मिटाया नहीं जा सकता।' उन्होंने कहा कि बीआरएस शासन के दौरान, सरकारी अस्पतालों का आधुनिकीकरण किया गया, हर ज़िले में मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए, और ज़िला व मंडल मुख्यालयों में नए अस्पताल स्थापित किए गए, जबकि बस्ती दवाखानों ने स्वास्थ्य सेवा को शहरी गरीबों के और क़रीब पहुँचाया। सरकार ने वारंगल में 2,200 बिस्तरों वाले सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल और 2,000 बिस्तरों वाले निम्स के विस्तार को भी मंज़ूरी दी। कांग्रेस पर प्रगति रोकने का आरोप लगाते हुए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि यदि कांग्रेस सरकार ने उपेक्षा नहीं की होती तो ये सभी अस्पताल अब तक आधुनिक सुविधाओं के साथ लोगों के लिए उपलब्ध होते।

# स्कूलों में 21 सितंबर से 13 दिन की दशहरा की होंगी छुट्टियां

हैदराबाद, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य भर के स्कूली छात्र और शिक्षक इस वर्ष दशहरा उत्सव की लंबी छुट्टी की उम्मीद कर सकते हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों में 13 दिन की दशहरा छुट्टी का फैसला किया है। 21 सितंबर से 3 अक्टूबर तक स्कूलों में दशहरा अवकाश रहेगा, जो कुल 13 दिन का होगा।

4 अक्टूबर से नियमित कक्षाएं फिर से शुरू होंगी। छुट्टियों से पहले स्कूलों को अपनी फॉर्मेटिव असेसमेंट (एफए)-2 परीक्षाएं पूरी करनी होंगी। कक्षा कार्य फिर से शुरू करने के बाद, छात्रों को 24 से 31 अक्टूबर तक योगात्मक मूल्यांकन (एसए)- 1 परीक्षा देनी होगी। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के बाद, एसए 1 परिणाम 6 नवंबर तक घोषित किए जाएंगे। एसए 1 के पूरा होने के बाद, शिक्षण के अलावा नवंबर माह में कोई परीक्षा नहीं होगी।

हरि ॐ हरि ॐ

तेरहवीं पुण्यतिथि



स्व. श्री केसारामजी वरपा

: सुपुत्र : स्व.श्री आदारामजी वरपा (मरुधर में धनला-मारवाड)

: स्वर्गवास : भादवा सुदी बीज

दूर हो आज आप हमसे, फिर भी हो दिल के पास।
दे रहे हो आशीर्वाद हमें, हम सबको है ये विश्वास।।

: श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता :

मीरादेवी (धर्मपत्नी), भीकाराम, नत्थाराम, मांगीलाल, तेजाराम, छोगाराम, नगाराम, हिरालाल, छजाराम, नारायणलाल, भारमल (भाई), चुन्नीलाल, कालुराम, जगदीशसिंह, चुन्नीलाल, वेनाराम, भँवरलाल, धनराज (पुत्र), प्यारीबाई-मानारामजी सोलंकी, झमकूबाई-वेलारामजी भायल (पुत्री-दामाद), सरोज-अशोकजी हाम्बड, कंचन-चम्पालालजी काग, डिम्पल-कानारामजी काग, सीमा-सुरजजी काग, कविता-लक्ष्मणजी हाम्बड, संतोषी-विनोदजी सोयल, मंजू-राहुलजी भायल (पौत्री-दामाद), ललित-रिंकु, राकेश-कविता, यशवंत-रिंकु (पौत्र-पौत्रवधु), भरत, नरेश, नरेन्द्र (पौत्र), सोनी, विनीता (पौत्री) एवं समस्त वरपा परिवार

: फर्म : सत्यम मार्केटिंग (बालापुर), वी.के.चौधरी ट्रेडर्स (बालापुर), सत्यम हार्डवेयर (मीरपेट), विजयलक्ष्मी सैनेटरी (अफजलगंज)
9000215352, 9849515025, 9849451499, 9959053089

P.Solankey



## 6 साल में निर्यातकों को 25000 करोड़ रुपये की मदद करने की योजना बना रही है मोदी सरकार



नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जब से टैरिफ लगाया है, भारत सरकार देश की इंडस्ट्री के लिए कोई न कोई कदम उठा रही है। सरकार अब निर्यातकों के लिए 25,000 करोड़ रुपये की मदद पर विचार कर रही है।

यह मदद एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन के तहत दी जाएगी। यह मिशन 6 साल तक चलेगा। सूत्रों के अनुसार, यह मदद वित्तीय वर्ष 2025 से 2031 तक दी जाएगी। सूत्रों ने बताया कि सरकार का मुख्य ध्यान निर्यातकों को आसानी से और कम ब्याज दर पर लोन उपलब्ध कराना है।

सरकार चाहती है कि निर्यातकों को पैसे की कमी न हो। वाणिज्य मंत्रालय ने इस प्रस्ताव को वित्त मंत्रालय की एक्सपेंडिचर फाइनेंस कमेटी (ईएफसी) को भेजा है। ईएफसी इस प्रस्ताव पर विचार करेगी।

**टैरिफ से मिलेगी राहत**

अगर ईएफसी इस प्रस्ताव को मंजूरी दे देती है तो यह घरेलू निर्यातकों को ट्रंप के टैरिफ से बचा सकता है। अमेरिका ने 27 अगस्त से भारतीय सामानों पर 50% का भारी टैरिफ लगाया है। अभी यह ड्यूटी 25% है। ईएफसी से मंजूरी मिलने के बाद वाणिज्य मंत्रालय इस प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिमंडल के पास भेजेगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल इस पर अंतिम फैसला लेगा।

**क्या है एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन**

यह एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन 2025-26 के बजट में घोषित किया गया था। यह एक महत्वपूर्ण योजना है। इसका उद्देश्य अगले 6 सालों में (वित्तीय वर्ष 2025-31) निर्यात को बढ़ाना है। यह मिशन निर्यातकों, खासकर एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) के सामने आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए नए तरीके खोजेगा। एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन एक साथ मिलकर काम करने का तरीका है।

इसमें वाणिज्य विभाग, एमएसएमई मंत्रालय, वित्त मंत्रालय और अन्य संबंधित मंत्रालय शामिल हैं। इसके अलावा, एक्ज़िम बैंक, एक्सपोर्ट क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन (ईसीजीसी), क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज (सीजीटीएमएसई), नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी), एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल, कमोडिटी बोर्ड, उद्योग संगठन और राज्य सरकारें भी इसमें शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, इस मिशन को दो योजनाओं के माध्यम से लागू किया जाएगा। पहली योजना का नाम है 'निर्यात प्रोत्साहन' (10,000 करोड़ रुपये से अधिक)। दूसरी योजना का नाम है 'निर्यात दिशा' (14,500 करोड़ रुपये से अधिक)। 'निर्यात प्रोत्साहन' योजना के तहत सरकार कई चीजों पर विचार कर रही है। इनमें ब्याज में छूट (6 सालों के लिए 5,000 करोड़ रुपये से अधिक), वैकल्पिक व्यापार वित्त उपकरणों के लिए समर्थन, ई-कॉमर्स निर्यातकों के लिए क्रेडिट कार्ड और अन्य वित्तीय सहायता शामिल हैं। इससे निर्यातकों को पैसे की कमी से निपटने में मदद मिलेगी। इसी तरह, 'निर्यात दिशा' योजना के तहत कई प्रस्ताव हैं।

इनमें निर्यात गुणवत्ता अनुपालन के लिए समर्थन (लगभग 4,000 करोड़ रुपये), विदेशी बाजार विकास (4,000 करोड़ रुपये से अधिक), ब्रांडिंग, निर्यात वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स, और भारतीय उद्यमों को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकृत करने के लिए क्षमता निर्माण शामिल हैं।

## अडानी की कंपनी हिमाचल प्रदेश में खरीद रही सेब

### किसानों को अच्छे सेब की कीमत 85 रुपये प्रति किलो के हिसाब से मिल रहा है




नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसियां)। अडानी एग्री फ्रेश लिमिटेड ने हिमाचल प्रदेश में सेब खरीदने का काम शुरू कर दिया है। यह खरीद साल 2025 की सीजन के लिए है। कंपनी ने सबसे अच्छी क्वालिटी के सेब के लिए शुरुआती रेट 85 रुपये प्रति किलोग्राम रखा है। यह रेट लार्ज-मीडियम-स्मॉल ग्रेड के सेब के लिए है। यह पिछले साल के शुरुआती रेट से 5 रुपये ज्यादा है। खरीद 24 अगस्त से शुरू हो गई है। कंपनी की सुविधाएं रोहरू, रामपुर और टुटू-पानी में हैं। 25 अगस्त से सैंज और जरोल-टिक्कर में खरीद शुरू होगी। रेककॉन्ग-पियो में 28 अगस्त से खरीद शुरू होगी।एएएफएल के एक प्रवक्ता ने कहा, 'हमें इस साल 80-100% कलर वाले प्रीमियम सेब के एलएमएस ग्रेड के लिए 85 रुपये पर खरीद शुरू करने की खुशी है। यह पिछले साल के शुरुआती रेट से 5 रुपये ज्यादा है। हमारी प्राथमिकता किसानों को सही दाम दिलाना और क्वालिटी बनाए रखना है।'कंपनी के अनुसार, सेब के रंग के हिसाब से अलग-अलग रेट तय किए गए हैं। 80 से 100% रंग वाले सेब को प्रीमियम कैटेगरी में रखा गया है। इस कैटेगरी में एक्स्ट्रा लार्ज सेब 45 रुपये प्रति किलोग्राम, एलएमएस सेब 85 रुपये प्रति किलोग्राम, एक्स्ट्रा स्मॉल सेब 75 रुपये प्रति किलोग्राम, एक्स्ट्रा एक्स्ट्रा स्मॉल सेब 65 रुपये प्रति किलोग्राम और सबसे छोटे साइज के सेब, जिन्हें स्थानीय भाषा में पीआईटीटीयू कहा जाता है, 45 रुपये प्रति किलोग्राम में खरीदे जाएंगे। 60 से 80% रंग वाले सेब को सुप्रीम कैटेगरी में रखा गया है। इस कैटेगरी में एक्स्ट्रा लार्ज सेब 35 रुपये प्रति किलोग्राम, एलएमएस सेब 65 रुपये प्रति किलोग्राम, एक्स्ट्रा स्मॉल सेब 55 रुपये प्रति किलोग्राम, एक्स्ट्रा एक्स्ट्रा स्मॉल सेब 45 रुपये प्रति किलोग्राम और पीआईटीटीयू सेब 35 रुपये प्रति किलोग्राम में खरीदे जाएंगे। जिन सेबों में 60% से कम रंग होगा, उन्हें 24 रुपये प्रति किलोग्राम में खरीदा जाएगा। यह रेट सभी साइज के सेबों के लिए है, सिवाय एक्स्ट्रा एक्स्ट्रा लार्ज के। आरओएल सेब (ग्रेडिंग के दौरान रिजेक्टेड सेब) भी 24 रुपये में खरीदे जाएंगे। छोटे सेब (जिन्हें ईईएल या यूएस कहा जाता है) चाहे उनका रंग कैसा भी हो, 20 रुपये प्रति किलोग्राम में खरीदे जाएंगे। हिमाचल प्रदेश में 11 लाख हेक्टेयर जमीन पर खेती होती है। इसमें से लगभग 2 लाख हेक्टेयर पर फल उगाए जाते हैं। 1 लाख हेक्टेयर से ज्यादा जमीन पर सिर्फ सेब के बाग हैं। इसका मतलब है कि सेब हिमाचल प्रदेश में फल उत्पादन का लगभग 50% हिस्सा है। हिमाचल प्रदेश में हर साल लगभग 5.5 लाख मीट्रिक टन सेब का उत्पादन होता है। इससे राज्य की अर्थव्यवस्था में 5,500 करोड़ रुपये से ज्यादा का योगदान होता है। एएएफएल अभी इस उत्पादन का लगभग 8% हिस्सा संभालती है।

## दिग्गज कंपनियां हुईं मालामाल, 5 दिनों में कर डाली 1.72 लाख करोड़ की कमाई, रिलायंस रही नंबर 1




नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसियां)। पिछले हफ्ते शेयर बाजार में भले ही एक फीसदी से कम की तेजी देखने को मिली हो, लेकिन देश की दिग्गज कंपनियों ने कमाई करने के मामले में कोई कसर नहीं छोड़ी। रिपोर्ट के अनुसार पिछले हफ्ते के 5 कारोबारी दिनों में देश की 10 टॉप की कंपनियों में से 8 कंपनियों के मार्केट कैप में ज्वाइंटली 1,72,148.89 करोड़ रुपए का इजाफा देखने को मिला है। जिसमें सबसे ज्यादा देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ है। जिसके मार्केट कैप में 48 हजार करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है. वहीं दूसरी ओर टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक आदि कंपनियों के शेयरों में उछाल आने से मार्केट कैप में भी इजाफा देखने को मिला है। वहीं दूसरी ओर देश के दो सबसे बड़े बैंकों एचडीएफसी बैंक और एसबीआई बैंक की वैल्यूएशन में गिरावट देखने को मिली। दोनों के मार्केट कैप से करीब 20 हजार करोड़ रुपए गायब हो गए हैं. वैसे पिछले हफ्ते बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 709.19 अंक यानी 0.87 फीसदी का उछाल देखने को मिला था. वहीं दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के प्रमुख सूचकांक निफ्टी में 238.8 अंक यानी करीब एक फीसदी का इजाफा देखने को मिला है. जानकारों की मानें तो आने वाले दिनों में शेयर बाजार में और इजाफा देखने को मिल सकता है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर देश की टॉप 10 कंपनियों में से कौन 8 कंपनियों के मार्केट कैप में कितना इजाफा देखने को मिला है।

**देश की इन कंपनियों के मार्केट कैप में इजाफा**

देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज में 48,107.94 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई, जिससे इसका बाजार मूल्यांकन 19,07,131.37 करोड़ रुपए हो गया. देश की सबसे बड़ी एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 34,280.54 करोड़ रुपए बढ़कर 6,17,672.30 करोड़ रुपए हो गया। देश की सबसे बड़ी लिस्टेड टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल का मूल्यांकन 33,899.02 करोड़ रुपए बढ़कर 11,02,159.94 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं दूसरी ओर देश की बड़ी एनबीएफसी कंपनियों में शुमार बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 20,413.95 करोड़ रुपए बढ़कर 5,55,961.39 करोड़ रुपए हो गया। देश की बड़ी आईटी कंपनियों में से एक इंफोसिस का बाजार पूंजीकरण 16,693.93 करोड़ रुपए बढ़कर 6,18,004.12 करोड़ रुपए हो गया। वहीं दूसरी ओर देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 11,487.42 करोड़ रुपए बढ़कर 11,04,837.29 करोड़ रुपए हो गया। देश का दूसरा सबसे बड़ा लेंडर आईसीआईसीआई बैंक के बाजार मूल्यांकन में 6,443.84 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई, जिससे यह 10,25,426.19 करोड़ रुपए हो गया। इसके अलावा देश की सबसे बड़ी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 822.25 करोड़ रुपए बढ़कर 5,62,703.42 करोड़ रुपए हो गया। इसके विपरीत देश के सबसे बड़ीर प्राइवेट लेंडर एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 20,040.7 करोड़ रुपए घटकर 15,08,346.39 करोड़ रुपए रह गया।

देश का सबसे बड़ा सरकारी लेंडर भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन 9,784.46 करोड़ रुपए घटकर 7,53,310.70 करोड़ रुपए रह गया।

## अनिल अंबानी पर कसता जा रहा शिकंजा!

### एसबीआई के बाद अब इस बैंक ने भी लगाया 'फ्रॉड' का ठप्पा




नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसियां)। अनिल अंबानी की मुसीबतें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बाद अब बैंक ऑफ इंडिया ने भी रिलायंस कम्युनिकेशंस और अनिल अंबानी के लोन खातों को 'फ्रॉड' घोषित कर दिया है। बैंक का आरोप है कि लोन की रकम का गलत इस्तेमाल किया गया और शर्तों का पालन नहीं किया गया। इस मामले में कंपनी से जुड़े कई और लोग भी शामिल हैं। रिलायंस कम्युनिकेशंस ने बताया कि उन्हें बीओआई से 8 अगस्त को एक पत्र मिला, जो 22 अगस्त 2025 को प्राप्त हुआ। बैंक ऑफ इंडिया ने रिलायंस कम्युनिकेशंस को भेजे नोटिस में कहा है कि अनिल धीरूभाई अंबानी और मंजरी आशिक कक्कर के लोन खातों को 724.78 करोड़ रुपये के बकाया लोन के लिए 'फ्रॉड' माना गया है। एसबीआई से पहले केनरा बैंक ने भी आरसीओम को फ्रॉड घोषित किया था।

**8 साल पहले हो गया था एनपीए**

बैंक ऑफ इंडिया ने अपने पत्र में लिखा है कि उधारकर्ता का खाता 30 जून 2017 को 724.78 करोड़ रुपये के बकाया के साथ एनपीए हो गया। बैंक उधारकर्ताओं और गारंटर से बकाया चुकाने के लिए लगातार कह रहा है, लेकिन वे भुगतान करने में विफल रहे हैं। बीओआई ने रिलायंस टेलीकॉम को भेजे नोटिस में कंपनी के खाते को 'फ्रॉड' बताया है। इसके साथ ही कंपनी के डायरेक्टर ग्रेस थॉमस और सतीश सेठ के खातों को भी फ्रॉड बताया गया है। इन पर 51.77 करोड़ रुपये का लोन बकाया है। इस मामले में गौतम भाईलाल दोशी, दगदुलाल कस्तूरचंद जैन और प्रकाश शेनॉय भी शामिल हैं। आरसीओम और उसकी सहायक कंपनियों ने बैंकों से कुल 31,580 करोड़ रुपये का लोन लिया था। एक दिन पहले ही यानी शनिवार को सीबीआई ने अनिल अंबानी के ठिकानों पर छापा मारा था। यह कार्रवाई मुंबई में एक कथित बैंक लोन फ्रॉड मामले से जुड़ी थी। सीबीआई के अनुसार, एजेंसी ने मुंबई में दो जगहों पर तलाशी ली, जिसमें रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड का ऑफिस और अनिल अंबानी का घर शामिल था। सीबीआई ने एसबीआई की शिकायत पर रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड मुंबई, इसके डायरेक्टर अनिल अंबानी, अज्ञात सरकारी कर्मचारियों और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## क्या अमेरिकी डॉलर का होने वाला है अंत?

### यूरो चीनी युआन और क्रिप्टोकरेंसी में बढ़ी दिलचस्पी



नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसियां)। क्या दुनिया से डॉलर का अंत होने वाला है? क्या डॉलर का दबदबा कम हो रहा है? क्या दुनिया की दूसरी करेंसी हावी होने लगी हैं? एक्सपर्ट की मानें तो यह काफी हद तक सच है। जाने-माने अमेरिकी अर्थशास्त्री केनेथ रोगोफ ने इसे लेकर चेतावनी भी दी है। उन्होंने कहा है कि डॉलर का दबदबा कम हो रहा है। दुनिया अब डॉलर से हटकर दूसरी मुद्राओं की ओर जा रही है। इससे अमेरिका के लिए दूसरे देशों पर आर्थिक प्रतिबंध लगाना मुश्किल हो जाएगा। रोगोफ ने एक इंटरव्यू में यह बात कही। उन्होंने कहा, 'डॉलर से दूरी बन रही है। मेरा मतलब ये नहीं है कि डॉलर गायब हो जाएगा या कोई और उसकी जगह ले लेगा। लेकिन लोग अब दूसरी मुद्राओं में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। खासकर यूरो और धीरे-धीरे चीनी युआन और क्रिप्टोकरेंसी की तरफ भी।' रोगोफ के अनुसार इस बदलाव से अमेरिका की आर्थिक ताकत कम होगी। उन्होंने समझाया कि डॉलर से दूरी बनाने पर अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ेंगी। इससे अमेरिका के लिए दूसरे देशों पर आर्थिक प्रतिबंध लगाना मुश्किल हो जाएगा। रोगोफ ने आगे कहा कि देश दूसरी मुद्राओं का इस्तेमाल किए बिना भी अपने डॉलर भंडार को कम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश अपने भंडार को बचाएंगे और ट्रेजरी बिलों में अपनी होल्डिंग कम करेंगे। भले ही वे दूसरी मुद्राओं में न बदलें, लेकिन डॉलर में निवेश करना कम आकर्षक लगेगा। इससे भी ब्याज दरें बढ़ेंगी। इससे अमेरिका के लिए कर्ज की समस्या को हल करना मुश्किल हो जाएगा। अमेरिका के कर्ज पर बात करते हुए रोगोफ ने कहा कि यह ऐतिहासिक रूप से बहुत ज्यादा है। ब्याज दरें बढ़ने से मुश्किलें और बढ़ गई हैं। ट्रंप के प्रस्तावित टैरिफ में बढ़ोतरी पर भी रोगोफ ने आलोचना की। खासकर भारत से आने वाले सामानों पर 50% टैरिफ लगाने की योजना पर। उन्होंने इसे विनाशकारी बताया। रोगोफ को तुरंत किसी संकट की उम्मीद नहीं है, लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि अमेरिका के सामने खतरे बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा, 'संकट तब आते हैं जब आपके ऊपर बहुत ज्यादा कर्ज होता है, जब राजनीतिक अस्थिरता होती है और जब कोई झटका आपको अप्रत्याशित रूप से लगता है। अभी तक ऐसा नहीं हुआ है, लेकिन ऐसा कभी भी हो सकता है।'

## कार्बोनेटेड कोल्ड ड्रिंक पर क्या घटेगा जीएसटी: छोटे खुदरा व्यापारियों को होगा फायदा

नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसियां)। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने सरकार से कार्बोनेटेड पेय पदार्थों पर जीएसटी की दर कम करने की अपील की है। कैट ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर कहा है कि इन पेय पदार्थों को 18% जीएसटी स्लैब में रखा जाए। कैट का मानना है कि इससे छोटे व्यापारियों को फायदा होगा। कार्बोनेटेड कोल्ड ड्रिंक्स पर 28% जीएसटी के साथ 12% कम्पनसेशन सेस भी लगता है। इससे कुल इफेक्टिव रेट 40% हो जाता है। ये पेय पदार्थ पान मसाले और तंबाकू जैसे सिन गुड्स की कैटेगरी में आते हैं। सरकार जीएसटी प्रणाली को सरल बनाने में जुट गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी जीएसटी में सुधार करने की बात कही है। इसका कैट ने स्वागत किया है। कैट ने पीएम मोदी की ओर से जीएसटी के नेक्स्ट जनरेशन सुधारों के आह्वान का स्वागत करते हुए इसे जीएसटी को वास्तविक अर्थों में कंज्यूमर बोनांजा बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है।


**छोटे खुदरा व्यापारियों को होगा फायदा**

वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को भेजे गए एक पत्र में कैट ने कहा कि प्रधानमंत्री का जीएसटी को सरल बनाने और टैक्स स्लैब को तर्कसंगत करने का नजरिया देश के आंतरिक व्यापार तंत्र को मजबूत करने का सुनहरा अवसर है। इससे विशेष रूप से छोटे खुदरा व्यापारी, किराना स्टोर, फेरीवाले और पान की दुकान चलाने वाले लोग लाभान्वित होंगे। ये देश के लास्ट माइल रिटेल नेटवर्क की रीढ़ हैं।कैट के




राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भारतीया ने अपने पत्र में कहा कि जब जीएसटी प्रणाली का पुनर्गठन किया जा रहा है तो एक ओर टैक्स स्लैब को पुनर्परिभाषित करना आवश्यक है। दूसरी ओर बहु-आयामी अनुपालनों के बोझ को कम करना इन सुधारों का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। हंसा रिसर्च के साथ कराए गए कैट-अध्ययन का उल्लेख करते हुए भारतीया ने बताया कि केवल पेय पदार्थ ही छोटे किराना स्टोरों की बिक्री मात्रा का लगभग 30% हिस्सा रखते हैं। लेकिन, वर्तमान में कार्बोनेटेड ड्रिंक्स पर ऊंची टैक्स दर ने छोटे व्यापारियों की लिक्विडिटी को बाधित किया है। उनकी आय की क्षमता को कम कर दिया है। जबकि ये उत्पाद उनकी सबसे अधिक बिक्री वाले सामानों में से हैं। कार्बोनेटेड ड्रिंक ऐसे पेय पदार्थ होते हैं जिनमें कार्बन डाइऑक्साइड गैस को ऊंचे दबाव में घोलकर मिलाया जाता है। इसी गैस के कारण इन ड्रिंक्स में बुलबुले और एक हल्की 'फिज' होती है, जो इन्हें पीने में ताजा बनाती है। भारतीया ने कहा, 'पेय पदार्थ जन-उपभोग की वस्तुएं हैं, जिन्हें मुख्य रूप से छोटे व्यापारी बेचते हैं। वे बहुत ही कम मार्जिन पर काम करते हैं।

## जीएसटी रिफॉर्म के ऐलान से ज्वेलरी मार्केट में खलबली! ऐसा क्या हुआ कि छा गया सन्नाटा, आम आदमी पर कितना असर?



नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसियां)। फेस्टिव सीजन के साथ ही वेडिंग सीजन की शॉपिंग शुरू होने वाली है। लेकिन इसी बीच सरकार द्वारा गुड्स सर्विस टैक्स (जीएसटी) को रिफॉर्म करने का ऐलान कर दिया गया है। नए प्रस्ताव के मुताबिक अब जीएसटी में सिर्फ 5 और 18 प्रतिशत के स्लैब ही शामिल होंगे। ऐसे में ज्वेलरी मार्केट में खलबली मच गई है। कारोबारियों का कहना है कि ज्वेलरी पर 3 प्रतिशत जीएसटी लगता है। आशंका है कि अगर उसे 5 प्रतिशत कर दिया गया तो ज्वेलरी कारोबार से लेकर आम आदमी के बजट पर तगड़ा झटका लगेगा। कारोबारियों की मांग है कि सरकार ज्वेलरी पर जीएसटी शुल्क बढ़ाने के बजाए कम करें।दिल्ली एनसीआर ज्वेलर्स कमेटी के चेयरमैन अशोक सेठ बताते हैं कि बाजार में सन्नाटा पसरा है। हर तरफ जीएसटी रिफॉर्म की चर्चा है। नौ साल में ज्वेलरी पर तीन गुना टैक्स का बोझ लोगों के कंधे पर डाल दिया गया है। उन्होंने बताया कि साल 2016 तक ज्वेलरी पर 1 प्रतिशत वैट लगता था। इसके बाद जीएसटी आया और ज्वेलरी पर 3 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया गया है। फिर भी लोगों ने जूलरी खरीदी, लेकिन बीते छह महीने में ज्वेलरी की कीमत लगभग दोगुनी हो गई है।अब मार्केट में यह चर्चा तेजी से फैल रही है कि सरकार जीएसटी रिफॉर्म करने जा रही है। अगर इसमें ज्वेलरी पर लगने वाले जीएसटी शुल्क को बढ़ाया गया तो मार्केट में मंदी फैल सकती है। ऐसे में सरकार से मांग है कि जीएसटी रिफॉर्म में ज्वेलरी पर लगने वाले जीएसटी शुल्क को न बढ़ाया जाए। बल्कि, कम कर दिया जाए। दी बुलियन एंड ज्वैलर्स असोसिएशन के चेयरमैन योगेश सिंघल ने बताया कि ज्वेलरी मार्केट में इन दिनों सन्नाटा है। हालांकि, ज्वेलरी मार्केट में जीएसटी रिफॉर्म को लेकर चर्चा गर्म है। आशंका है कि अगर ज्वेलरी को 3 से 5 प्रतिशत के स्लैब में किया गया तो ज्वेलरी मार्केट में हाहाकार मच सकता है। लेकिन उम्मीद है कि सरकार ऐसा नहीं करेगी। असोसिएशन की मांग है कि ज्वेलरी पर लगने वाला जीएसटी शुल्क को 3 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत पर लाया जाए। कूचा महाजनी के चांदी कारोबारी सुशील जैन ने बताया कि मार्केट में इस वक्त असमंजस की स्थिति है। हर कारोबारी अपना-अपना तर्क दे रहा है। कोई कह रहा है कि चांदी पर लगने वाला टैक्स बढ़ाया जाएगा, तो कोई कह रहा है कि जीएसटी टैक्स स्थिर ही रहेगा।

## दैनिक पंचांग

शरद

-2551

-1972949126

पूर्व - कांच मे मुंह देखकर घर से निकले
द्वितीया 12-35 तक उपरान्त तृतीया
भाद्रपद शुक्ल , सोमवार 25 August
उ.फाल्गुनी 03-49 रात तक उपरान्त हस्त
सिद्ध 12-05 तक साध्य
कौलव 12-35 तक उप तैतिल
बाबा रामदेव बीज
श्री वराह जयन्ती

| | |
|---|---|
| सिंह | 05-30 बजे |
| सिंह | 07-37 बजे |
| | 09-43 बजे |
| | 11-53 बजे |
| | 14-06 बजे |
| | 16-13 बजे |
| कर्क | 18-03 बजे |
| | 19-41 बजे |
| | 21-17 बजे |
| | 23-02 बजे |
| | 01-02 बजे |
| | 03-15 बजे |

**राहुकाल** 07-36 से 09-10 तक

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 06-04 - 07-36 | शुभ | चंचल | 18-31 - 19-59 | शुभ |
| काल | 07-36 - 09-10 | अशुभ | रोग | 19-59 - 21-26 | अशुभ |
| शुभ | 09-10 - 10-44 | शुभ | काल | 21-26 - 22-52 | अशुभ |
| रोग | 10-44 - 12-18 | अशुभ | लाभ | 22-52 - 00-18 | शुभ |
| उत्पात | 12-18 - 13-52 | अशुभ | उत्पात | 00-18 - 01-44 | अशुभ |
| चंचल | 13-52 - 15-26 | शुभ | शुभ | 01-44 - 03-10 | शुभ |
| लाभ | 15-26 - 16-59 | शुभ | अमृत | 03-10 - 04-36 | शुभ |
| अमृत | 16-59 - 18-31 | शुभ | चंचल | 04-36 - 06-04 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो,ला, ली, लू, ले, लो, अ,) — आपकी एकाग्रता और विचारशक्ति इस समय अपने चरम पर है और इसीलिए आप अपने आसपास के लोगों की स्थिति के बारे में और भी संवेदनशील हैं । इससे आपको पिछले कुछ मतभेद सुलझाने में मदद मिलेगी । आप किसी ऐसे व्यक्ति के सम्पर्क में आ सकते हैं जिससे आप काफी पहले अलग हो गए थे ।

**वृष** (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो) — बहुत से अच्छे मौके आपका इन्तजार कर रहे हैं लेकिन आपको उनके लिए पूरे तौर पर समर्पित कोशिशें करनी होंगी,जोकि इस समय आपके लिए कुछ मुश्किल लग रहा है । किसी ख़ास निजी समारोह के लिए इन मौकों को रोके रखना आपके लिए सही है । आप साधारणतया बहुत अच्छे हैं और इसीलिए आपके दोस्त आपसे लगाव रखते हैं ।

**मिथुन** (का, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह,) — गृहों की स्थिति ऐसी है कि आपको अप्रत्याशित बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है ,पिछले कुछ समय से आप बहुत अच्छी स्थिति में हैं और फिलहाल ऐसा कुछ भी नही है जो परेशानी पैदा करने वाला दीखता हो । लेकिन आज ऐसी बढ़ाएं और परेशानियां पैदा होने वाली हैं जो आपके काम और मूड दोनों को ही प्रभावित करेंगी । अप्रत्याशित समस्याओं से काम कुछ समय के लिए रुक सकता है ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,) — आप पिछले कुछ दिनों से काफी व्यस्त दिनचर्या बिता रहे हैं । अब सारी चीजों को व्यवस्थित करने का समय है । आज आपको तुलनात्मक रूप से थोड़ी राहत मिलेगी,लेकिन आपको इस समय का उपयोग अपनी सब चीजों को व्यवस्थित करने में लगाना चाहिए । नही तो सब कुछ और अधिक उलझता जाएगा और आप स्थिति के नियंत्रण से बाहर होने के कारण और भी अधिक परेशान रहेंगे ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,) — आप आज आत्मविश्वास से भरे हैं और यह बात आपकी भाव –भंगिमा और नजरिये से साफ़ झलक रही है । आज हर कहीं आप लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहेंगे और अपनी छाप छोड़ेंगे । महत्वपूर्ण बिज़नेस बैठकों में आपके मुताबिक़ निर्णय होंगे । अगर स्थितियां आपके पक्ष में नही भी दिख रही तब भी आप उन्हें अपने पक्ष में कर लेंगे और अपनी बात मनवाने में कामयाब रहेंगे ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आप पिछले कुछ समय से उपेक्षित महसूस कर रहे हैं लेकिन आज आप पर सबका ध्यान आएगा । लाइमलाइट आप पर रहेगी और आप आसानी से इस अवसर का लाभ उठाकर खुद को साबित कर पायेंगे । यह किसी नए दोस्त के मिलने,पुराने के सामने आने या कार्यस्थल की किसी स्थिति से सम्बंधित भी हो सकता है ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,) — आपको समय फिलहाल रेंगता हुआ महसूस हो रहा है । लेकिन धीरज रखें और अपनी उत्सुकता भी बनाये रखें । हालाँकि आपको अपने किसी वादे या किसी निजी सम्बन्ध की खातिर कुछ समय के लिए अपने लक्ष्यों को एक तरफ करना पड़ सकता है । अपने साथी के साथ विवादों और गलतफहमियों से बचें ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,) — आज चलते हुए सावधान रहें । हलकी खरोचें आ सकती हैं । न चाहते हुए भी आप किसी करीबी को बातों-बातों में नाराज कर सकते हैं । आज केवल अपने काम से ही मतलब रखना उपयुक्त रहेगा । सिनेमा या किसी और मनोरंजक कार्यकलाप में समय बिता सकते हैं । आज आप शारीरिक और भावनात्मक दोनों रूप से अधिक संवेदनशील महसूस कर सकते हैं।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे) — आज अपने सिद्धांतों की व्याख्या और पुनर्मुल्यांकन का दिन है । आप पिछले फैसलों के लिए खुद से और अपने साथी से भी सवाल कर सकते हैं । फिर भी आप उसके प्रति बहुत अच्छे बने रहेंगे और उससे भी बदले में यही उम्मीद रखेंगे । जब पुराने विचारों से कोई काम बनता दिखाई न दे रहा हो तो नए विचारों को अपना लेने में कोई बुराई नही है।

**मकर** (भो, ज, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी) — आप बहुत दिनों से आज के दिन के लिए बचत करते आ रहे हैं । आज कोई ऐसी ख़ुशी की खबर मिलेगी जो आपके होठो पर मुस्कान और आँखों में आंसू ले आएगी । आज आप पुरे दिन दोस्तों और सम्बन्धियों से घिरे रहेंगे। समय मजे में बीतेगा लेकिन अपने स्व। स्थ्य का ध्यान जरूर रखें ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) — आप आज ऊर्जा से भरे हैं,आपके आकर्षण और कुशलता से आज घर-ऑफिस में सब प्रभावित होंगे । अपने दोस्तों या किसी ख़ास के साथ बाहर घुमने जाकर मजे करें । दिन शांत और तनावरहित रहेगा । आज अच्छा वित्तीय लाभ होने की सम्भावना तो बनी हुई है,लेकिन अपने खरीदारी के खर्चों पर भी नजर रखें ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची) — अपने घर से जुडी किसी अच्छी खबर के लिए तैयार रहें । निवास स्थान में बदलाव संभव है या नया घर खरीदने की योजना को अंतिम रूप दे सकते हैं । अपनी सकारात्मक ऊर्जा का लाभ उठायें । अगर आप कुछ समय से अपने घर या इसके किसी हिस्से को को नया रूप देने के बारे में सोच रहे हैं तो यह समय इसके लिए बहुत अच्छा है ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र



# कारखाना श्रमिक अब 10 घंटे तक कर सकेंगे काम, एमएलए का नहीं बढ़ेगा वेतन

जयपुर, 24 अगस्त (एजेंसियां)। राज्य कैबिनेट की बैठक में कई बड़े फैसले किए गए। परवन बांध डूब क्षेत्र में आ रहे पीड़ित परिवारों को अलग-अलग प्रकरणों में 52 करोड़ रुपए से अधिक की विशेष अनुग्रह राशि देने का निर्णय किया गया है। कैबिनेट की बैठक में कारखाना (राजस्थान संशोधन) विधेयक 2025 के प्रारूप का अनुमोदन भी किया गया।

कारखाना श्रमिकों के साप्ताहिक कार्य समय 48 घंटों में उनकी दैनिक कार्य अवधि अधिकतम 9 घंटे से बढ़ाकर 10 घंटे तथा विश्राम से पूर्व कार्य की अधिकतम अवधि 5 घंटे से बढ़ा कर 6 घंटे की जाएगी। कैबिनेट बैठक के बाद मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, जोगाराम पटेल और



बाबू लाल खराड़ी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये जानकारी दी।

**विश्वकर्मा युवा महोत्सव प्रोत्साहन योजना**

मंत्रिमंडल की बैठक में विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी प्रदान की गई। योजना के तहत 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को वित्तीय संस्थानों के माध्यम से मार्जिन मनी एवं कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। योजना में अधिकतम 2 करोड़ रुपए तक के ऋण पर 8 प्रतिशत तक ब्याज अनुदान दिया जाएगा।

**उद्यमी ऋण के लिए 150 करोड़**

महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग श्रेणी के उद्यमियों, ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित उद्यम, कार्ड धारक बुनकर एवं शिल्पकारों को 1 करोड़ से अधिक और 2 करोड़ रुपए तक के ऋण पर 1 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान मिलेगा। वित्तीय संस्थान द्वारा दिए गए ऋण पर 25 प्रतिशत अथवा अधिकतम 5 लाख रुपए तक मार्जिन मनी अनुदान भी प्रदान किया जाएगा। इसके लिए 150 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

**विधायकों के वेतन वाला विधेयक अटका**

कैबिनेट की बैठक में विधायकों के वेतन बढ़ाने वाले विधेयक को भी मंजूरी मिलनी थी, लेकिन ऐनवक्त पर इसे स्थगित कर दिया गया। सीएम ने निर्देश दिए कि पहले अन्य राज्यों के यहां विधायकों के वेतन का अध्ययन करवा लें। इसके बाद निर्णय किया जाएगा। वहीं राजस्थान तकनीकी शिक्षा अधीनस्थ सेवा में प्रतियोगी परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग का प्रावधान करने के साथ ही न्यूनतम योग्यता अंक 40 प्रतिशत निर्धारित किए जाएंगे। एससी-एसटी अभ्यर्थियों को 5 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।

# लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने दिए नुकसान के सर्वे के निर्देश, राहत कार्यों की समीक्षा की

बूंदी, 24 अगस्त (एजेंसियां)। अतिवृष्टि और जलभराव से प्रभावित केशवरायपाटन और कापरेन क्षेत्र में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दौरा कर हालात का जायजा लिया। सबसे पहले स्पीकर बिरला कोटा से केशवरायपाटन पहुंचे, यहां बंजारा बस्ती में उन्होंने जलमग्न इलाकों का निरीक्षण किया और प्रभावित परिवारों से संवाद कर उनकी पीड़ा को सुना। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बस्ती से जलनिकासी की समुचित व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित की जाए, जिनके घर क्षतिग्रस्त हुए हैं उनका तत्काल सर्वे हो। राहत कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता न हो। बिरला ने कहा कि ग्रामीणों को फूड पैकेट व शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाए जाए। सभी अधिकारी और संबंधित एजेंसिया मुस्तैद रहे। एनडीआरफ, एसडीआरएफ व सिविल डिफेंस की कंपनियां आपात स्थिति से निपटने के लिए तुरंत तैयार रहे। खेतों में भरे पानी कि निकासी के लिए सीएडी द्वारा ड्रेन खुदवाई जाए, आवश्यकता होने पर अतिरिक्त फोर्स को तुरंत प्रभाव से बाढ़



प्रभावित क्षेत्र में बुलवाए। इस दौरान पूर्व विधायक चन्द्रकांता मेघवाल, प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

बिरला ने प्रशासन द्वारा बनाए गए आश्रय स्थल में लोगों से मुलाकात की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जब तक घरों की मरम्मत न हो जाए और क्षेत्र से पूरी तरह जलनिकासी न हो, तब तक प्रभावितों के रहने, भोजन और स्वास्थ्य की संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन सुनिश्चित करे। उन्होंने यह भी कहा कि नुकसान का सटीक आकलन हो और समुचित सहायता राशि समय पर दी जाए।

निरीक्षण के क्रम में बिरला हस्तिनापुर फाटक के पास जलमग्न झौंपडिय़ों तक भी पहुंचे। यहां की स्थिति देखकर उन्होंने संबंधित विभागों को तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। अनंतपुरा गांव में उन्होंने जलमग्न पुलिया और खेतों का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों से आवागमन व फसल हानि की स्थिति जानी। उन्होंने कहा कि तात्कालिक समाधान के साथ स्थायी समाधान की दिशा में काम करने को कहा ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो।

पाटन के बाद बिरला कापरेन पहुंचे, जहां उन्होंने अड़ीला गांव की बस्तियों और विद्यालय का निरीक्षण किया। कापरेन बाजार में जलभराव की गंभीर स्थिति पर उन्होंने चिंता व्यक्त की और अधिकारियों को जल निकासी के प्रयास तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासन को सर्वे कराकर प्रभावितों की सूची तैयार करने, मुआवजे की अनुशंसा भेजने को शीघ्र राहत पहुंचाने के निर्देश दिए।

# जोधपुर दिल्ली वंदे भारत ट्रेन की मिली सौगात

## केंद्रीय मंत्री शेखावत ने पीएम मोदी का जताया आभार

जोधपुर, 24 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान वासियों को पीएम मोदी ने एक और सौगात दी है। यह सौगात मिली है, जोधपुर दिल्ली वंदे भारत के रूप में। इसके लिए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पीएम नोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया है। वहीं, जोधपुर लोकसभा क्षेत्र में पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री शेखावत का स्वागत किया है। मंत्री शेखावत ने कहा कि इससे न सिर्फ दिल्ली, बल्कि जयपुर तक कनेक्टिविटी और अच्छी होगी। इसके साथ रेल इंफ्रास्ट्रक्चर और इलेक्ट्रिफिकेशन में जिस तरह से विकास हो रहा है,



इससे दिल्ली से जयपुर तक तमाम स्टेशन तक कनेक्टिविटी से रफ्तार बढ़ेगी। एयरपोर्ट का भी विकास हो रहा है। साल के अंत तक इसका कार्य पूरा हो जाएगा। एयर कनेक्टिविटी में भी विस्तार हो रहा है। 25 अगस्त को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रस्तावित दौरे को लेकर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद में पहली बार इस पश्चिमी राजस्थान की धरती पर रक्षा मंत्री आ रहे हैं। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है।उन्होंने 130 संविधान संशोधन पर कहा कि संविधान संशोधन के लिए लोकसभा और राज्यसभा में संशोधन बिल को पेश किया गया है। हमारा उद्देश्य है कि इस विषय पर गंभीरता से चर्चा की जाए। गहनता से चर्चा के साथ में ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी जिसमें 21 सदस्य हैं, 10 सदस्य राज्यसभा के होंगे, को भेजा गया है।

# 'सोलर एनर्जी से नई रोशनी', राजस्थान में 2500 मेगावाट का होगा उत्पादन

जयपुर, 24 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर में हुई राजस्थान कैबिनेट बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, ऊर्जा और खेल से जुड़े कई बड़े फैसले लिए गए। कैबिनेट ने जयपुर में एम्स की तर्ज पर राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज बनाने की मंजूरी दी, टोंक रोड पर 3500 करोड़ की लागत से विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर बनाने का निर्णय हुआ।

राजस्थान कैबिनेट बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, ऊर्जा और खेल से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए। इन निर्णयों से प्रदेश की चिकित्सा सेवाओं को नई दिशा मिलेगी, उद्योग और निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा, साथ ही पर्यावरण संरक्षण और रोजगार सृजन को बल मिलेगा। सबसे बड़ा फैसला राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज बिल को मंजूरी देना रहा। इसे एम्स की तर्ज पर जयपुर में विकसित किया जाएगा। सवाई मान सिंह अस्पताल का कैंसर संस्थान भी इसमें शामिल होगा। यहां सुपर स्पेशियलिटी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

बैठक में स्टेट एक्सप्रेस-वे पर टोल दरें कम करने का प्रस्ताव भी पास हुआ। इससे आमजन को सीधे राहत मिलेगी और यातायात सुगम होगा। साथ ही, नई भूमि आवंटन नीति को मंजूरी दी गई, जिसके तहत सरकारी जमीन का उपयोग सार्वजनिक कार्यों के लिए आसान होगा। टोंक रोड पर विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर बनाने की मंजूरी भी दी गई।



3500 करोड़ की लागत से बनने वाले इस सेंटर की क्षमता 7000 सीटों की होगी। इसमें फाइव स्टार और फोर स्टार होटल भी शामिल होंगे। इसका निर्माण कार्य भारत मंडपम बनाने वाली कंपनी को सौंपा गया है।

कैबिनेट ने 1280 हेक्टेयर जमीन पर 2500 मेगावाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट लगाने की भी मंजूरी दी। कंपनियों को शर्त दी गई है कि एक पेड़ काटने पर पांच पेड़ लगाने होंगे और स्थानीय स्तर पर स्कूल, अस्पताल व सीएसआर गतिविधियों में योगदान करना होगा। इसके अलावा, विकसित राजस्थान 2047 विजन डॉक्यूमेंट को मंजूरी दी गई, जिसमें 2030 तक 30 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य रखा गया है।

ंहर गांव में शिक्षा व रोजगार अवसर उपलब्ध कराने की योजना भी इसमें शामिल है।

युवाओं के लिए विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना को भी स्वीकृति मिली। इसके तहत युवाओं को व्यापार व उद्योग लगाने के लिए सस्ता कर्ज और सब्सिडी मिलेगी। कैबिनेट ने राज्य की बेकार पड़ी हवाई पट्टियों को 20 साल की लीज पर एयरो स्पोर्ट्स गतिविधियों के लिए देने का निर्णय लिया। इससे पर्यटन और खेलों को बढ़ावा मिलेगा।

# कोटा-बूंदी में फंसे लोगों की मदद के लिए वायुसेना का एमआई-17 हेलीकॉप्टर तैनात

## कई गांवों से संपर्क कटा

कोटा/बूंदी, 24 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के कोटा और बूंदी क्षेत्रों में बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर तैनात किया गया है, जबकि भारतीय वायुसेना अतिरिक्त उड़ानों के लिए तैयार है। यह जानकारी सूत्रों ने रविवार को दी। भारी बारिश ने राजस्थान के कई हिस्सों में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि प्रभावित इलाकों से सैकड़ों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है।

पूर्वी राजस्थान में सबसे ज्यादा बारिश हुई है, जिससे निचले इलाकों में पानी भर गया है और सड़क व रेल संपर्क बाधित हो गया है। कई गांव पानी भर जाने से कट गए हैं। सूत्रों ने बताया कि कोटा और बूंदी क्षेत्रों में बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए एक Mi-17 हेलीकॉप्टर तैनात है। भारतीय वायुसेना मानवीय सहायता और आपदा राहत के लिए अतिरिक्त उड़ानें भरने को तैयार है।

एक सूत्र ने बताया कि वायुसेना के संसाधन कोटा एयरफील्ड पर तैयार स्थिति में रखे गए हैं। इससे पहले शुक्रवार को कोटा में राहत अभियान भारतीय सेना और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल द्वारा चलाया गया था, वहीं राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमों ने अन्य वर्षा प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित निकाला।

# स्कूली पाठ्यक्रम में बड़ा बदलाव

## अब भगवान राम-कृष्ण के आदर्श और शिवाजी-तेजाजी की वीरता पढ़ेंगे नौनिहाल

जयपुर, 24 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत राजस्थान के स्कूली पाठ्यक्रम में काफी बदलाव किए गए हैं। राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (आरएससीईआरटी) उदयपुर ने प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षा को और अधिक समावेशी, समग्र व कौशल-आधारित बनाया है।

बच्चों को सांस्कृतिक विरासत से भी परिचित कराया गया है। इसके तहत प्राथमिक स्तर की नई हिन्दी पाठ्यपुस्तकों में भगवान राम, भगवान कृष्ण, वीर तेजाजी और छत्रपति शिवाजी जैसे आदर्श और प्रेरणादायक व्यक्तित्वों की जीवनी शामिल की है। यह पहल बच्चों में राष्ट्रीयता, वीरता और नैतिक मूल्यों की समझ को बढ़ावा देने के लिए की गई है। विद्यार्थियों को उनकी जड़ों से जोड़ने के लिए यह नवाचार किया गया है। प्राथमिकता शिक्षा को केवल पाठ्यपुस्तक आधारित



जानकारी तक सीमित न रखते हुए, उसे व्यापक, व्यावहारिक व जीवनोपयोगी बनाना है। राजस्थान के आरएससीईआरटी की ओर से इस नीति को लागू करते हुए पाठ्यक्रम में ऐसे विषय जोड़े गए हैं, जो बच्चों के नैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में सहायक हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि भगवान राम और भगवान कृष्ण की कथाएं, जो सदियों से भारतीय संस्कृति में आदर्श के रूप में स्थापित हैं, बच्चों को सदाचार, साहस और दयालुता की शिक्षा देंगी। इसीप्रकार वीर तेजाजी, जो राजस्थान के लोक देवता हैं, और छत्रपति शिवाजी, जिनकी वीरता और प्रबंधन कौशल विश्व प्रसिद्ध हैं, इनका समावेश बच्चों में वीरता और नेतृत्व के गुणों को जागृत करेगा।

वर्ष 2014 से पढ़ाई जा रही पुरानी पुस्तकों की तुलना में यह भी सामने आया कि कक्षा 5 की हिन्दी पुस्तक से सिस्टर निवेदिता की जीवनी और कबीर-रहीम के दोहे हटा दिए गए हैं, जबकि कक्षा 4 की हिन्दी पुस्तक से पन्नाधाय और कालीबाई भील की जीवनी हटा दी गई है। पुरानी पुस्तकों में निर्वाचन प्रक्रिया और गोडावण पर भी पाठ शामिल था, लेकिन अब यह नई पुस्तकों का हिस्सा नहीं है।

पाठ्यक्रम में समग्र व कौशल-आधारित बनाया गया है। बच्चों को सांस्कृतिक विरासत से भी जोड़ा है। स्थानीय महापुरुषों को भी शामिल किया गया है।

# 3 भाइयों संग सो रहे मासूम को सांप ने डसा

## घटना से पूरे गांव में मातम

अजमेर, 24 अगस्त (एजेंसियां)। निकटवर्ती बड़कोचरा पंचायत के भूरियाखेड़ा गांव में गुरुवार रात एक हृदयविदारक घटना घटी। घर के आंगन में तीनों भाई एक साथ सो रहे थे। इसी दौरान बीच में सो रहे 13 वर्षीय गोविन्द सिंह पुत्र बलवीर सिंह को जहरीले सांप ने डस लिया। इस घटना से पूरे गांव में मातम छा गया।

रात करीब 1 बजे गोविन्द के कान से खून बहता देख दादा छोग सिंह को आशंका हुई। उन्होंने जब बिस्तर झटका तो उस पर बलिया वाला सांप नजर आया। परिजनों ने तुरंत ही सांप को मार डाला और घायल बालक को जवाजा अस्पताल ले जाया गया।

डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर स्थिति में ब्यावर रेफर किया, जहां से अजमेर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल भेजा गया। परंतु चिकित्सकों के तमाम प्रयासों के बावजूद मासूम ने रात करीब 11 बजे दम तोड़ दिया।

# भारी बारिश का कहर

## *पक्का मकान गिरने से महिला की दर्दनाक मौत*

## अब तक 200 कच्चे घर ढहे

कोटा, 24 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के दक्षिणी-पूर्वी क्षेत्र में चल रहा मानसून के दूसरे चरण का दौर रविवार को भी जारी है। भारी बारिश के चलते कोटा के सुल्तानपुर में देर रात दर्दनाक हादसा हो गया। पक्के मकान की छत गिरने से पति-पत्नी मलबे में दब गए।हादसे में महिला की मौत हो गई। वहीं, पति की हालत गंभीर बनी हुई है।

दरअसल, सुल्तानपुर के इस्लाम नगर में देर रात छत गिरने से कमरे में सो रहे दम्पति मलबे में दब गए। दोनों को घायल अवस्था में सुल्तानपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां से दोनों को गंभीर हालत में कोटा रैफर कर दिया। उपचार के दौरान यास्मिन की मौत हो गई।

पति जावेद अख्तर की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतका के 3 साल की मासूम बेटी है। बता दें कि कोटा जिले में 3 दिन से भारी बारिश का दौर जारी है। कोटा के सुल्तानपुर क्षेत्र में अतिवृष्टि से 200 से अधिक कच्चे मकान बह गए।

**यहां भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात**

मौसम केन्द्र ने 3 दिन तक कोटा, बूंदी, बारां, भीलवाड़ा में अतिभारी तो जयपुर, दौसा, सवाईमाधोपुर व टोंक जिलों में भारी बारिश अन्य जिलों में मध्यम बारिश का अलर्ट घोषित किया है। कोटा, बूंदी, सवाईमाधोपुर और टोंक में भारी बारिश से बाढ़ की स्थिति बन गई है। बूंदी के नैनवां और कापरेन में बचाव कार्य के लिए सेना को बुलाना पड़ा।एनडीआरएफ-एसडीआरएफ भी बचाव कार्य में लगी हुई हैं।

# प्रेम जाल में फंसाकर किया अपहरण

## पिस्टल तान 1.8 लाख रुपए करवाए ट्रांसफर, 2 गिरफ्तार, साला फरार

जयपुर, 24 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर के गलता गेट थाना पुलिस ने प्रेम जाल में फंसाकर अपहरण कर मारपीट करने और लूट के मामले में महिला सहित दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। मामले में मुख्य आरोपी पीड़ित का साला ही निकला।



**पीड़ित ने दर्ज कराई रिपोर्ट**

डीसीपी (नॉर्थ) करण शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी वी.पी सिंह गुर्जर (22 वर्ष) थड़ी मार्केट न्यू सांगानेर और दर्शिका बैरवा (23 वर्ष) लालकोठी स्कीम ज्योति नगर की रहने वाली है। पुलिस ने बताया कि गोपी कॉलोनी मालपुरा गेट निवासी किशन गोस्वामी ने रिपोर्ट दी थी।

पीड़ित के मुंह में कपड़ा ठूंसा, किया अपहरण

रिपोर्ट में बताया कि 18 अगस्त को दर्शिका नाम की युवती ने फोन कर उसे जेएलएन मार्ग बुलाया। युवती ने उसकी बाइक को पार्किंग में खड़ा करवा दिया और खुद की कार में बैठा लिया। इसके बाद वह नाहरगढ़, खोले के हनुमानजी मंदिर लेकर गई। दर्शन करके जब लौट रहे थे तभी चार-पांच लड़कों ने गाड़ी को रोक लिया। पीड़ित के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और उसी गाड़ी में पटक कर कानोता और उसके बाद बसवा नादौती ले गए।

**मुख्य साजिशकर्ता अपने जीजा पर तानी पिस्टल**

मुख्य साजिशकर्ता साले रवींद्र ने जीजा किशन पर पिस्टल तान दी और जान से मारने की धमकी देकर मोबाइल के पासवर्ड लेकर अलग-अलग खातों में 1.8 लाख रुपए डलवा लिए। इसके बाद पीड़ित से मारपीट कर फर्जी मामले में फंसाने की धमकी भी दी।

# उदयपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, जिलेभर में 324 अपराधी गिरफ्तार

## 32 हिस्ट्रीशीटरों के घरों पर दबिश

उदयपुर, 24 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान की उदयपुर पुलिस ने वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी और एरिया डोमिनेंस सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अलसुबह जिलेभर में विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत पुलिस ने कुल 324 अपराधियों और आपराधिक प्रवृत्ति के बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, 32 हिस्ट्रीशीटरों के घरों पर दबिश देकर उनसे पूछताछ की गई।

जिले के 780 से अधिक स्थानों पर दबिश दी गई

अभियान का नेतृत्व महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव और जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने किया। उनके निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा (शष्ठर), गोपाल स्वरूप मेवाड़ा (मुख्यालय) और अंजना सुखवाल (खेरवाड़ा) सहित जिले



के सभी वृताधिकारियों की देखरेख में 115 से अधिक पुलिस टीमों का गठन किया गया। इन टीमों में लगभग 510 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे, जिन्होंने जिले के 780 से अधिक स्थानों पर दबिश दी।

वांछित 7 अपराधियों को गिरफ्तार किया

अभियान के दौरान पुलिस ने हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और आबकारी अधिनियम जैसे जघन्य अपराधों में वांछित 7 अपराधियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा 54 स्थायी और गिरफ्तारी वारंटियों और 23 सामान्य प्रकरणों में वांछित अभियुक्तों को भी हिरासत में लिया गया। निरोधात्मक कार्रवाई के तहत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धाराओं 170, 172 और 129 के अंतर्गत 228 व्यक्तियों को पाबंद किया गया।

टीमों ने 17 नए प्रकरण दर्ज किए

अभियान के दौरान टीमों ने 17 नए प्रकरण दर्ज किए, जिनमें आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और आबकारी अधिनियम से जुड़े मामले शामिल थे। इन मामलों में 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गोवर्धनविलास थाना क्षेत्र में एक फरार अभियुक्त से 4.640 किलोग्राम गांजा बरामद कर प्रकरण दर्ज किया गया। इसके अलावा पुलिस ने 32 हिस्ट्रीशीटरों के घरों पर दबिश देकर उनसे पूछताछ की।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने कहा कि अपराधियों के विरुद्ध यह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे अपराध और अपराधियों से संबंधित जानकारी पुलिस को उपलब्ध कराएं।

# एएसआई रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार, एसीबी ने पकड़ा

चित्तौड़गढ़, 24 अगस्त (एजेंसियां)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) चित्तौड़गढ़ की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चंदेरिया थाने में तैनात सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) सुभाष चन्द्र यादव को नौ हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी एएसआई शिकायतकर्ता के पुत्र के खिलाफ दर्ज मामले में मदद करने के एवज में यह रिश्वत मांग रहा था। गिरफ्तारी के बाद एसीबी ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है और उसके आवास पर भी तलाशी ली जा रही है।

एसीबी मुख्यालय को शिकायतकर्ता ने लिखित शिकायत दी थी कि चंदेरिया थाने के एएसआई सुभाष चन्द्र यादव उसके पुत्र के खिलाफ दर्ज प्रकरण में राहत देने के नाम पर नौ हजार रुपये रिश्वत मांगकर परेशान कर रहा है। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर चित्तौड़गढ़ टीम ने कार्रवाई की योजना बनाई।

एसीबी चित्तौड़गढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। जैसे ही शिकायतकर्ता ने एएसआई को नौ हजार रुपये दिए, एसीबी टीम ने इशारा मिलते ही उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। इस कार्रवाई की निगरानी एसीबी रेंज उदयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस प्रहलाद सिंह कृष्णिया ने की।

**आवास पर भी तलाशी, पुलिस महकमे में हड़कंप**

गिरफ्तारी के बाद एसीबी टीम ने आरोपी एएसआई के आवास पर भी दबिश दी। वहां से दस्तावेजों और अन्य संदिग्ध सामग्री की जांच की जा रही है। अचानक हुई इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। थाने और पुलिस विभाग के भीतर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज

एसीबी अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है और आगे की जांच में और भी तथ्य सामने आने की संभावना है।

# मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने भाकपा नेता सुधाकर रेड्डी को श्रद्धांजलि अर्पित की

हैदराबाद, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने रविवार को यहां हिमायत नगर स्थित पार्टी कार्यालय में भाकपा के वरिष्ठ नेता सुरवरम सुधाकर रेड्डी को श्रद्धांजलि अर्पित की। सुधाकर रेड्डी (83) का शुक्रवार रात निधन हो गया और उनके पार्थिव शरीर को पार्टी कार्यालय, मकदूम भवन में जनता के दर्शन के लिए रखा गया। मुख्यमंत्री ने सुधाकर रेड्डी को श्रद्धांजलि देने के लिए मकदूम भवन का दौरा किया और उनके परिवार और पार्टी नेताओं के प्रति संवेदना व्यक्त की। अपने भाषण के दौरान, मुख्यमंत्री ने सुधाकर रेड्डी को एक उल्लेखनीय नेता बताया, जिन्होंने वंचितों के हितों की रक्षा की। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि मूल्य-आधारित राजनीति के प्रति सुधाकर रेड्डी की प्रतिबद्धता दूसरों को प्रेरित करेगी और उनके सिद्धांतों का पालन करना ही उन्हें सम्मानित करने का सबसे अच्छा तरीका होगा। रेवंत रेड्डी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, तेलंगाना कांग्रेस और राज्य सरकार की ओर से अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार सुधाकर रेड्डी के योगदान को स्वीकार करेगी और उनकी विरासत को संरक्षित करने के लिए उनके सम्मान में एक विकास परियोजना का नामकरण करने पर विचार करेगी। भाकपा के राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा, राष्ट्रीय सचिव नारायण, विधायक और राज्य सचिव कुनामनेनी संबाशिव राव और अन्य नेता उपस्थित थे। इस बीच, पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव और सीतक्का, बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव और अन्य नेताओं ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## दम हो तो उपचुनाव लड़ें और जीतकर दिखाएं दलबदलू विधायक

### केटीआर ने सीएम रेवंत रेड्डी को दी चुनौती

हैदराबाद, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को चुनौती दी कि अगर उन्हें लगता है कि जनता ने उनके फैसले को मंज़ूरी दे दी है, तो वे 10 बागी विधायकों से इस्तीफा देकर उपचुनाव लड़ने के लिए कहें। उन्होंने ऐलान किया कि उपचुनाव कांग्रेस सरकार के 20 महीने के शासन पर जनमत संग्रह साबित होंगे। रविवार को सेरिलिंगमपल्ली में बीआरएस कार्यकर्ताओं की एक विशाल बैठक में बोलते हुए, रामा राव ने कहा कि कांग्रेस दलबदल पर सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश से घबरा गई है। सेरिलिंगमपल्ली के विधायक अरेकापुडी गांधी सहित दलबदलू विधायकों ने स्वार्थ के लिए अपनी वफादारी बदली है, लेकिन जनता के लिए नहीं, यही वजह है कि वे उपचुनावों में जनता का सामना करने से डर रहे हैं।

उन्होंने चुनौती देते हुए कहा, अगर कांग्रेस सचमुच मानती है कि वह जनता के लिए काम कर रही है, तो इन विधायकों को इस्तीफ़ा देकर उपचुनावों का सामना करना चाहिए। अगर जीत सको तो फिर से जीतो। उन्होंने कहा कि भले ही कुछ नेताओं ने पार्टी के साथ विश्वासघात किया है, लेकिन वफादार कार्यकर्ताओं ने पार्टी का साथ नहीं छोड़ा, जो पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। बीआरएस के एक दशक लंबे शासन और कांग्रेस के 20 महीने के कार्यकाल की तुलना करते हुए, पूर्व मंत्री ने कहा कि चंद्रशेखर राव विकास और कल्याण की विरासत छोड़ गए हैं। बीआरएस सरकार ने दस सालों में 2.85 लाख करोड़ रुपये उधार लिए थे, और इस धन का इस्तेमाल हैदराबाद में 42 फ़्लाईओवर, सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने में किया गया। उन्होंने कहा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन 200 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये कर दी गई। लगभग 70 लाख किसानों को सीधे उनके खातों में 70,000 करोड़ रुपये मिले।

## बीआरएस नेता सुंके रविशंकर को करीमनगर में किया गया नजरबंद

करीमनगर, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस नेता और पूर्व विधायक सुंके रविशंकर को रविवार को पुलिस ने गंगाधर मंडल के बुरुगुपल्ली स्थित उनके आवास पर नजरबंद कर दिया। यह कार्रवाई अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की तेलंगाना प्रभारी मीनाक्षी नटराजन की चोप्पादंडी निर्वाचन क्षेत्र में यात्रा के मद्देनजर की गई। पुलिस ने रविशंकर को एहतियातन हिरासत में ले लिया और उन्हें उनके घर में ही नजरबंद कर दिया।


**दक्षिण मध्य रेलवे**

**निविदा संख्या:जीटीएल-इएम-27-2025-26 दि.21-08-2025**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/रखरखाव/गुंटकल द्वारा निम्न कार्यो हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा संख्याः जीटीएल-इएम-27-2025-26, कार्य विवरणःमंत्रालयम रोडः एबीएस फेज-।। के तहत तत्संबंधित स्टेशन का प्रस्तावित अद्यतन या अपग्रेडेशन (1) 50000 लीटर्स जीआरपी टैंक आदि का प्रावधान (2)इलेक.-एम कार्य (3) एस एण्ड टी कार्य (4) इलेक-टीआरडी कार्य (5) सीओपी का प्रावधान (6) एन्ट्रेस पोर्च का विस्तार अंदाजन रोड 30 एम तक (7) मुख्य प्रवेश/निकास का चौडीकरण (8) पीएफ नं. 2एण्ड 3 पर, पे एण्ड यूज टायलेट्स अथवा भुगतान व उपयोग शौचालयों को हटाना या ध्वस्त करना (9) दिव्यांग काउन्टर-बिजली व्यवस्थाएं। अनुमानित मूल्य रु. 4,76,49,467.69

**बंद करने की तिथि व समय:12-09-2025 के 15.00 बजे**

टेंडर बिड्डिंग तथा अन्य विवरण हेतु http://www.ireps.gov.in पर लागिन करें। निविदा का शुध्दिपत्र यदि कोई हो तो, उसे केवल आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा। निविदा दस्तावेज को, निविदाकारों द्वारा निःशुल्क रूप में http://www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**टिप्पणीः** इस ई-निविदा में भाग लेने/बोली में सहभागिता के लिए, निविदादाता के पास वैध डीएससी (डिजीटल सिग्नीचर सर्टिफिकेट) प्रमाणपत्र होना चाहिए।

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, रखरखाव, गुण्टकल**

**ई-निविदा सूचना संख्याः डीआरएम/ वर्क्स/ बीजेडए/18/2025 दि.20-08-2025**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु तत्संबंधित विवरित तिथिनुसार, समय 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित है।

क्रम संख्याः 01, निविदा संख्याः ई-14-पुल या ब्रिजेस-बीजेडए-2025, कार्य विवरणः बीजेडए डिवीजनः एडीइएन/बीआर/नार्थ/बीजेडए क्षेत्राधिकार के तहत एसएसइ/बीआर/।/आरजेवाय तथा एसएसइ/बीआऱ/।।/आरजेवाय में विभिन्न स्टील ब्रिजेस या पुलों पर गाल्वनाइज्ड या जस्ती एच-बीम स्लीपर्स मात्रा 1646 नंबर्स सहित दरारयुक्त/जंग लगा हुवा स्टील चैनल स्लीपर्स का प्रतिस्थापन -टीबीएसआर कार्य। निविदा मूल्य रू.5,52,46,324/-, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.4,26,200/-, पूरा करने की अवधिः12 (बारह) महिने, बंद करने की तिथिः12-09-2025

क्रम संख्याः 02, निविदा संख्याः ई-15-पुल या ब्रिजेस-बीजेडए-2025, कार्य विवरणः बीजेडए डिवीजनः जीडीआर-बीजेडए सेक्शनः एडीइएन/बीआर/एस/बीजेडए क्षेत्राधिकार के तहत एसएसइ/बीआर/बीटीटीआर, एसएसइ/बीआऱ/।/बीजेडए तथा एसएसइ/बीआऱ/।।/बीजेडए सेक्शन्स में सेक्शनल ब्रिजेस का मेटलाइजेशन या धातुरूप करने का कार्य। निविदा मूल्य रू.2,47,31,900/-, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.2,73,700/-, पूरा करने की अवधिः12 (बारह) महिने, बंद करने की तिथिः16-09-2025

क्रम संख्याः 03, निविदा संख्याः ई-16-दक्षिण-बीजेडए-2025, कार्य विवरणः एसडब्ल्यू ।- एडीइएन/ओजीएल सब डिवीजन के एसएसइ/वर्क्स/ओजीएल सेक्शन में ओजीएल के पीएफ नं.4 एण्ड 5 पर तथा एसकेएम स्टेशनों पर पीएफ नं.3 पर सीओपी का प्रावधान। एसडब्ल्यू ।।-एसआर.डीइएन/दक्षिण/बीजेडए क्षेत्राधिकार के तहत एडीइएन/ओजीएल सब-डिवीजन के एसएसइ/ओजीएल सेक्शन में सीजेएम स्टेशन पर सीओपी का प्रावधान। निविदा मूल्य रू.9,39,06,808/-, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.6,19,500/-, पूरा करने की अवधिः12 (बारह) महिने, बंद करने की तिथिः15-09-2025

भावी निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि, तत्संबंधित किसी भी निविदा के, कोई भी परिवर्तन/शुध्दिपत्र को नोट करने हेतु निविदा बंद करने की तिथि से पहले वेबसाइटःwww.ireps.gov.in देखें।

रेल प्रशासन के पास कोई भी कारण न देते हुए किसी भी निविदा को निरस्त या कैंसल करने का अधिकार सुरक्षित है।

**विभागीय रेल प्रबंधक (कार्य), विजयवाडा**

**निविदा सूचना सं.बी-इ29टीआरडी-टीएनडीआर-21-2025-26 दि.22-08-2025**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यो हेतु आयआरइपीएस में निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा संख्याः बी-इ29-टीआरडी-टीएन-21-2025-26, कार्य विवरणःबीजेडए डिवीजन में सुरक्षा से संबंधित स्टोन पिचिंग या पत्थर की ढलाई, साइल फिल्लिंग या मिट्टी भरने के माध्यम से ओएचइ का मजबूतीकरण सहित ओएचइ/पीएसआय के लिए विश्वसनीयता का सुधार कार्य। अनुमानित मूल्यःरु. 3,92,72,933.09, बोली सुरक्षा (पूधरा) रू.3,46,400/-, पूरा करने की अवधिः 12 महिने, बंद करने की तिथि 12-09-2025 के 15.00 बजे

क्रम संख्या:1- निविदा प्रपत्र मूल्य रू.शून्य

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/टीआरडी/विजयवाडा**

**निविदा सूचना संख्याः 34/2025 दि.22-08-2025 भण्डारण मदों की आपूर्ति ई-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा सूचना**

निम्न निविदाएं आनलाइन में प्रदर्शित की गयी है। निविदाकारों से अनुरोध है कि, वेबसाइटः www.ireps.gov.in देखें एवं अपने आफर्स को आनलाइन में प्रस्तुत करें। तत्संबंधित वेबसाइट में निविदा कार्य विवरण, मात्रा, पूधरा, एसडी को देख सकते हैं। मैन्युअल रूप से प्रस्तुत आफर्स अमान्य हैं। डाक द्वारा प्रेषित प्रस्ताव या आफर्स पर विचार नही किया जायेगा। निविदा के निर्धारित तिथि की निविदा बंद करने का समय 14.30 बजे है। सभी विदेशी प्रस्तावों, पूधरा को आनलाइन सिस्टम के वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर उपलब्ध द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा।

| निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण |
|---|---|
| एलएन256715 | एरोसोल आधारित फायर डिटेक्शन एण्ड सिस्टम कार्ट्रीज की आपूर्ति व इंस्टाल्लेशन |
| 80251201 | एंटीवियर हैदराबाद ऑयल वीजी 68 |
| 66257449 | ट्रैक मशीनों हेतु एचएआरएससीओ मेक स्पेर्स की प्रोक्योरमेंट |
| 54245010बी | आयपी मल्टिमीडिया सबसिस्टम (आयएमएस) (साफ्टवेयर) |
| 29251049 | ट्रैक्शन बार हेतु हाउसिंग |
| 29251063 | 3पीएच.लोको के ई-70 ब्रेक सिस्टम के लिए ईपी रिले वाल्व हेतु किट व्यवस्था |
| 30251379 | कोचिंग स्टाक के लिए आयआरएस साइड बफ्फर केसिंग |
| 30251494ए | ब्रेक बीम कम्पलीट |
| 42251482 | 400ए.3पीएच, 750वी के जेडएस कपलिंग के लिए स्पेर्स किट |
| 75251037 | वी बेल्ट्स का सेट |
| 56255268 | एसएमपीएस आधारित एकीकृत ऊर्जा आपूर्ति (आयपीएस) |
| 33251600 | स्फेरो इलास्टिक रबर बेयरिंग |
| 76251017ए | मैन्युएल मेटल आर्क वेल्डिंग इलेक्ट्रोड्स साइज 4.00x450एमएम, क्लास ए2, आयआरएस एम, 28/2020 के अनुरूप कोटिंग मीडियम का प्रकार |
| 66256241ए | ट्रैक मशीनों के लिए ड्यूट्ज मेक स्पेयर्स की प्रोक्योरमेंट |
| 56251190 | लाल, हरा, पीला एसपेक्ट, मेन एलइडी सिग्नल |
| 33251188ए | इम्प्रूव्ड हाय टेन्साइल टाइट लाक |
| 38251388 | फ्रैबिकेट हैण्डब्रेक व्हील (साइड आपरेटेड) |

**टिप्पणीः** निविदा खोलने की निर्धारित तिथियां-क्रम सं.01 दि.2-9-2025, क्रम सं.02 से 05 दि.10-9-2025, क्रम सं.06 दि.11-9-2025, क्रम सं.07 से 09 दि.15-9-2025, क्रम सं.10 दि.16-9-2025, क्रम सं.11 दि.17-9-2025, क्रम सं.12 से 14 दि.22-9-2025, क्रम सं.15 दि.23-9-2025, क्रम सं.16 से 17 दि.29-9-2025

उपरोक्त विवरित निविदाओं के अलावा रू.50 लाख से अधिक मूल्य की अन्य निविदाएं उपलब्ध हैं।

अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त रेलवे वेबसाइट देखें।

**प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/सिकंदराबाद**

A1261

**निविदा नियम शर्ते/अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्सः https://www.ireps.gov.in अथवा www.scr.indianrailways.gov.in देखें।**


# उदासीनाचार्य जगद्गुरु श्री श्रीचन्द्र जयन्ती महोत्सव पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम



हैदराबाद, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री उदासीन सम्प्रदाय के आचार्य भगवान श्री श्रीचन्द्र जी की 531वीं जयन्ती महोत्सव का आयोजन सोमवार 1 सितंबर को श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन निर्वाण, पुरानापुल, हैदराबाद में किया जा रहा है। श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन निर्वाण, पुरानापुल के महंत योगी प्रशांतदास महराज ने बताया कि इस उपलक्ष्य में आचार्य श्री की विशेष पूजा-आरती समय 11 बजे विधि विधान से वैदिक विद्वानों द्वारा सम्पन्न होगी। उन्होंने लोगों ने अनुरोध है किया है कि इस श्रद्धा पर्व पर पधार कर पूज्य आचार्य श्री के चरण कमलों में अपनी आस्था के पुष्प अर्पित कर पुण्य एवं आशीर्वाद प्राप्त करें। महंत योगी प्रशांतदास महराज ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम में 30 अगस्त को मात्रापाठ प्रातः 11 बजे, 31 अगस्त को श्रीचन्द्र भगवान कीर्तन प्रातः 11 बजे से और 1 अगस्त को प्रातः 8-00 बजे श्रीचन्द्र भगवान अभिषेक पूजन, प्रातः 10-00 बजे ध्वजा साहिब एवं धूना साहिब जी का पूजन हवन, अरदास आरती तथा सायं 7-00 बजे से विशाल भण्डारा प्रसादी कार्यक्रम होगा।

## महावीर मानवता और नैतिकता की सर्वोच्च पहचान हैं

हैदराबाद, 24 अगस्त, (स्वतंत्र वार्ता)। पर्युषण पर्व आराधना के अन्तर्गत एग्जिबिशन ग्राउंड नुमाइश मैदान में छत्तीस कौम के हजारों श्रद्धालुओं ने रविवार को राष्ट्र-संत महोपाध्याय श्री ललितप्रभ सागर जी महाराज, दार्शनिक संत श्री चन्द्रप्रभ जी महाराज और डॉ. मुनि शांतिप्रिय सागर जी महाराज के सान्निध्य में भव्यातिभव्य महावीर जन्म वाचन महोत्सव मनाने का आनन्द उठाया। सभी ने महावीर भगवान की जय के जयकारे लगाते हुए उनके मनोहारी झूले को झुलाया। इस अवसर पर माता त्रिशला द्वारा देखे गए 14 स्वप्नों का अवतरण किया गया जिन्हें नाचते-झूमते हुए सबको दर्शन करवाया गया। राष्ट्रसंतों द्वारा महावीर जन्म का ऐसा विराट महोत्सव एग्जिबिशन ग्राउंड में मनाना सबके लिए यादगार बन गया। हैदराबाद में पहली बार ऐसा इतिहास बना जब सकल जैन समाज ने नुमाइश मैदान में विराट महावीर जन्म वाचन महोत्सव मनाने का आनंद लिया। 10000 से अधिक श्रद्धालुओं ने लिया प्रभु महावीर की प्रसादी का लाभ।

इस अवसर पर माता त्रिशला द्वारा देखे गए चौदह स्वप्न-शेर, हाथी, वृषभ, लक्ष्मी, पुष्पमाला, चन्द्र, सूर्य, ध्वज, कुम्भ, पद्म सरोवर, क्षीरसागर, देवविमान, रत्न राशि और अग्निशिखा को दर्शन करवाने का लाभ लिया। इस दौरान भगवान का पालना झुलाने का लाभ परिवार को मिला।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए संतश्री ललित प्रभ जी ने कहा कि भारत की धरती का यह सौभाग्य है कि यहां पर महावीर जैसे महापुरुषों ने जन्म लिया। महावीर ने व्यसन मुक्त, अहिंसक और स्वस्थ समाज की रचना की। वे भारतीयता, मानवता और नैतिकता की सर्वोच्च पहचान है। उनका जीवन और संदेश आज भी मानव समाज को प्रकाश की राह दिखा रहे हैं। जातिवाद, हिंसक युद्ध, यज्ञ में बलि, नारी अत्याचारों का विरोध कर महावीर ने उज्जवल भविष्य की नींव रखी। उनके अहिंसा, शांति, सहिष्णुता, संयम, नरमाई और भाईचारा जैसे सिद्धान्तों को अपनाकर हम परिवार-समाज और विश्व में स्वर्ग का निर्माण कर सकते हैं।

# रक्तदान शिविर में सौ से अधिक लोगों के किया रक्तदान




हैदराबाद, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। ओम् शांति प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हिमायत नगर शाखा की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को हिमायत नगर सेवा केंद्र पर हुआ है। इस शिविर का आयोजन हैप्पी क्लब फाउंडेशन के साथ किया गया था इसमें मुख्य अतिथि भ्राता योगेश राज श्रीवास्तव थे, इन्होंने 137 बार रक्तदान किया है। इसके साथ आदरणीय महालक्ष्मी हिमायतनगर की कॉरपोरेटर साथ में रमन गॉड, गड्डम श्रीनिवास यादव भी पधारे थे। हैप्पी क्लब फाउंडेशन के फाइंडिंग प्रेसिडेंट मधुसूदन अग्रवाल और फाइंडिंग सेक्रेटरी राम अग्रवाल कैंप में अपनी अपनी टीम के साथ पूरा सहयोग दिया आईपीएम नारायणगुड़ा के डॉक्टर व तकनीशियन आए थे रक्त शिविर का आयोजन सफलता से चला करीब 110 लोगों ने इसमें रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में व्यापारी, डॉक्टर, इंजीनियर यूथ बहुत उमंग उत्साह में भाग लिया। साथ में शांति राजयोग मेडिटेशन द्वारा सबको शांति का अनुभव कर वातावरण में शांति का भी दान किया गया। यह कार्यक्रम विशेष आदरणीय प्रकाशमणि दादी जी के 18वीं पुण्यतिथि पर आयोजित किया गया। दादी जी ने इस ऐश्वर्या विश्वविद्यालय का कारोबार 1969 से लेकर अगस्त 2007 तक संभाला था उनके मार्ग निर्देशन में इस विश्वविद्यालय की शाखाएं अनेक देशों में फैली है।



पारसीगुटा स्थित श्री आईमाताजी मंदिर में भादवा सुदी एकम् पर महिला मंडल द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष मोहनलाल हाम्बड़, सचिव नारायणलाल काग, कोषाध्यक्ष खंगारसिंह लचेटा, शिक्षा समिति अध्यक्ष लाबुराम पंवार, महिला मंडल अध्यक्षा सुशीला देवड़ा, उपाध्यक्षा इन्द्रादेवी आगलेचा, अनितादेवो चोयल, सचिव निर्मला देवड़ा, सहसचिव कविता सोलंकी, कोषाध्यक्षा नीलू लचेटा, सलाहकार मंजूदेवी सोलंकी, गवरीदेवी परिहार, मंच संचालक जसवन्त देवड़ा व समाज बन्धु।

# भट्टी ने सुधाकर रेड्डी की ईमानदारी और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता की प्रशंसा की



हैदराबाद, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने रविवार को हिमायत नगर स्थित पार्टी कार्यालय, मुकदुम भवन में भाकपा नेता सुरवरम सुधाकर रेड्डी के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि छात्र जीवन से लेकर अंतिम सांस तक, महान साथी सुरवरम सुधाकर रेड्डी ने मूल्यों के प्रति समर्पित जीवन जिया। उन्होंने कहा, दुखी मन से, मैं ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं।

भट्टी विक्रमार्क ने कहा, एआईएसएफ छात्र संगठन में सेवा करने से लेकर तीन बार भाकपा के राष्ट्रीय महासचिव चुने जाने तक, ऐसी उपलब्धियां केवल अपार समर्पण, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से ही संभव हैं। बहुत कम उम्र से ही, सुधाकर रेड्डी लोगों के जीवन में बदलाव लाने का सपना देखते थे। भाकपा में एक प्रमुख नेतृत्वकारी भूमिका निभाते हुए भी, वह सत्तारूढ़ दलों के नेताओं के साथ विचार-विमर्श करते थे और लोगों के कल्याण के लिए काम करते थे।

# मीनाक्षी नटराजन की यात्रा से पहले हिरासत में लिए गए बीआरएस नेता

### रामदुगु पुलिस थाने में कर दिया स्थानांतरित



करीमनगर, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। एआईसीसी तेलंगाना प्रभारी मीनाक्षी नटराजन की चोप्पादंडी निर्वाचन क्षेत्र में निर्धारित जनहित यात्रा से पहले रविवार को बीआरएस नेताओं को एहतियातन हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने सुबह कई विपक्षी पार्टी के नेताओं को हिरासत में लिया और उन्हें रामदुगु पुलिस थाने में स्थानांतरित कर दिया। राज्य सरकार और स्थानीय विधायक मेडिपल्ली सत्यम के खिलाफ नारे लगाते हुए बीआरएस नेताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार 'अवैध गिरफ्तारियों' का सहारा लेकर विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि गिरफ्तारी से डरने का कोई सवाल ही नहीं है और कहा कि किसान और जनता नटराजन की यात्रा का विरोध करने के लिए तैयार हैं। हिरासत में लिए गए लोगों में मार्केट कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ममिडी तिरुपति और पुदुरु मल्लेशम के साथ-साथ पूर्व सरपंच पंजाला जगनमोहन गौड़, करुणाकर, लाचैया, जुपाका मुनिंदर और अन्य शामिल हैं।



जामबाग पार्षद राकेश जयसवाल ने मारवाड़ी हिंदी विद्यालय, बेगम बाजार में जय श्री कृष्णा राधे राधे सेवा समिति नारायणगुड़ा द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण शर्मा, गजानंद चौधरी, राजेंदर यादव आदि उपस्थित थे। 100 से अधिक मरीजों का परीक्षण कर उपचार किया गया।

# केन्द्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने विभिन्न संगठनों की साथ की बैठक



हैदराबाद, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। केन्द्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने जनसंपर्क अभियान अंतर्गत बरकतपुरा स्थित बीजेपी कार्यालय में विभिन्न सामाजिक संगठनो के साथ बैठक कर मुद्दों पर चर्चा की।

केन्द्रीय कोयला, खान मंत्री तथा सिकंदराबाद के सांसद जी. किशन रेड्डी ने लव फॉर काऊ फाउंडेशन, जैन माईनोरिटी काउंसिल, श्री गुजराती प्रगती समाज हैदराबाद, श्री गुजराती सेवा मंडल, हैदराबाद सिकंदराबाद गुजराती ब्रह्म समाज, रानीगंज मर्चन्ट वेलफेर असोसियेशन, हरियाणा समाज, प्राणीमित्र रमेश जागीरदार मेमोरियल फाउंडेशन, हैदराबाद सिकंदराबाद महेश्वरी समाज आदि के सदस्यों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की गयी।

जिसमे विभिन्न विषयो पर चर्चा की गयी। बैठक मे पूर्व विधायक प्रेमसिंह राठौड, जसमत पटेल, रिद्धीश जागीरदार, सतीष अग्रवाल, घनश्याम पटेल, दिनेश गोसर, जनक ब्रह्मभट्ट, दिनेश लालगुरू, दिनेश निलकंठ, संजय भट्ट, मदनलाल अग्रवाल, रोशनलाल तायल, कमलेश जैन, गौतम जैन आदि सदस्यो ने भाग लिया।

लव फॉर काऊ फाउंडेशन चेयरमेन जसमत पटेल ने फाउंडेशन द्वारा चलायी जा रही गौमाता के लिए प्रतिदिन एक रुपए दान योजना की जानकारी दी एवं गौमाता को राष्ट्र माता के पद पर शुभोशीत कराने के संस्था के संकल्प पर भी ध्यान आकर्षित किया एवं सहयोग मांगा।

# मोइनाबाद डेयरी फार्म में व्यक्ति की हत्या

### पत्नी और उसका दोस्त फरार

हैदराबाद, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मोइनाबाद में शनिवार को एक व्यक्ति की उसकी पत्नी और उसके दोस्त ने कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, पीड़ित राकेश कुमार (24) की शादी कुछ साल पहले पूनम देवी (23) से हुई थी और वे दोनों बिहार के रहने वाले हैं। वे मोइनाबाद के अजीजनगर गांव में स्थित समा रूपेश नाम के व्यक्ति के डेयरी फार्म पर काम करने आए थे।

जुलाई में, रूपेश ने राकेश और उसकी पत्नी पूनम को डेयरी फार्म की देखभाल और उससे जुड़े कामों के लिए नियुक्त किया था। शुक्रवार शाम को, रूपेश हमेशा की तरह दूध लेने डेयरी फार्म गया था, तभी उसे राकेश का शव डेयरी फार्म के एक कोने में पड़ा मिला। पूनम गायब थी और उसका फ़ोन भी नहीं मिल रहा था।

मोइनाबाद थाने के इंस्पेक्टर जी पवन कुमार ने बताया, घटना से दो दिन पहले, महेश सानी उर्फ गुड्डू नाम का एक व्यक्ति डेयरी फार्म पर आया था और दंपति के साथ वहीं रुका था। हमें शक है कि गुड्डू और पूनम ने राकेश की हत्या कर दी होगी और फरार हो गए होंगे। मामला दर्ज कर लिया गया है और फरार पूनम और गुड्डू को पकड़ने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं।

स्वतंत्र वार्ता
Email : svaarttha2006@gmail.com svaarttha@rediffmail.com svaarttha2006@yahoo.com
Epaper : epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement : swadds1@gmail.com

# चेतेश्वर पुजारा क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से रिटायर

## दो साल से टीम से बाहर थे; सोशल मीडिया पर लिखा- हर अच्छी चीज का अंत होता है

नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। वह लंबे समय से भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चले रहे थे। अब उन्होंने सुनहरे करियर को अलविदा कह दिया है। भारतीय टीम में उनकी जगह कई युवा प्लेयर्स अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।



**पुजारा ने खुद दी संन्यास की जानकारी**

चेतेश्वर पुजारा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि भारतीय जर्सी पहनना, राष्ट्रगान गाना और हर बार मैदान पर कदम रखते ही पूरी कोशिश करना। इस सबका मतलब शब्दों में बयां करना नामुमकिन है। जैसा कहते हैं कि हर चीज का अंत होना ही होता है, तो मैं भारतीय क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने का फैसला किया है।

**पुजारा ने साल 2010 में टेस्ट में किया डेब्यू**

चेतेश्वर पुजारा ने भारतीय टेस्ट टीम के लिए साल 2010 में डेब्यू ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था। इसके बाद से अच्छे प्रदर्शन के दम पर वह भारतीय टीम का अभिन्न अंग बन गए। राहुल द्रविड़ के बाद उन्हें टेस्ट की दीवार बुलाया जाने लगा। उनके पास क्रीज पर टिकने की गजब काबिलियत मौजूद थी। उनकी तकनीक बहुत ही मजबूत थी और गेंदबाज उनके डिफेंस जल्दी से भेद नहीं पाते थे।

टेस्ट करियर में बनाए कुल 7195 रन

चेतेश्वर पुजारा ने साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में आखिरी मैच खेला था। इसके बाद से ही वह टीम से बाहर थे। उन्होंने अभी तक भारतीय टीम के लिए 103 टेस्ट मैचों में कुल 7195 रन बनाए, जिसमें उनके बल्ले से 19 शतक और 35 अर्धशतक शामिल रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने भारत के लिए 5 वनडे मैच भी खेले है, जिसमें उन्होंने कुल 51 रन बनाए।

**ऑस्ट्रेलिया में भारत को जिताई थी सीरीज**

भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी की धरती पर 2-1 से अपने नाम की थी। उसमें चेतेश्वर पुजारा ने भारतीय टीम को सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। तब उन्होंने दमदार बल्लेबाजी की थी और सीरीज में कुल 521 रन बनाए थे। अच्छे खेल के लिए उन्हें प्लेयर द सीरीज का अवॉर्ड मिला था।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-28 अगस्त तक फुटबॉल विवाद का समाधान निकालें

## नेशनल फेडरेशन और स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड के बीच राइट्स पर मतभेद

नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन और फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड से विवाद सुलझाने को कहा है। दोनों संस्थान के बीच मास्टर राइट्स एग्रीमेंट से जुड़ी समस्या चल रही है।

इसी वजह से इस सीजन इंडियन सुपर लीग अब तक नहीं खेली गई है। लीग के 11 क्लबों ने एआईएफएफ को लिखकर बताया है कि वे बंद होने की कगार पर हैं।

जस्टिस पी. एस. नरसिम्हा और जॉयमल्या बागची की बेंच ने शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई करते हुए एआईएफएफ और एफएसडीएल को निर्देश दिया कि वे आपस में चर्चा करें और 28 अगस्त (अगली सुनवाई की तारीख) तक कोई समाधान निकालें।

आईएसएल के 2025-26 सीजन को इसलिए रोका गया है क्योंकि ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन और आयोजनकर्ता कंपनी फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड के बीच मास्टर राइट्स एग्रीमेंट का नया एग्रीमेंट नहीं हुआ है।

### इससे आईएसएल रद्द हुआ




**2010 में 15 साल का एग्रीमेंट हुआ था**

एफएसडीएल और एआईएफएफ के बीच 15 साल का समझौता 2010 में हुआ था, जिसके तहत एफएसडीएल हर साल एआईएफएफ को 50 करोड़ रुपए देता है और बदले में उसे भारतीय फुटबॉल (आईएसएल और राष्ट्रीय टीम सहित) का प्रसारण, प्रबंधन और प्रचार का अधिकार मिला है।

**आईएसएल के रुकने पर 15 जुलाई को सुनील छेत्री ने पोस्ट किया था**

11 आईएसएल क्लबों ने एआईएफएफ को चेतावनी दी है कि अगर यह विवाद जल्द हल नहीं हुआ, तो वे पूरी तरह बंद होने की स्थिति में आ सकते हैं। क्लबों ने पिछले हफ्ते एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे को पत्र लिखकर कहा कि एमआरए (मास्टर राइट्स एग्रीमेंट) के नवीनीकरण न होने से पैदा हुआ संकट ने भारत में प्रोफेशनल फुटबॉल को लगभग बंद करा दिया है।

क्लबों ने लिखा, पिछले 11 वर्षों में लगातार निवेश और संयुक्त प्रयास से क्लबों ने युवा विकास प्रणाली, ट्रेनिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर और प्रोफेशनल टीमें बनाई हैं, जिससे भारतीय फुटबॉल की साख देश और विदेश दोनों जगह बढ़ी है।

उन्होंने आगे कहा, अब यह डेवलपमेंट गिरने के खतरे में है। मौजूदा रुकावट ने गंभीर नतीजे दिए हैं। संचालन ठप है और लीग के जारी रहने की कोई गारंटी नहीं है, ऐसे में कई क्लब पूरी तरह बंद होने की कगार पर हैं।

**आईएसएल के 11 क्लब कौन से हैं?**

इंडियन सुपर लीग में 11 क्लब- बेंगलुरु एफसी, हैदराबाद एफसी, ओडिशा एफसी, चेन्नईयिन एफसी, जमशेदपुर एफसी, एफसी गोवा, केरल ब्लास्टर्स एफसी, पंजाब एफसी, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी, मुंबई सिटी एफसी और मोहम्मडन स्पोर्टिंग। कोलकाता के दिग्गज क्लब मोहन बागान सुपर जाइंट और ईस्ट बंगाल भी आईएसएल खेलते हैं।

# दिग्गज खिलाड़ी मारिया शारापोवा टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल, ब्रायन बंधु भी सूची में

न्यूपोर्ट, 24 अगस्त (एजेंसियां)। अपने जमाने की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी मारिया शारापोवा तथा युगल में अपनी विशेष छाप छोड़ने वाले ब्रायन बंधु माइक और बॉब को अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। इस अवसर पर 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना विलियम्स भी उपस्थित थी। उन्होंने अपनी पूर्व प्रतिद्वंद्वी, पूर्व प्रशंसक और सहेली शारापोवा का परिचय कराया। सेरेना 2027 में टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल होने की पात्र होंगी।



सेरेना ने कहा, 'मेरे करियर में कुछ ही खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने मुझे हर बार कोर्ट पर उतरते ही सर्वश्रेष्ठ बनने की चुनौती दी। मारिया शारापोवा उनमें से एक थीं। जब भी मैंने ड्रॉ में अपने नाम के बगल में उनका नाम देखा, तो मैंने और कड़ा अभ्यास किया।' इस अवसर पर शारापोवा ने कहा, 'आपके आसपास किसी ऐसे खिलाड़ी का होना वरदान से कम नहीं है जो आपको चरम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करे। सेरेना ने मुझे हमेशा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करती हूं।'

विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचने वाली रूस की पहली महिला खिलाड़ी और करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाली दस महिला खिलाड़ियों में से एक शारापोवा को अमेरिका के जुड़वा भाईयों माइक और बॉब ब्रायन के साथ टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया।

इस मौके पर हॉल ऑफ फेमर्स मार्टिना नवरातिलोवा, जिम कूरियर, स्टेन स्मिथ और एंडी रॉडिक भी अपने नीले हॉल ऑफ फेम ब्लेजर पहने हुए दर्शकों में शामिल थे। शारापोवा और ब्रायन बंधुओं को एक कास्ट टेनिस रैकेट भी दिया गया, जो हॉल ऑफ़ फ़ेम की ओर से शामिल होने वालों के लिए नया उपहार है।

# 10 चौके-छक्के ठोक काइरन पोलार्ड ने शाहरुख खान की टीम को दिलाई दूसरी जीत

## टूर्नामेंट में ठोकी पहली फिफ्टी

खेल डेस्क, 24 अगस्त (एजेंसियां)। कैरेबियन प्रीमियर लीग (CPL) 2025 में बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की टीम ने दूसरी जीत दर्ज की है. टीम के ऑलराउंडर काइरन पोलार्ड की तेज अर्धशतक और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने सेंट लुसिया किंग्स पर 18 रनों से शानदार जीत दर्ज की. इस सीजन में नाइट राइडर्स की ये तीन मैचों में दूसरी जीत है और वो पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर मौजूद है. इससे पहले नाइट राइडर्स ने अपने पहले मुकाबले में सेंट किट्स और नेविस पैट्रियट्स को 12 रनों से हराया था. दूसरे मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा था.

काइरन पोलार्ड ने ठोकी फिफ्टी



CPL 2025 के 10वें मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 183 रन बनाए. टीम की ओर से दिग्गज ऑलराउंडर काइरन पोलार्ड ने सबसे ज्यादा रन बनाए. उन्होंने केवल 29 गेंदों में 4 चौके और 6 छक्कों की मदद से 65 रनों की तेज पारी खेली. पोलार्ड ने इस सीजन में पहला अर्धशतक लगाया है.

उनके अलावा सलामी बल्लेबाज कोलिन मुनरो ने 30 गेंदों में 5 चौके और 1 छक्का की मदद से 43 रन बनाए. कप्तान निकोलस पूरन ने 30 गेंदों में 1 चौका और 2 छक्कों की मदद से 34 रनों की पारी खेली. सेंट लुसिया किंग की ओर से कीऑन गैस्टन ने सबसे ज्यादा दो विकेट हासिल किए. ओशाने थॉमस, कप्तान डेविड विसे, रॉस्टन चेज और तबरेज शम्सी को एक-एक विकेट मिला. लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट लुसिया किंग्स की टीम अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाई.

अच्छी शुरुआत के बाद लड़खड़ाई सेंट लुसिया की टीम

184 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट लुसिया किंग्स की टीम ने अच्छी शुरुआत की. सलामी बल्लेबाज टिम साइफर्ट और जॉनसन चार्ल्स ने पहले विकेट के लिए 51 गेंदों में 74 रन जोड़ लिए. साइफर्ट के आउट होते ही टीम की पारी लड़खड़ा गई. साइफर्ट ने 24 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 35 रन बनाए.

जॉनसन चार्ल्स ने 37 गेंदों में 4 चौके और 3 छक्कों की मदद से 47 रनों की पारी खेली. डेलानो पोटगीटर ने 21 गेंदों में 24 रन बनाए. नाइट राइडर्स की ओर से आंद्रे रसेल और उस्मान तारिक ने दो-दो विकेट हासिल किए. मोहम्मद आमेर और अकील हुसैन को एक-एक विकेट मिला.

# साउथ अफ्रीका को मिली वनडे की सबसे बड़ी हार

## 431 रन बनाने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने सस्ते में समेटा

मेलबोर्न, 24 अगस्त (एजेंसियां)। साउथ अफ्रीका को अपने वनडे इतिहास की सबसे बड़ी हार झेलनी पड़ी है। ऑस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज में हारने के बाद आखिरी मुकाबले को 276 रनों से अपने नाम कर लिया। यह रनों से ऑस्ट्रेलिया की दूसरी सबसे बड़ी जीत है। मैके के ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पहले खेलते हुए 2 विकेट पर 431 रन ठोक दिए। जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम इतने बड़े स्कोर का प्रेशर नहीं झेल पाए। 25वें ओवर में टीम की पारी 155 रनों पर सिमट गई। हालांकि 3 मैचों की वनडे सीरीज को साउथ अफ्रीका ने 2-1 से अपने नाम किया।

**साउथ अफ्रीका की वनडे में रनों से सबसे बड़ी हार**

276 बनाम ऑस्ट्रेलिया, मैके (2025)
243 बनाम भारत, ईडन गार्डन्स (2023)
182 बनाम पाकिस्तान, ग्वाटेमाला (2002)
180 बनाम श्रीलंका, कोलंबो (2013)

**वनडे में ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी जीत का अंतर**



309 बनाम नीदरलैंड, दिल्ली, 2023
276 बनाम दक्षिण अफ्रीका, मैके, 2025
275 बनाम अफगानिस्तान, वाका, 2015
256 बनाम नामीबिया, पोटचेफस्ट्रूम, 2003

**ऑस्ट्रेलिया के तीन बल्लेबाजों का शतक**

ऑस्ट्रेलिया के लिए सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श ने पहले विकेट के लिए 250 रनों की साझेदारी की। दोनों ही बल्लेबाजों शतक ठोका। मार्श ने 106 गेंदों पर 6 चौके और 5 छक्कों की मदद से 100 रन बनाए। वहीं ट्रेविस हेड ने सिर्फ 103 गेंद पर 142 रनों की पारी खेली। हेड ने 17 चौकों के अलावा 5 छक्के मारे। तीसरे नंबर पर उतरे कैमरून ग्रीन ने सिर्फ 47 गेंद पर शतक लगाया। यह वनडे में ऑस्ट्रेलिया के किसी बल्लेबाज का दूसरा सबसे तेज शतक है। 8 छक्के और 6 चौकों की मदद से 55 गेंद पर ग्रीन ने 118 रनों की पारी खेली। एलेक्स कैरी ने नाबाद 50 रन बनाए।

**कूपर कोनोली ने 5 विकेट झटके**

साउथ अफ्रीका की शुरुआत खराब रही। एडेन मार्करम सिर्फ 2 रन बनाकर सीन एबॉट की गेंद पर आउट हो गए। दूसरे सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन 11 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान टेम्बा बावुमा 19 रन ही बना सके। साउथ अफ्रीका के लिए सबसे बड़ी पारी डेवाल्ड ब्रेविस ने सबसे ज्यादा 49 रन बनाए। उन्होंने 28 गेंद पर 2 चौके और 5 छक्के मारे। 24.5 ओवर में टीम की पारी सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया के लिए बाएं हाथ के स्पिनर कूपर कोनोली ने 22 रन देकर 5 विकेट लिए। जेवियर बार्टलेट और सीन एबॉट ने 2-2 विकेट लिए।

# साउथ अफ्रीका में होंगे वनडे वर्ल्डकप के 44 मैच

## नामीबिया-जिम्बाब्वे में 10 मुकाबले; सीएसए ने 8 शहरों का ऐलान किया

खेल डेस्क24 अगस्त (एजेंसियां)। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के 8 वैन्यू डिसाइड कर दिए हैं। इसके अनुसार, वर्ल्ड कप के 44 मुकाबले साउथ अफ्रीका के 8 शहरों में खेले जाएंगे, जबकि 10 मैचों का आयोजन नामीबिया-जिम्बाब्वे में होगा। साउथ अफ्रीका में होने वाले मुकाबले जोहान्सबर्ग, प्रिटोरिया, केप टाउन, डरबन, ग्केबरहा, ब्लोएमफोंटेन, ईस्ट लंदन और पार्ल में खेले जाएंगे।

सीएसए ने टूर्नामेंट के आयोजन के लिए एक स्थानीय कमेटी का गठन भी किया है। वनडे वर्ल्ड कप का पिछला खिताब ऑस्ट्रेलिया ने जीता था। कंगारू टीम ने 19 नवंबर 2023 में अहमदाबाद में खेले गए फाइनल मुकाबले में मेजबान भारत को 6 विकेट से हराया था।



**5 आईसीसी टूर्नामेंट होस्ट कर चुका है साउथ अफ्रीका**

साउथ अफ्रीका ने चैंपियंस ट्रॉफी 2009, पहला टी20 वर्ल्ड कप 2007 और 2003 में वनडे वर्ल्ड कप को होस्ट किया है। इसके अलावा, साउथ अफ्रीका ने दो महिला वर्ल्ड कप भी सफलतापूर्वक आयोजित किए हैं। 2005 का 50 ओवर वर्ल्ड कप और 2023 का टी20 वर्ल्ड कप, जिसमें प्रोटियाज टीम फाइनल तक पहुंची थी लेकिन ऑस्ट्रेलिया से हार गई थी।

सीएसए ने 2027 वर्ल्ड कप कमेटी बनाई है। साउथ अफ्रीका के पूर्व वित्त मंत्री ट्रेवर मैनुअल को 2027 क्रिकेट वर्ल्ड कप की लोकल ऑर्गनाइजिंग कमेटी का प्रमुख बनाया गया है। सीएसए के चेयरपर्सन पर्ल माफोशे ने कहा, सीएसए की सोच है कि हम एक ऐसा ग्लोबल और प्रेरणादायक इवेंट आयोजित करें, जो साउथ अफ्रीका की एकजुटता को दर्शाएगा।

**नामीबिया को जगह बनाने के लिए क्वालिफायर खेलना होगा**

साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे की टीम मेजबान के तौर पर पहले से ही टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं, हालांकि नामीबिया को जगह बनाने के लिए अफ्रीकी क्वालिफायर से गुजरना होगा। बाकी टीमें आईसीसी वनडे रैंकिंग से तय होंगी। टॉप 8 टीमें सीधे क्वालिफाई करेंगी, जबकि आखिरी 4 देश ग्लोबल क्वालिफायर से मिलेंगे।

टूर्नामेंट में 14 टीमें हिस्सा लेंगी टूर्नामेंट दो ग्रुप्स में खेला जाएगा, प्रत्येक ग्रुप में 7 टीमें होंगी। ग्रुप स्टेज में हर टीम अपने ग्रुप की बाकी सभी टीमों से मैच खेलेगी। हर ग्रुप की टॉप तीन टीमें सुपर सिक्स राउंड में जाएंगी। इसके बाद टॉप टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। आखिर में फाइनल के जरिए नए चैंपियन का फैसला होगा।

# डूरंड कप फुटबॉल-नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड लगातार दूसरी बार चैंपियन बना: *डायमंड हार्बर को 6-1 से हराया*

## 1.21 करोड़ रुपए ईनाम मिला




कोलकाता, 24 अगस्त (एजेंसियां)। नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड ने 137 साल पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट में डूरंड कप का खिताब जीत लिया है। टीम ने खेले गए फाइनल मुकाबले में डायमंड हार्बर को 6-1 से हराया। नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड पिछले सीजन में भी चैंपियन बनी थी।

कोलकाता के साल्टलेक स्टेडियम में डिफेंडिंग चैंपियन की ओर से 6 गोल आए, जबकि इस टूर्नामेंट में डेब्यू कर रही डायमंड हार्बर की टीम एक गोल ही कर सकी। नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड को रिकॉर्ड 1.21 करोड़ रुपए की ईनामी राशि मिली। जो एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट के 134 एडिशन में सबसे ज्यादा है।

**टूर्नामेंट में फाइनल की सबसे बड़ी जीत**

नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड की टीम ने डूरंड कप के इतिहास में फाइनल की सबसे बड़ी जीत हासिल की है। टीम ने मैच के पहले हाफ में ही 2 गोल की बढ़त हासिल कर ली थी। 30वें मिनट में अशीर अख्तर ने पहला गोल दागा, जबकि 46 वें मिनट में प्रतीब गोगोई के गोल से नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी 2-0 से आगे हो गया।

दूसरा हाफ शुरू होते ही (51वीं मिनट में) थोई सिंह ने एक और गोल कर अपनी टीम को 3-0 से आगे कर दिया। डायमंड हार्बर की ओर से एक मात्र गोल दूसरे हाफ के 60वें मिनट में लुका ने किया। फिर 80वें मिनट में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी जाइरो ने गोल कीपर को छकाते हुए शानदार गोल किया। इसके कुछ ही अंतर बाद 82वें मिनट में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी आंद्रेस जो ने एक और शानदार गोल करके टीम को 5-1 में पहुंचा दिया।

# विश्व तीरंदाजी युवा चैम्पियनशिप में तनीपर्थी चिकिथा ने जीता स्वर्ण पदक







पेद्दापल्ली, 24 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पेद्दापल्ली जिले के तीरंदाजी खिलाड़ी तनीपर्थी चिकिथा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने 19 से 26 अगस्त तक कनाडा में आयोजित विन्निपेग 2025 विश्व तीरंदाजी युवा चैम्पियनशिप में कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में पदक जीता। शनिवार रात फाइनल में, चिकिथा ने पार्क येरिन को 142-136 के स्कोर से हराकर व्यक्तिगत जूनियर विश्व खिताब जीता। इस जीत के साथ, वह जूनियर विश्व खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाज बन गईं। उनके परिवार और रिश्तेदारों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की। एलीगेडु मंडल के सुल्तानपुर निवासी चिकिथा पहले ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कई पदक जीत चुकी हैं।

# खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव: 10 स्वर्ण पदकों के साथ मध्य प्रदेश का दबदबा

श्रीनगर, 24 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश ने डल झील पर आयोजित खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव (केआईडब्ल्यूएसएफ) के शुरुआती सत्र में छह स्वर्ण पदक जीत कर अपना दबदबा कायम रखा। मध्य प्रदेश के नाम अब 10 स्वर्ण के साथ 18 पदक हो गए हैं। ओडिशा के जगतपुर स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र और अलप्पुझा स्थित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में प्रशिक्षण लेने वाले अपने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के दम पर ओडिशा और केरल क्रमशः 10 और सात पदकों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

ओडिशा ने चार स्वर्ण, पांच रजत और एक कांस्य पदक जीता जबकि केरल ने तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक जीते। मध्य प्रदेश के जल क्रीड़ा खिलाड़ियों के लिए यह एक और



शानदार दिन रहा क्योंकि उन्होंने कयाकिंग और कैनोइंग में छह और स्वर्ण पदक अपने नाम किए। शिखा चौहान, रीना सेन और पल्लवी जगताप की प्रसिद्ध तिकड़ी ने मध्य प्रदेश के लिए दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीते। इंदौर की शिखा ने कयाकिंग एकल स्लैलम में स्वर्ण पदक जीता, जबकि देवास की 12वीं कक्षा की छात्रा पल्लवी ने सी1 स्लैलम स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया।

मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने तीन रजत और पांच कांस्य पदक भी जीते। ओडिशा की रश्मिता साहू ने अंजोइबम सनातंबी देवी के साथ महिला सी2 500 मीटर स्प्रिंट पेयरिंग में पहले स्थान के साथ इस प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने वाले टोक्यो ओलंपियन अर्जुन लाल जाट को पुरुषों की 1000 मीटर सिंगल स्कल में ओडिशा के अविराज ने पछाड़ दिया। अविराज (3.37.54 सेकंड) ने कड़े मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता जबकि अर्जुन 3.28.68 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे।




# श्री रामदेव भक्त संगम

भाग्यनगर, हैदराबाद के तत्वावधान में

मुख्य अतिथि :

श्री प्रकाश गौड, विधायक, राजेन्द्रनगर
श्री टी. राजा सिंह, विधायक, गोशामहल
श्रीमती ए. रमा देवी, Executive Officer Endowment Department, Govt. of Telangana

भादवा सुदी दूज वि. सं. 2082

## आज सोमवार, 25 अगस्त 2025 रात्रि 9.01 बजे से

# श्री रामदेव जन्मोत्सव-2025

शुभ स्थल : श्री रामदेव कीर्तन संगम मंदिर ट्रस्ट, श्री रामदेवरा दरबार मंदिर, शिवरामपल्ली, हैदराबाद

Endowment Department, Govt. of Telangana (Executive Officer : A. Rama Devi)

फूलों की सजावट | बाबा का दरबार | साक्षात ज्योत | छप्पन भोग | चूरमा प्रसाद

LIVE facebook.com/sushilgopalbajaj
YouTube sushilgopaljibajaj



प्रमुख भजन गायक :

## सुशील गोपालजी बजाज

: उद्‌घाटनकर्ता:
श्री अमृतकुमार - श्रीमती मीनाक्षी जैन (सुप्रसिद्ध समाजसेवी)

: मुख्य यजमान :
श्री नरेंद्र कुमार - श्रीमती लीला गोयल (समाजसेवी)

सम्माननीय अतिथि

- श्री सांवरमल - श्रीमती पुष्पा अग्रवाल, Sawarmal Atin Agarwal, Hyderabad
- श्री रामवल्लभ (मामाजी) - श्रीमती नानी बाई भाटी, Dhanraj Ramvallabh, Begum Bazar
- श्री राजकुमार - श्रीमती बबिता कातेला, Vishal Jewellers, Bolarum
- श्री हीरालाल - श्रीमती लेहरी देवी चौधरी, Padmawati Fancy Centre, Siddiambar Bazar
- श्री मदनलाल - श्रीमती हिरादेवी कुमावत, Sri Ramdev Jewellers, Pathancheru
- श्री गोपाल - श्रीमती मंजू बल्दवा (समाजसेवी)
- श्री गौतम - श्रीमती सीमा सेहलोत, Shivraj Laxmichand Jain Jewellers, Somajiguda
- श्री सुशील - श्रीमती बीनादेवी लड्डा (समाजसेवी)
- श्री रतनलाल - श्रीमती मंजूला देवी नाहटा, VARDHMAN SAREE, Hyderabad
- श्री मनीष - श्रीमती कविता भाटी, Ramchand Roopchand Bhati, Begum Bazar
- श्री नितिन शर्मा, NS CONSTRUCTION
- श्री मेघराज कच्छवाहा, BHAWARLAL MEGHRAJ TRADING CO. Begum Bazar
- श्री कपिल देव पांडे, Sai Industries, Fathehnagar
- श्री श्याम बाहेती, Baheti Steel Traders LLP, Esamia Bazar, Hyd.
- श्री कमल काबरा (समाजसेवी)
- श्री भंवरलाल कोठारी, उद्योगपति
- श्री राजेश मालपानी, Rajesh Silk House, Charminar, Hyd.
- श्री संजय कुमार सोमानी, Vedant Enterprises, Siddiamber Bazar, Hyd.
- सीए रमेश कुमार माली, V.N. Purohit & Co. Chartered Accountants
- श्री प्रकाश लालवानी, DUBAI, UAE
- श्री सत्यनारायण बियाणी, K.S. BIYANI & COMPANY
- श्री ब्रिजगोपाल गग्गड, GANESHLALJI BALKISHANJI GAGAD
- श्री गौतम सेन, अध्यक्ष पूरबिया सेन समाज

पूजा यजमान : जय बाबा की, श्री चोथमल दिनेश कुमार बडाला, श्री बाबूलालजी शर्मा (श्री गणेश खारा, बेगम बाजार)

संगीत संयोजक : पार्थो मुखर्जी, नईम दिलशाद, फय्याज अहमद, प्रनापल (मिथुनदा), कन्हैयालाल गुज्जर, किशन

सहयोगी संस्था : श्री अखिल भारतीय बाबा रामदेव भक्त संगम, रामदेवरा, राजस्थान

दरबार पूजन : पं. ललित शर्मा

भक्तों के बैठने हेतु सुविधाजनक वॉटरप्रूफ पण्डाल एवं महिलाओं के लिए अलग से बैठने की सुविधा रहेगी।

विशेष आकर्षण: काकू बिंदास मारवाड़ी (हास्य कलाकार)

कार्यक्रम सहयोगी : मोतीलाल अग्रवाल, राजेश भाई - किशन साउण्ड, जी 7 (सेक्युरीटी), अमित लड्डा (गग्गु भाई), अश्विन लड्डा (स्वागत सप्लाईंग कंपनी), विजय विडियो, कमल किशोर शर्मा JK PHOTOGRAPHY

संपर्क सूत्र : रामदेव लड्डा- 9000777011 | अशोक कुमार भूतड़ा - 9394732036 | पंकज अग्रवाल - 9849172596 | गौतम जैन - 7330836150 | सुरेशचन्द साँखला - 9246368448

विशेष आकर्षण : कोलकत्ता की सांस्कृतिक कलात्मक संस्थान द्वारा नृत्य एवं झांकियां

बाबा के श्री चरणों में समर्पित:

नन्दकिशोर बजाज, हरिनिवास अट्टल, अशोक कुमार भूतड़ा, ओमप्रकाश बंग, वेणुगोपाल बल्दवा, गौतम खिंवसरा (जैन), राजेन्दर बोहरा, मूलचंद जैन, रामदेव लड्डा, नितिन अग्रवाल, ताराचन्द साँखला, सुरेशचन्द साँखला, पंकज अग्रवाल, अमरचंद गोयल, तरुण अग्रवाल, महेश कुमार ताजपुरिया, श्रवण कुमार दधिच, गणेश भूतड़ा, संजय अग्रवाल, नितेश जैन, सोहन सुराणा, चेतन मारु, केशव कच्छवाहा, देवीलाल शर्मा, निर्मल सेन, अनुराग सारड़ा

सभी भक्त एवं नगर की सभी धार्मिक संस्थाएँ सादर आमंत्रित हैं। जय बाबा की

भंडारा सहयोगी : श्री रामदेव बाबा भक्त मंडल, काटेदान - 8328342271

होशियार सिंह गडवाल, धर्मेंद्र चौधरी, हेमराज रॉयल, रतनलाल शर्मा, राजु कुमावत, श्रीचंद स्वामी

छप्पन भोग
Amit Agarwal 98491 16369 | Sumit Agarwal 98852 59685
Agra Sweets BANJARA SINCE 1981
Sunil Pawar - 92463 34747, SRI BALAJI BAJRANG MITHAI BHANDAR, Narayanguda, Hyd.
Rajesh Dadu - 98490 05808
Marwadi, Rajbhavan Road, Somajiguda Ph. 8801821115
BALAJI SURESH KUMAR MITHAI BHANDAR, ALWAL
HARSH BHATI SWEET BASKET, GACHIBOWLI 9381014399 | SRI NAGAR COLONY 9391534399 | KOTHAPET SBI COLONY 9281414399

ड्राई फ्रूट भोग
KASHMIR HOUSE, 15-7-353, BEGUM BAZAR, HYD. DRY FRUITS & KIRANA MERCHANT

Ollvin WIRES & CABLES Ph.75 75 93 76 76
STANJO

TRIP TONIC
DIL TOH ROAMING HAI
Holidays . Hotels . Air Tickets . Visas
Sachin - 9000000090

विशेष भंडारा सहयोगी
श्री बाबा रामदेव भक्त मंडल, काटेदान
699/2025 (पंजीकृत)
फोन : 9849043371

- RAJENDER DARAK, POOJA PLASTIC, MAHESHWARAM PH. 9849253305
- RAMA DHANI KHAMMA GHANI SEVA SAMITI, ATTAPUR PH. 9908304318
- MAHESHWARI ENTERPRISES, MAHESHWARI CABLE HOUSE, HABIB NAGAR, HYD.
- MAHALAXMI TRADERS, Miyakunta Warsiguda, Sec'bad, Ph.9032223475
- रेवंतमलजी मुकेश कुमारजी चौरडिया, बरकतपूरा
- RAMPRASADJI GOPALJI BAJAJ, SHIVRAMPALLY PH. 9246181141
- BHAGATJI SAI JEWELLERS, LINGAMPALLY. PH. 9391023999
- SARDARMAL PANWAR - 98497 23701, B. SARDARMAL & CO., DRY FRUIT & KIRANA MERCHANT, BEGUM BAZAR, HYD.
- Chaturbhuj Chandak Jewellers, KHAIRATABAD, PH. 92486 58250, 90321 96310
- Rahul Agarwal, BABULAL SUBHASHCHAND AGARWAL, Attapur Ph. 9849974657
- Rajender Bohra - 9347201962, M. SHERMAL JAIN JEWELLERS, Pot Market, Sec'bad.
- BABULAL SURESHCHANDRA AGARWAL, ATTAPUR PH. 9849974657
- KAVITA KI MUMMY, VIDYA MAHESH KUMAR DABBI PARIWAR, JIYAGUDA, HYD. 7989178566
- RAMNIVAS ANAND JHAVER, SOMAJIGUDA. Ph. 9246181151
- MANGILALJI VINODJI AKSHAY BAMBOLI, SECUNDERABAD. PH. 9908604647
- VANE SINGH RATHOD (RANGOLI MEHANDI), NIMBOLI ADDA, HYD.
- M. RAMDEV TRADERS, BALANAGAR PH. 8978156621
- VIJAYRAJ MAHAVEERCHAND ALIZAR, SECUNDERABAD
- VISHNU OJHA - 92900 44329, SRI NARMADA TRADING COMPANY, DRY FRUIT & KIRANA MERCHANT, BEGUM BAZAR, HYD.
- SUDHAKAR GANDHE, KARMANGHAT PH. 9393664890
- SANKHLA SALES, SURESH TRADERS, Authorized Super Stockist : EID PARRY (INDIA) LTD., KUKATPALLY PH. 9246368448
- T R ELECTRONICS, FEELKHANA PH. 9966374090
- RAMDEV SPARE PARTS, FEELKHANA PH. 8985040093
- RAJKAMAL HARDWARE, AGHAPURA PH. 9502235808
- RAJDHANI MARKETING, AGHAPURA PH. 9160423285
- R C COLLECTION, GUJRATI GALI PH. 8885822245
- NAVKAR GROUP, SECUNDERABAD
- BALAJI SATYANARAYAN, WHOLESALE KHOPRA & KIRANA MERCHANT, BEGUM BAZAR PH. 9848030462
- VINOD TRADING CO., BEGUM BAZAR PH. 9290964128
- SRI LAXMI ENTERPRISES, FEELKHANA, HYDERABAD
- BALAJI PREMRAJ, BEGUM BAZAR PH. 9347010162
- PAYAL TRADERS, BEGUM BAZAR PH. 9849031287
- SURENDER & COMPANY, BEGUM BAZAR
- PANWAR BROTHERS, BEGUM BAZAR PH. 9000551777
- RAMSANEHI BHANDAR, BEGUM BAZAR PH. 9949011433
- SRI BALAJI MANOJKUMAR, BEGUM BAZAR PH. 9394616760
- V. K. TRADERS, BEGUM BAZAR PH. 9246371891
- KAILASH MANTRI, Nutsmash, NUTSMASH DRY FRUITS & MORE
- BALAJI RAMDHAN, NIZAMPET PH. 8978029205
- MEGHRAJ & SONS, BEGUM BAZAR PH. 8686749223
- HASTIMALJI SURANA, D.V. COLONY, SEC'BAD
- MALLARAMJI TAILOR, BJR COLONY PH. 9392825756
- MUKESH AGARWAL, SRI COMPANY, BEGUM BAZAR PH. 9849014152
- HUKMICHAND & BROTHERS, BEGUM BAZAR PH. 9391005986
- GOKULCHANDJI SRIVALLABHJI BHATTAD, SECUNDERABAD PH. 9948609991
- KEWALRAMJI NAVRANGLALJI SINGHANIYA, MIRALAMANDI PH. 9247552129
- LAXMICHAND ASHOK KUMAR RAHUL KUMAR KHIWSARA, MALAKUNTA PH. 9391033090
- GOGA PRODUCTS, JEEDIMETLA PH. 9493106819
- JAGDAMBA INDUSTRIES, JEEDIMETLA PH. 9949292894
- PAVAN PRODUCTS, JEEDIMETLA PH. 9246808018
- MADANLAL PRAJAPATI, KRISHNA KIRANA & GENERAL, MIYAPUR PH. 9989701339
- BALAJI SURESH KUMAR, HYDERNAGAR PH. 9959968385
- SANGEETA GENERAL AGENCY, BEGUM BAZAR PH. 9700471189
- ANANDRAJ PRAVEEN KUMAR SOHAN SURANA, LAL BAZAR, SECUNDERABAD
- DEEPARAM CHOWDHARY, KAWADIGUDA, HYDERABAD
- RAMAPEER HARDWARE, SEETARAM BAGH PH. 9848748064
- RAMDEV GLASS PLYWOOD & HARDWARE, HAFEEZPET PH. 8142956161
- MAJISA COLLECTION, GUJRATI GALI PH. 8555021747
- SRI SALASAR CORPORATION, BELA CHANDULAL PH. 9391169694
- BALAJI BABULAL MITHAI BHANDAR, CHURCH COMPLEX, SEC'BAD PH. 9849162715
- RAMDEV ELECTRONICS & HARDWARE, RAMDEV PLAZA, KPHB PH. 9949151303
- SHREE BALAJI SATYANARAYAN KIRANA & GENERAL, MASJEED BANDA, HYD. PH. 7737481533
- SRI ANNAPURNA KIRANA STORE, ENGINEER ENCLAVE, CHANDANAGAR PH. 9394843104
- SRI BALAJI MITHAI BHANDAR, MYLARGADDA SEC'BAD PH. 9885077871
- BALAJI RAMDHAN, NIZAMPET PH. 8978029205
- RAMDEV MANGILAL, BEGUM BAZAR PH. 9290131770
- SRI PLASTIC INDUSTRIES, BEGUM BAZAR, PH. 9877537731
- GANGARAMJI GOVARDHAN RATHI, NAGARKHANA, HYDERABAD
- RAJPUT TOY WORLD, FEELKHANA PH. 9642624272
- SHRI BHARTI AGENCIES, AGHAPURA PH. 9014546012
- SATYAM TRADING COMPANY, AGHAPURA PH. 9490232678
- GOURAV HARDWARE, AGHAPURA PH. 9440611629
- DEVASI HARDWARE, AGHAPURA PH. 9581565700
- GAYATRI HARDWARE & TOOLS, AGHAPURA PH. 9052206133
- KRISHNA HARDWARE, MAHBOOBA BAD PH. 9866733131
- PARMESHWARI GIFT & NOVELTIES, BEGUM BAZAR PH. 9966899701
- DEVASI STEEL HOUSE, FEELKHANA PH. 9440776136
- RAJ HARDWARE, AGHAPURA PH. 9394787088
- NIMIT PACKERS, KATEDAN PH. 9849012311
- MANGILALJI PRAJAPATI, JAGATGIRIGUTTA PH. 9490080145
- NATHMAL SEETARAM PAWAR, BEGUM BAZAR PH. 9391042034
- RAJESHWARI COMPANY, BEGUM BAZAR PH. 9346131089
- MAA DURGA ENTERPRISES, FEELKHANA PH. 9703349801
- RAJKAMAL TRADINGS, GOSHAMAHAL PH. 9441339733
- PERFECT BAG WORLD, FEELKHANA PH. 9490567560
- RAMA HARDWARE, AGHAPURA PH. 8019806561
- RAVI HARDWARE, GOSHAMAHAL PH. 9052558846
- RAMAPEER TRADING, SITARAMBAGH PH. 8121992062
- POWERLEX ELECTRICLAS, KUKATPALLY PRASHANTINAGAR PH. 9391378118
- DEV INDUSTRIES, KUKATPALLY PRASHANTINAGAR PH. 9440959340
- SUNDER INDUSTRY, KUKATPALLY PRASHANTINAGAR PH. 9000041598
- RAJARAM HARKARAM BHATI, BEGUM BAZAR PH. 9849318208
- VIJAY MORE, SECUNDERABAD PH. 9246549910
- MOHANLAL CHUNNILAL, OSMANGUNJ PH. 9849807527
- SRI SHANKAR KIRANA & GENERAL STORE, ADARSHNAGAR, LINGAMPALLY PH. 9347394433
- KRISHNA MITHAI GHAR, SAINIKPURI, SEC'BAD PH. 7416709335
- JAI BHAVANI JEWELLERS, KUKATPALLY PH. 9000349528
- SRI GOGA ENTERPRISES, JEEDIMETLA PH. 9946746068
- RAJWADI, JEEDIMETLA PH. 9985179702
- PRABHAT INDUSTRIES, JEEDIMETLA PH. 9442560884
- HI-TECH INDUSTRIES, KUKATPALLY PH. 9866754117
- AMAN TRADING COMPANY, BEGUM BAZAR PH. 9391668201
- GANGA KIRANA, BEGUM BAZAR PH. 8096969008
- KANHAIYALAL & COMPANY, BEGUM BAZAR PH. 9849076977
- HANUMAN PLATIC, KAPRA, ECIL
- BALAJI JEETMAL, BEGUM BAZAR PH. 9963880410
- JAWARILAL BAJRANGLAL, BEGUM BAZAR PH. 9849358900
- PAYAL HOME APPLIANCES, FEELKHANA PH. 9490781997
- JAI BHAWANI AGENCIES, BEGUM BAZAR PH. 9246502584
- SRINIVAS SATYANARAYAN BHATI, BEGUM BAZAR PH. 9000300077
- RAMKUMAR RAMDEV BHATI, BEGUM BAZAR PH. 9391030894
- BHIVRAJ HUKMICHAND, BHAVANI MARKET, BEGUM BAZAR
- BHIVRAJ HUKMICHAND, BHAVANI MARKET, BEGUM BAZAR
- AVTAR TRADING CO., BEGUM BAZAR PH. 9849021160
- RAMDEV IMITATION JEWELLERS, SIDDIAMBAR BAZAR PH. 9676889122
- SARDARMAL DHANRAJ, BEGUM BAZAR PH. 9396520401
- GAJANAND GUPTA, ATTAPUR, HYDERABAD
- RAJKUMAR AGARWAL, ERRAGADDA
- RAMDEV TRADERS, FEELKHANA
- BHAWANI TRADING COMPANY, BEGUM BAZAR PH. 9680250466
- SRI BALAJI HUKMICHAND SWEET HOUSE, PATHANCHERU PH. 8019346625
- NEW OM KIRANA & GENERAL STORE, DILSUKHNAGAR PH. 9849337667
- BALAJI RAMJEEVAN, FATEHNAGAR PH. 9553314249
- MAHAVEER BATH SOLUTIONS, RAMDEV PLAZA, HITECH CITY PH. 9441892333
- KAMALA KIRANA & GENERAL STORE, H.K. NIVAS, SUCHITRA, JIDIMETLA PH. 9290711228
- OM VISHNU JEWELLERS, SIDDIAMBAR BAZAR PH. 9440738801
- VIMAL PANWAR, TADBAN, SECUNDERABAD
- ADINATH ANMOL ELECTRICALS, AMEERPET, HYDERABAD
- SURESH PANWAR, SANAT NAGAR, HYDERABAD

ANAB, NVT QC, FINECAB WIRES AND CABLES, Your Reliable Connect To Power, ISI, ISO 9001 Certified, ISO 14001 Certified, CE, RoHS compliant, FIA TAC, Success Through Total Quality Management, Our Products Used In

समस्त जैन समाज को पर्व धीराज पर्वपर्युषण मिच्छामी दुक्कडम

सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
ब्रिगेट रोड नं 7, बंजारा हिल्स, हैदराबाद, मोबाईल 9000366660

GB GOPAL BALDAWA GROUP

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.